उज्जैन
मंगलवार
16
दिसम्बर, 2025
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-44
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



एक्ट्रेस श्रेया कालरा के वीडियो पर आए भद्दे कमेंट्स भड़कते हुए कहा- किरदार पर सवाल उठाने, गाली देने का हक कैसे मिला, बॉयफ्रेंड ने भी चुप्पी तोड़ी

पेज- 8

## लैंड पुलिंग मामले में अब किसानों को

# उज्जैन उत्तर विधायक का समर्थन मिला

### विधायक बोले - जनता ने ही उन्हें जनप्रतिनिधि चुना है, जनता और किसानों के हित में खड़ा रहना उनका कर्तव्य है

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सिंहस्थ क्षेत्र लैंड पुलिंग योजना के विरोध में 26 दिसंबर से महाधरना देने जा रहे किसानों को अब सिंहस्थ के मुख्य आयोजन उज्जैन उत्तर क्षेत्र के विधायक अनिल जैन कालूहेडा का समर्थन भी मिल गया है। विधायक कालूहेड़ा ने इसे लेकर मुख्यमंत्री को खुला पत्र दिया है और मीडिया के समक्ष अपनी बात भी रखी है।

उज्जैन उत्तर से भाजपा विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा ने लैंड पुलिंग (भूमि समेकन) के मुद्दे पर सरकार और संगठन के रुख के बीच किसानों के साथ खड़े रहने का स्पष्ट संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि सरकारें जनता बनाती है और जनता ने ही उन्हें जनप्रतिनिधि चुना है, इसलिए जनता और किसानों के हित में खड़ा रहना उनका कर्तव्य है। विधायक कालूखेड़ा ने बताया कि सरकार और संगठन के निर्देशों के बावजूद वे लगातार विधानसभा के भीतर और बाहर लैंड पुलिंग के विरोध में खड़े रहे। उन्होंने कहा कि हाल ही में मुख्यमंत्री निवास पर हुई बैठक में लैंड पुलिंग को वापस लेने का निर्णय हुआ था। इसके बाद किसानों द्वारा निकाली गई उत्सव रैली में भी वे शामिल हुए और मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया गया कि लैंड पुलिंग वापस ले ली गई है। हालांकि, बाद में प्रेस, प्रशासन और किसान संघ के माध्यम से यह जानकारी

**विधायक कालूहेड़ा ने मुख्यमंत्री को खुला पत्र दिया है और मीडिया के समक्ष अपनी बात भी रखी**



सामने आई कि लैंड पुलिंग पूरी तरह वापस नहीं हुई है, बल्कि कुछ धाराएं समाप्त कर इसे दोबारा लागू किया जा रहा है। इसी कारण किसान संघ ने 26 तारीख को आंदोलन की घोषणा की है। विधायक ने कहा कि ऐसी स्थिति में वे विवश होकर किसानों और जनता के हित में इस आंदोलन में शामिल होंगे।

**चुनाव वादे का उल्लेख-** विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा ने अपने चुनावी वादे का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान पीपलीनाका क्षेत्र में आयोजित आमसभा में उन्होंने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के सामने यह वादा किया था कि मकान मंदिर स्वरूप होते हैं और इन्हें तोड़ा नहीं जाना चाहिए। सिंहस्थ क्षेत्र में लगभग एक लाख की आबादी बस चुकी है, इसलिए इस क्षेत्र को डी-नोटिफाई कर आवासीय उपयोग में लाया जाए और लोगों को सिंहस्थ के प्रतिबंधों से मुक्त किया जाए। इसी वादे के आधार पर जनता ने उन्हें 27हजार 500 वोटों से विजयी बनाया।

**सिंहस्थ वैभव की बात-** साथ ही सिंहस्थ क्षेत्र को उसके पूर्व वैभव में लौटाया जाए। उजड़खेड़ा, लाल पुल, बड़नगर रोड, रातड़िया रोड सहित जितनी भी डामरीकृत सड़कें बनी हुई हैं, उनका चौड़ीकरण किया जाए। नदी के समानांतर 100 फीट चौड़ी सड़क का निर्माण किया जाए। विधायक ने कहा कि सिंहस्थ क्षेत्र में किसान, मजदूर और सभी वर्गों के लोग मिलकर शांतिपूर्वक और हर्षोल्लास के साथ पर्व मनाते आए हैं और आगे भी मनाते रहेंगे।

**मुखालफत नहीं सही निर्णय की मांग-** विधायक कालूखेड़ा ने मीडिया को दिए अपने बयान में स्पष्ट किया कि यह उनके सरकार के खिलाफ होने का विषय नहीं है, बल्कि सरकार से किसानों के पक्ष में सही निर्णय लेने की मांग है। उन्होंने कहा कि यदि लैंड पुलिंग वापस लेने का निर्णय हो चुका है, तो किसान संघ आंदोलन क्यों कर रहा है, यह सवाल स्वयं खड़ा होता है। जब तक किसानों की शंकाओं का समाधान नहीं होता, तब तक उनका साथ देना उनकी अंतरात्मा की आवाज है।

## किसान जमे एमपीआरडीसी कार्यालय के समक्ष, घंटों धरना



उज्जैन-जावरा प्रस्तावित एक्ससे कंट्रोल के विरोध में सोमवार को प्रभावित हो रहे किसानों ने एक बार फिर से मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम कार्यालय पर धरना किया है। पूर्वाह्न से देर शाम तक यह धरना चलता रहा। समाचार लिखे जाने तक करीब 300 से अधिक किसान धरना पर बैठे थे अधिकारी उन्हें संतुष्टिकारक जवाब नहीं दे पा रहे थे। किसान संतुष्टिकारक जवाब मांग रहे थे। उज्जैन-जावरा एक्ससे कंट्रोल रोड के निर्माण के लिए उज्जैन जिले के उज्जैन, घट्टिया, नागदा, खाचरौद तहसील एवं रतलाम जिले के जावरा तहसील के करीब 2500 किसानों की कुल करीब 2700 बीघा जमीन अधिग्रहण की जा रही है। इसमें धारा 21 के तहत कार्रवाई हो चुकी है।98 किलोमीटर का यह मार्ग निर्माण किया जाना है। दोनों जिलों की 5 तहसीलों के कुल 62 गांव इससे प्रभावित हो रहे हैं। आंदोलनकारी किसान नेता राहुल सिंह राजपूत के अनुसार इस एक्ससे कंट्रोल मार्ग का निर्माण जिस किसान की जमीन पर किया जा रहा है उसे कोई लाभ ही नहीं है। हमारी मांग है कि एक्सेस कंट्रोल की बजाय नार्मल हाईवे बनाया जाए जिसका लाभ क्षेत्रीय किसानों को भी हो। इसके साथ ही जमीन अधिग्रहण पर बाजार मूल्य से मुआवजा दिया जाए। धरने के लिए पूर्व से ही किसानों ने घोषणा कर रखी थी जिस पर अमल करते हुए पांचों तहसील के किसान यहां पहुंचे और दोपहर पूर्व से ही कार्यालय के समक्ष जमकर धरना दिया। किसान नेताओं का आरोप था कि इस बीच अधिकारियों ने जो भी चर्चा की मात्र दिलासा देने की रही।

**कुल 62 गांव की 2700 बीघा जमीन-** किसान नेता राहुलसिंह के अनुसार एक्सेस कंट्रोल मार्ग के लिए उज्जैन जिले की 4 तहसीलों के करीब 45 से अधिक गांव की जमीन अधिगृहण की जा रही है। रतलाम जिले की जावरा तहसील के करीब 17 गांव की जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है। कुल 2700 बीघा जमीन में से 2200 बीघा जमीन उज्जैन जिले की चार तहसीलों के अंतर्गत आ रहे गांवों की इसमें है। शेष जमीन जावरा तहसील के गांवों की है।

## मथुरा में 7 बसें, 3 कारें टकराईं, 4 जिंदा जले

### 66 को अस्पताल भेजा, यमुना एक्सप्रेस-वे पर कोहरे के चलते हादसा

ब्रह्मास्त्र ›› मथुरा

मथुरा में यमुना एक्सप्रेस-वे पर कोहरे के चलते 7 बसें और 3 कारें भिड़ गईं। टक्कर होते ही गाड़ियों में आग लग गई। 4 लोगों की जलकर मौत हो गई। मरने वालों का आंकड़ा और भी बढ़ सकता है। एक युवक ने बताया कि उसने बस से 8-9 लाशें निकाली हैं।

हादसे में अब तक 66 लोगों के घायल होने की सूचना है। हालांकि, एक चश्मदीद ने बताया कि 20 एम्बुलेंस से 150 लोगों को अस्पताल भेजा गया है। डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि



हादसा थाना बलदेव क्षेत्र में माइलस्टोन 127 पर हुआ। पुलिस, फायर ब्रिगेड और एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू चला रही है। हाईवे से मलबा हटाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि एक्सप्रेस-वे पर घना कोहरा था। अचानक एक बस ने रफ्तार धीमी की।

## कांग्रेस अध्यक्ष मांगीलाल फौजी का एक्सीडेंट

ब्रह्मास्त्र ›› श्योपुर

श्योपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मांगीलाल फौजी अपने साथियों के साथ नई दिल्ली में आयोजित वोट चोर-गद्दी छोड़ो रैली से लौटते समय अलवर (राजस्थान) में एक सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इस दुर्घटना की सूचना राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को दी। सूचना मिलते ही डोटासरा तत्काल एसमएस अस्पताल पहुँचे, जहाँ उन्होंने घायलों की कुशलक्षेम जानी और उपचार की व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

## सिंगरौली जिले में अडानी समूह को खनन के लिए

# सुलियारी और धिरौली ब्लॉक आवंटित किए

ब्रह्मास्त्र ›› सिंगरौली

मध्यप्रदेश के सिंगरौली ज़िले में अडानी समूह को खनन के लिए सुलियारी और धिरौली ब्लॉक आवंटित किए गए हैं, जहाँ बिना सभी आवश्यक अनुमतियाँ प्राप्त किए बड़े पैमाने पर मनमाने ढंग से पेड़ों की कटाई की जा रही है। इस क्षेत्र में लगभग दो हजार पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। जो लोग



वहाँ कई वर्षों से निवास कर रहे हैं, उन्हें बिना किसी निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए तथा बिना राहत एवं पुनर्वास की कोई ठोस योजना बनाए विस्थापित किया जा रहा है।

इस कटाई और विस्थापन की वास्तविक स्थिति जानने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा एक तथ्य-अन्वेषण समिति का गठन किया गया। समिति ने सिंगरौली पहुंचकर पीड़ितों से संवाद किया और वस्तुस्थिति पर आधारित अपनी रिपोर्ट दिल्ली में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी को सौपी।

## तमिलनाडु की चुनावी बिसात पर बीजेपी का नया दांव, पीयूष गोयल को सौंपी कमान



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने आने वाले विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए संगठनात्मक स्तर पर एक अहम राजनीतिक कदम उठाया है। पार्टी ने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को तमिलनाडु चुनाव का प्रभारी नियुक्त किया है, जबकि लोकसभा सांसद बैजयंत पांडा को असम में पार्टी के चुनावी अभियान की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह फैसला ऐसे समय में आया है जब दक्षिण भारत में बीजेपी अपनी राजनीतिक जमीन को मजबूत करने की लगातार कोशिशों में जुटी है और उत्तर-पूर्व में अपनी पकड़ को बनाए रखने की रणनीति पर काम कर रही है।

## दिल्ली- एक्यूआई अधिकतम 500 के लेवल पर, 228 उड़ानें कैंसिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में जहरीले स्मॉग की परत छाई रही। एयर क्वॉलिटी इंडेक्स गंभीर श्रेणी में पहुंच गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार दिल्ली के 40 में से 27 निगरानी केंद्रों पर हवा सीवियर कैटेगरी में दर्ज की गई। वजीरपुर में एक्यूआई 500 तक पहुंच गया, जो अधिकतम सीमा है। सीपीसीबी के मुताबिक 500 से ऊपर एक्यूआई दर्ज नहीं किया जाता। घनी धुंध के कारण दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर फ्लाइट ऑपरेशन प्रभावित रहा। सोमवार को दिल्ली एयरपोर्ट से कई एयरलाइंस ने 228 फ्लाइट्स कैंसिल कर दीं और 5 को दूसरे एयरपोर्ट पर डायवर्ट कर दिया। 250 देरी से चलीं। भारत आए अर्जेंटीना के फुटबॉलर लियोनल मेसी खराब मौसम के चलते पीएम नरेंद्र मोदी से नहीं मिल सके।

## जॉर्डन किंग ने पीएम मोदी को गले लगाया 5 समझौते किए



**अम्मान।** पीएम मोदी के जॉर्डन दौरे का आज दूसरा दिन है। वे आज भारत-जॉर्डन बिजनेस फोरम की बैठक को संबोधित करेंगे। इस पहले सोमवार को जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला ने हुसैनिया पैलेस में पीएम मोदी का स्वागत किया। दोनों के बीच द्विपक्षीय बैठक भी हुई। बैठक के दौरान मोदी ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारत और जॉर्डन की सोच एक जैसी है। उन्होंने गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए किंग अब्दुल्ला का आभार जताया। साथ ही उन्होंने उर्वरक और डिजिटल तकनीक में सहयोग बढ़ाने की बात कही।

## मेक्सिको में प्लेन फैक्ट्री से टकराई, 7 की मौत, 3 लापता

**मेक्सिको।** मेक्सिको में सोमवार को एक छोटा विमान इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान क्रैश हो गया। इसमें सात लोगों की मौत हो गई जबकि 3 लापता हैं। यह प्राइवेट जेट एकापुल्को से टोलुका एयरपोर्ट के लिए उड़ान भर रहा था, लेकिन इमरजेंसी लैंडिंग की कोशिश में सैन मेटियो एटेंको इलाके में क्रैश हो गया। विमान ने एक फुटबॉल फील्ड पर लैंडिंग की कोशिश की, लेकिन पास की एक फैक्ट्री की मेटल छत से टकरा गया, जिससे आग लग गई। आग की वजह से इलाके के करीब 130 लोगों को सुरक्षित जगह पर पहुंचाया गया। दुर्घटना की जांच चल रही है, और शुरूआती रिपोर्ट्स में इंजन फेलियर की बात कही जा रही है।

ब्रह्मास्त्र
स्वागतम् 2026
तीन-तीन बहुरंगीय कैलेंडर



एक वितरित दो और कैलेंडर
जल्द आपके हाथों में
नए साल के तीन तरह के
नि:शुल्क कैलेंडर जल्द आपके हाथों में
श्री राम लला मंदिर और श्री महाकाल पोस्टर कैलेंडर
11 दिसंबर के अंक के साथ नि:शुल्क वितरित हो चुका है।
अब दो कैलेंडर बाकी पंचांग कैलेंडर और तिथि कैलेंडर
हॉकर से अपनी प्रति सुरक्षित करें और लेते रहे एक एक करके तीनों कैलेंडर
9977755777, 77710 90777, 9617957337, 9893047988, 0734 4041777, 0731 4085777

## खबर एक नजर...

### 60 साल के वृद्ध ने खाया जहरीला पदार्थ

**उज्जैन।** आगररोड चककमेड से सोमवार शाम रमेश पिता सेवाराम सोनगरा को परिजन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे है। वृद्ध ने जहरीला पदार्थ खाया था, डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख भर्ती किया। ड्युटी कम्पाउंडर ने मामले की सूचना चिमनगंज थाना पुलिस को दी। पुलिस बयान दर्ज करने अस्पताल पहुंची, लेकिन वृद्ध की हालत नाजुक होने पर बयान दर्ज नहीं हो पाये। परिजन कुछ बता पाने की स्थिति में थे। पुलिस के अनुसार जांच और बयान के बाद वृद्ध के जहरीला पदार्थ खाने का कारण सामने आ पायेगा।

### हिन्दू युवती के साथ होटल में मिला मुस्लिम युवक

**उज्जैन।** महाकाल थाना क्षेत्र में सोमवार को होटल वेलवेट हिन्दूवादी संगठन ने मुस्लिम युवक को हिन्दू युवती के साथ पकड़ा। दोनों के साथ एक अन्य हिन्दू जोड़ा भी था। मुस्लिम युवक ने अपनी आईडी नहीं दी थी। संगठन ने पुलिस बुलाई, मुस्लिम युवक ने नाम कुलदीप बताया, दस्तावेज देखने पर मोहम्मद मेहताब निवासी चंडीगढ़ सामने आया। युवती और उसका साथी जोड़ा भी चंडीगढ़ के रहने वाला था। महाकाल पुलिस ने चारों को हिरासत में लिया और होटल सील कर दी। युवतियों को वन स्टॉप सेंटर भेजा गया है। होटल संचालक भाग निकला था, जिसकी तलाश जारी है।

### जान के दुश्मनों को भेजा जेल, सरगना की तलाश


**उज्जैन।** प्रतिबंधित चाइन डोर के साथ गिरफ्त में आये चार जान के दुश्मनों प्रताप पिता किशोरसिंह तोमर देसाईनगर, निखिल पिता प्रेमबिहारी चंदानी सिंधी कालोनी मनीष पिता ओमप्रकाश कुकरेजा भार्गव नगर और हर्ष पिता आलोक बारोड निवासी रामीनगर को गिरफ्तार किया था। चारों के पास से 48 रील (गट्टे) बरामद किये गये थे। नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि चारों के खिलाफ जिलाधीश के आदेश का उल्लघंन करने की धारा 233 भारतीय न्याय संहिता के साथ प्रतिबंधात्मक धारा में प्रकरण दर्ज किया गया था। सोमवार दोपहर चारों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। चारों नागझिरी क्षेत्र के रहने वाले कुलदीप से चाइना डोर लेकर आये थे और बेचने की फिराक में शिवांश एलिगेंस कालोनी पहुंचे थे। कुलदीप के नाम का खुलासा होने पर एक टीम उसकी तलाश कर रही है। चाइना डोर को लेकर पूरे जिले में पुलिस तलाशी अभियान चला रही है। महाकाल क्षेत्र में पुलिस की एक टीम छतों से पतंगबाजी करने वालों की धरपकड़ भी कर रही है। चाइना डोर मिलने पर उनके परिजनों को थाने बुलाया जा रहा है। मंकर संक्रांति पर प्रतिबंधित डोर से कोई हादसा ना हो इसको लेकर पुलिस द्वारा सभी प्रयास किये जा रहे है। आगामी दिनों में अगर चाइना डोर से पतंगबाजी करते कोई भी पकड़ाया तो उसे भी जेल भेजा जायेगा।

### गांजा तस्कर को 10 साल की सजा, 1 लाख का जुर्माना

**उज्जैन।** 13 माह पहले गांजा तस्करी में गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय ने 10 साल की सुनाई है। आरोपी पर 1 लाख का अर्थदंड लगाने के साथ कार राजसात करने के आदेश जारी किये है। भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि 30 अक्टूबर 2024 को खाचरौद से बड़नगर की ओर आ रही कार क्रमांक एमपी 13 झेड पी 1698 को घेराबंदी कर नौगावां फंटा यात्री प्रतिक्षालय के पास से पकड़ा गया था। कार की डिक्की से 23 किलो 400 ग्राम गांजा बरामद हुआ था। चालक अभिषेक पिता रामचंद्र पंड्या निवासी अंबे माता मंदिर के पास थाना बिरलाग्राम नागदा को गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ में उसने पश्चिम बंगाल और ओडिशा के आरूफ पिता अरविंद खां मित्रा और तरूण पिता समारेध मिध्रा से खरीदना और उसके नागदा स्थित घर पर दोनों के होने की जानकारी दी थी। पुलिस टीम ने नागदा स्थित मकान पर दबिश देकर 13.60 किलोग्राम गांजा और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया था। तीनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 में अपराध दर्ज कर चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया था।

# दरगाह पर गूंजा हनुमान चालीसा पाठ

## उज्जैन में शिष्यों के साथ पहुंचे थे संत, कमेटी बोली- चादर चढ़ाने और कव्वाली की अनुमति दी थी





**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन में शिप्रा नदी किनारे स्थित मौलाना मौज दरगाह परिसर में हनुमान चालीसा पाठ करने का मामला सामने आया है। इसमें एक संत अपने शिष्यों के साथ दरगाह परिसर में बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ करते नजर आ रहे हैं।

वीडियो सामने आने के बाद मौलाना मौज दरगाह कमेटी ने इस पर आपत्ति जताई है। कमेटी का कहना है कि उनसे कव्वाली और चादर चढ़ाने की अनुमति ली गई थी, लेकिन हनुमान चालीसा पाठ की जानकारी नहीं दी गई थी। हमारी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची।

**संत ने मांगी थी चादर चढ़ाने की अनुमति–** दरगाह कमेटी के उपाध्यक्ष इरफान अहमद के मुताबिक, तीन दिन पहले हनुमान अष्टमी पर बाबा बम-बम भोले नाम के एक संत ने दरगाह पर चादर चढ़ाने की अनुमति मांगी थी। साथ ही कव्वाली कराने की बात भी कही गई थी। धार्मिक स्थल पर सभी समुदायों के लोगों के आने को देखते हुए कमेटी ने चादर चढ़ाने की अनुमति दे दी। इरफान अहमद ने बताया कि अनुमति मिलने के बाद संत दरगाह के अंदर चादर चढ़ाने गए और इसके बाद कमेटी के सदस्य वहां से चले गए। इसके बाद परिसर में क्या गतिविधि हुई, इसकी जानकारी उन्हें नहीं थी।

**हनुमान चालीसा के लिए नहीं ली अनुमति–** कमेटी का कहना है कि बाद में दरगाह परिसर में हनुमान चालीसा का पाठ किया गया, जिसकी पूर्व में कोई अनुमति नहीं ली गई थी। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। कमेटी के अनुसार, इस तरह की गतिविधि से धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है। हालांकि, फिलहाल कमेटी ने किसी भी तरह की लिखित शिकायत दर्ज कराने से इनकार किया है।

**शिष्य बोला–संत ही हनुमान चालीसा पढ़ने लगे–** संत बाबा बम-बम भोले के साथ पहुंचे शिष्य कुलदीप ने फोन पर बताया कि उन्होंने कमेटी से केवल चादर चढ़ाने की अनुमति ली थी। हनुमान चालीसा पाठ को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई थी। कुलदीप के अनुसार, चादर चढ़ाने के बाद बाबा बम-बम भोले ने कव्वाली की जगह हनुमान चालीसा का पाठ शुरू कर दिया और सभी लोग उनके साथ पाठ करने लगे। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि इस संबंध में दरगाह कमेटी को पहले से कोई जानकारी नहीं दी गई थी।

### जेलों में लागू अंग्रेजों के जमाने का कानून बदलने में फिर अंग्रेजी आड़े आ गई

## सरकार नए जेल अधिनियम को लागू नहीं कर पाई

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन-भोपाल**

भले ही सरकार जिले सहित मध्य प्रदेश की जेलों में लागू कानून को बदलने का प्रयास कर रही हो लेकिन जानकारी के अनुसार, मप्र की जेलों में लागू अंग्रेजों के जमाने का कानून बदलने में फिर अंग्रेजी आड़े आ गई है।

दरअसल, विभाग एक्ट के रूल्स (नियम) अंग्रेजी में बनाना भूल गया था, इसलिए इसका क्रियान्वयन नहीं हो पाया। फिर इस अधिनियम का क्रियान्वयन एक जनवरी, 2025 से किए जाने के संबंध में सरकार ने पुराने नोटिफिकेशन को अधिक्रमित करते हुए गत 30 सितंबर, 2024 को नया नोटिफिकेशन जारी किया था। जेल मुख्यालय निर्धारित समयावधि में अंग्रेजी में एक्ट के रूल्स तैयार नहीं कर पाया, इस कारण इसे एक जनवरी, 2025 से लागू नहीं किया जा सका।

इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से नए जेल अधिनियम में संशोधन करने का आदेश जारी कर दिया, सरकार करीब साल भर से



अधिनियम में संशोधन करने की एक्सरसाइज कर रही है, लेकिन यह काम पूरा नहीं हो पाया है। खास बात यह है कि जुलाई, 2024 में विधानसभा के मॉनसून सत्र में नया जेल अधिनियम पारित होने के बाद इसे पिछले साल गांधी जयंती (2 अक्टूबर) से लागू करने की तैयारी थी, फिर सरकार ने एक जनवरी, 2025 की तारीख निर्धारित कर दी थी, लेकिन दो गांधी जयंती बीतने के साथ एक जनवरी की दूसरी तारीख आने वाली है, लेकिन सरकार नए जेल अधिनियम को लागू नहीं कर पाई है।

मप्र सरकार जेलों में सुधार के लिए लाए गए कानून को 17 महीने बाद भी लागू नहीं कर पाई है। इस एक्ट में कहा है कि जेलों में व्यवस्था संबंधी बदलाव कर कैदियों के पुनर्वास और समाज में उनके एकीकरण की दिशा में काम किए जाएंगे। सरकार इसके लिए केंद्रीय जेल के साथ जिला और उप जेलों की व्यवस्थाओं में बदलाव भी लाएगी ताकि जेलों में क्षमता से अधिक मौजूद कैदियों, विचाराधीन बंदियों को बैरक, सेल और अन्य सुविधाएं मिल सकें। कैदियों की कुंडली के हिसाब से बैरक भी तय करने की बात नए कानून में कही गई है। गौरतलब है कि मप्र विधानसभा के जुलाई, 2024 में आयोजित मानसून सत्र में मप्र सुधारात्मक सेवाएं एवं बंदीगृह विधेयक-2024 पारित किया गया था। सरकार ने नया जेल अधिनियम 2 अक्टूबर, 2024 से क्रियान्वित करने की तैयारी की थी। जेल विभाग ने 13 अगस्त 2024 को जारी किए गए आदेश में कहा था कि प्रदेश में गांधी जयंती (2 अक्टूबर 2024) के दिन से मप्र सुधारात्मक सेवाएं और बंदीगृह अधिनियम 2024 को लागू किया जाएगा।

## सेवा भारती बालिका छात्रावास में बालिकाओं को स्टेशनरी वितरित की



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप अरिहंत ने रविवार को इंदौर रोड स्थित सेवा भारती बालिका छात्रावास में करीब 70 बालिकाओं को स्टेशनरी और स्वल्पाहार वितरण किया। इस अवसर पर अधीक्षिका प्रीति दीदी ने छात्रावास की बालिकाओं के प्रबंधन की जानकारी देते हुए बताया कि यह संस्थान सेवा कार्य में लगी सभी संस्थाओं के सहयोग से ही संचालित हो रहा है। ग्रुप अध्यक्ष सुनील जैन, पदाधिकारी अशोक जैन और अनिता चौधरी ने भी विचार व्यक्त किए। ग्रुप के वरिष्ठ पदाधिकारी आरके जैन, विमल बाकलीवाल, डॉ. पीसी जैन, ज्ञानचंद जैन, सुरेश जैन, मंजुलता जैन, ताराचंद जैन, ममता जैन, इंदिरा बुखारिया, महेंद्र आशा जैन, हुकुमचंद्र अल्का जैन आदि उपस्थित थे।

# महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समितिमहाकाल व कॉरिडोर को बनाएंगे वूमन फ्रेंडली

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

**1100 महिला कर्मचारियों को देंगे ट्रेनिंग**

महाकाल मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए अकेली आ रही हैं तो यह खबर आपके काम की है। मंदिर परिसर और कॉरिडोर को वूमन फ्रेंडली बनाया जाएगा। इसके लिए मंदिर की 1100 महिला कर्मचारियों को बारी-बारी से 15 दिन तक रोज एक घंटे ट्रेनिंग दी जाएगी।

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति, मप्र पर्यटन बोर्ड, सेंटर फॉर एडवांस्ड रिसर्च एंड डेवलपमेंट 17 दिसंबर से इसकी शुरूआत करेंगे। पहली बैच में मंदिर की 38 कर्मचारियों को ट्रेनिंग से जोड़ा जाएगा। उप प्रशासक सिम्मी यादव को इसकी नोडल अफसर बनाया है। वे ट्रेनिंग के बाद महिला दर्शनार्थियों का फीडबैक भी लेंगी।

मंदिर परिसर को महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना अंतर्गत ट्रेनिंग दी जाएगी। मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड भोपाल की डॉ. रंजना मिश्रा ने बताया कि श्री महाकालेश्वर मंदिर में कार्यरत महिला कर्मचारियों को उज्जैन में महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन स्थल के तहत महिला अनुकूल संवेदनशील कॉरिडोर बनाने पर ट्रेनिंग दी जाएगी।

इसमें उन्हें सिखाएंगे कि अकेली महिला के दर्शन-पूजन के लिए आने पर उन्हें किस प्रकार का सहयोग दें। ऐसी महिलाएं तो ब्रेस्ट फीडिंग करवाती हैं, उन्हें कैसे मदद की जा सके। बुजुर्ग महिलाएं जिन्हें पैदल चलने में परेशानी आती है, उन्हें दर्शन के साथ प्रसाद लेने में भी गुड फील हो, इस तरह का वातावरण बनाया जाएगा।

### खुद महसूस किया, महिलाओं से अच्छा व्यवहार नहीं होता

महिलाओं के लिए ट्रेनिंग का मसौदा लेकर आई मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड भोपाल की डॉ. रंजना मिश्रा ने कहा कि उन्होंने खुद महसूस किया कि परिसर में महिलाओं के साथ किस प्रकार का व्यवहार किया जाता है। वे जब प्रसाद लेने गई तो कई लोगों ने आवाज देकर बुलाया कि पांच रुपए में प्रसाद। जब वे प्रसाद लेने आगे बढ़ी तो उन्हें कहा गया कि यह तो 80 रुपए की है। उन्होंने पूछा कि आप तो इसे पांच रुपए की बता रहे थे। जवाब मिला कि यहां तो इसी रेट में मिलेगा। पांच में मिले तो आप कहीं और से ले लीजिए। डॉ. मिश्रा ने कहा कि इसी व्यवहार को सुधारने की जरूरत है। शुरूआत मंदिर की महिला कर्मचारियों से करेंगे। बाद में पुरुष कर्मचारियों को भी सिखाएंगे।

### पहली बैच में 38 महिला कर्मचारियों को देंगे ट्रेनिंग

मंदिर में आने वाली हर महिला भक्त को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के साथ उन्हें दर्शन, पर्यटन में मदद करने के लिए महिला कर्मचारियों को 15 दिन तक ट्रेनिंग दी जाएगी। इसकी शुरूआत 17 दिसंबर से करेंगे। पहली बैच में 38 महिलाओं को ट्रेनिंग दी जाएगी।

**-सिम्मी यादव, डिप्टी कलेक्टर व सहायक प्रशासक महाकाल मंदिर**

उज्जैन
मंगलवार
16
दिसम्बर, 2025

दैनिक ब्रह्मास्त्र

सत्यमेव जयते नानृतम् सत्येन पन्था विततो देवयानः।
येनाक्रमत् मनुष्यो ह्यात्मकामो यत्र तत् सत्यस्य परं निधानं॥

**अर्थः** जय सत्य का होता है, असत्य का नहीं। दैवी मार्ग सत्य से फैला हुआ है। जिस मार्ग पे जाने से मनुष्य आत्मकाम बनता है, वही सत्य का परम् धाम है।

## खबर एक नजर...

### मानपुर हाईवे पर आग का कहर:दो मिनी ट्रक खाक



**इंदौर।** आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे पर मानपुर मुख्य मार्ग पर मंगलवार सुबह दो खड़े मिनी ट्रकों में अचानक आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि धुएं का गुबार पांच किमी दूर तक नजर आया। एक ट्रक में ड्रम में केमिकल और दूसरे में पाउडर भरा था। महू, मानपुर और इंदौर की फायर ब्रिगेड ने दस टैंकरों की मदद से आग पर काबू पाया। टीआई लोकेंद्र सिंह हिहोर के अनुसार घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। सुरक्षा के चलते हाईवे का यातायात करीब एक घंटे तक लेबड़ मार्ग पर डायवर्ट किया गया।

### इंदौर में सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी सस्पेंड

**इंदौर।** इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा ने पशु औषधालय सेण्डल, इंदौर के सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी माधु रावत को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं इंदौर संभाग निर्धारित किया गया है। दरअसल रावत द्वारा अनुचित तरीके से ऑनलाइन उपस्थिति (सार्थन एप) दर्ज करने, भारत पशुधन एप पर कृत्रिम गभार्धान का काम और एंट्री शून्य होने, शासकीय कामों के प्रति घोर लापरवाही, उदासीनता, शासकीय नियमों की अवहेलना करने के फलस्वरूप मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 के अंतर्गत उन्हें तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। निलंबन अवधि में रावत को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### इंदौर के कनाडिया और लसूडिया में दो बड़ी चोरियां

**इंदौर।** इंदौर के कनाडिया और लसूडिया इलाके चोरों के निशाने पर हैं। दो दिन पहले यहां दो बड़ी चोरियों की वारदातें हुईं। पुलिस द्वारा निकाले गए सीसीटीवी फुटेज में तीन बदमाश नजर आए हैं, जिनकी पहचान में पुलिस जुटी है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी बायपास पर अपनी गाड़ियां खड़ी कर वारदात को अंजाम देते हैं और फिर फरार हो जाते हैं। अफसरों का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। कनाडिया की संपतग्रीन कॉलोनी में जिग्नेश सोनी के घर चोरी की वारदात हुई। उसी रात लसूडिया की ओमेक्स सिटी में भी ताले तोड़े गए। जिग्नेश सोनी के घर से करीब 15 लाख रुपए का सामान चोरी हुआ, वहीं ओमेक्स सिटी में भी लाखों का माल बदमाश ले उड़े। पुलिस द्वारा निकाले गए सीसीटीवी फुटेज में तीन संदिग्ध बदमाश पैदल आते-जाते दिखाई दिए हैं, जिनके द्वारा वारदात को अंजाम दिए जाने की आशंका है। पुलिस को आशंका है कि आरोपी मुंह ढंककर आए थे और उनके पास ताले तोड़ने के औजार व थैली भी थी। वे पेशेवर चोर प्रतीत होते हैं, जो इस तरह की वारदातों को अंजाम देते हैं। फिलहाल अफसर पुराने बदमाशों के रिकॉर्ड खंगाल रहे हैं। पूर्व की चोरियों में जेल से जमानत पर छूटे कई बदमाश आसपास के जिलों में फिर सक्रिय हुए हैं।

# वर्ल्ड पेंटाथलॉन: चार पदक जीतकर लौटी इंदौर की बेटी भूमि

## एमपी की एकमात्र खिलाड़ी बनी, बोली- एक रेस बदल देती है पूरी जिंदगी, बस हार मत मानो

ब्रह्मास्त्र » इंदौर

इंदौर की बेटी भूमि अग्रवाल ने साउथ अफ्रीका में आयोजित मॉडर्न पेंटाथलॉन वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए चार पदक अपने नाम किए। एक ही अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में चार पदक जीतने वाली वह मध्यप्रदेश की एकमात्र खिलाड़ी बन गई हैं। रविवार को इंदौर लौटने पर कॉलोनीवासियों ने हार-फूल, आतिशबाजी और जुलूस निकालकर उनका जोरदार स्वागत किया।



भूमि ने पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में भाग लेते हुए यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने व्यक्तिगत बायथल में स्वर्ण, ट्राइथल में रजत, जबकि बायथल मिक्स्ड रिले और ट्राइथल मिक्स्ड रिले में कांस्य पदक जीते। ये पदक इसलिए भी खास हैं क्योंकि पेंटाथलॉन अन्य खेलों की तुलना में अधिक कठिन और तकनीकी माना जाता है।

**बायथल और ट्रायथल इवेंट क्यों हैं चुनौतीपूर्ण-** बायथल इवेंट में पहले 800 मीटर दौड़, फिर 100 मीटर तैराकी और इसके बाद दोबारा 800 मीटर दौड़ पूरी करनी होती है। वहीं ट्रायथल में स्विमिंग, साइक्लिंग और रनिंग शामिल होती है। शिशुकुंज स्विमिंग एकेडमी की भूमि ने इंदौर में हुई नेशनल बायथल प्रतियोगिता में स्वर्ण और रजत पदक जीते थे, जिसके आधार पर उनका चयन अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा के लिए हुआ।

**जनप्रतिनिधियों की अनदेखी पर परिवार को अफसोस-** भूमि की मां मेघा और पिता गोविंद अग्रवाल ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि बेटी इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल करेगी। भूमि पढ़ाई में भी हमेशा 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाती रही हैं। परिवार को इस बात का दुख है कि इतनी बड़ी सफलता के बावजूद जनप्रतिनिधियों ने आशीर्वाद तक नहीं दिया, जबकि रविवार को मुख्यमंत्री सहित कई नेता इंदौर में मौजूद थे।

**चार पदकों के साथ भारत का पहला गोल्ड-** भूमि ने बताया कि इस चैंपियनशिप में इससे पहले भारत को वर्ष 2013 में कांस्य पदक मिला था। इस बार भारत का पहला स्वर्ण पदक उन्होंने दिलाया और एक साथ चार पदक जीतकर इतिहास रचा। प्रतियोगिता में 29 देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया था, जिसमें भूमि ने अंडर-21 वर्ग में हिस्सा लिया।
**रेत में दौड़ और खुले पानी में तैराकी बनी चुनौती-** भूमि के अनुसार मुकाबले बेहद कठिन थे, क्योंकि रेत में दौड़ और ओपन वाटर स्विमिंग करनी पड़ती है। बारिश होने पर लहरें तेज हो जाती हैं, जिससे तैराकी मुश्किल हो जाती है। ऐसी स्थिति का सामना उन्हें भी करना पड़ा, लेकिन उन्होंने इसे चुनौती के रूप में लेकर जीत हासिल की।
**एशियन गेम्स लक्ष्य, परिवार और कोच का मिला साथ-** भूमि अब एशियन गेम्स की तैयारी कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि परिवार के सहयोग से संभव हुई। एक समय वह हार मानने वाली थीं, लेकिन माता-पिता ने हौसला बढ़ाया। कोच आकाश, अंकित और वेदांत का भी विशेष सहयोग रहा। भूमि का संदेश है– कठिन हालात में कभी हार न मानें, एक रेस पूरी जिंदगी बदल सकती है।

### इंदौर कलेक्टर ने कहा- सुरक्षा के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति

# इंडस्ट्रीज को 15 दिन में कराना होगी सुरक्षा ऑडिट

## मानकों के उल्लंघन पर बंद होगी फैक्ट्रियां

ब्रह्मास्त्र » इंदौर

इंदौर के इंडस्ट्रियल एरिया में आगजनी और हादसों के चलते प्रशासन ने अहम निर्णय लिए हैं। कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि इंडस्ट्रियल सुरक्षा मानकों में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। जिले की सभी औद्योगिक इकाइयों में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी।

कलेक्टर ने बताया कि हाल ही में अलग-अलग इंडस्ट्रीज में स्प्रेड पॉइंट और अन्य सुरक्षा संबंधित कमियां सामने आई हैं, जिससे कई दुर्घटनाएं भी हुई हैं। इसके चलते अनसेफ फैक्ट्रियों को सील किया जा रहा है। सुरक्षा मानकों का बार-बार उल्लंघन करने वाली इकाइयों को बंद करने की कार्रवाई जारी है।



कई इकाइयों को सुधार के लिए अवसर भी दिए गए, ताकि वे फायर सेफ्टी, इमरजेंसी मैनेजमेंट और केमिकल हैंडलिंग की मानक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर सकें। अपर कलेक्टर स्तर पर सभी कार्रवाई की निगरानी की जाएगी। हर टीएल बैठक में समीक्षा होगी। बैठक में अपर कलेक्टर रोशन राय, उप संचालक औद्योगिक सुरक्षा हर्ष चतुर्वेदी सहित औद्योगिक सुरक्षा अधिकारी, नगर निगम की फायर टीम और मेजर हैजर्ड श्रेणी की औद्योगिक इकाइयों के संचालक उपस्थित रहे। बैठक में अपर कलेक्टर रोशन राय, उप संचालक औद्योगिक सुरक्षा हर्ष चतुर्वेदी सहित औद्योगिक सुरक्षा अधिकारी, नगर निगम की फायर टीम और मेजर हैजर्ड श्रेणी की औद्योगिक इकाइयों के संचालक उपस्थित रहे। विशेष दल बनाकर सभी खतरनाक इंडस्ट्रीज का निरीक्षण किया जाएगा। जहां जरूरत होगी वहां मॉकड्रिल भी की जाएगी। इंडस्ट्रीज में सुरक्षा संबंधी जानकारी और मानकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कर्मचारियों और प्रबंधन को सुरक्षा नियमों के प्रति और अधिक जागरूक किया जाएगा।

# पाकिस्तानी बहू को संविधान के अनुच्छेद-226 से न्याय की उम्मीद

ब्रह्मास्त्र » इंदौर

इंदौर ही नहीं पूरे भारत में इन दिनों पाकिस्तानी हिंदू कपल की शादी और तलाक का मामला चचाओं में है। पाकिस्तान से शादी कर इंदौर आई और फिर ससुराल वालों द्वारा लौटाई गई बहू ने न्याय के लिए हाई कोर्ट की शरण ली है। मामले में इसी सप्ताह सुनवाई होना है। बड़ा सवाल है आखिर क्यों पत्नी को भारत की कोर्ट की शरण लेना पड़ी? पत्नी को भारत में न्याय कैसे मिलेगा।

एडवोकेट दिनेश रावत ने कई सवालों के जवाब दिए। उन्होंने निकिता की ओर से इंदौर हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। एडवोकेट रावत कहते हैं भारत के संविधान में भारतीय 'नागरिकों' के हितों और कानून के बारे में उल्लेख है। लेकिन अनुच्छेद 226 में 'नागरिक' की जगह 'व्यक्ति' शब्द का उपयोग किया है। यह व्यक्ति किसी भी देश का हो सकता है। इसलिए पाकिस्तान की निकिता नागदेव को इसी अनुच्छेद के तहत न्याय मिलने की गुहार लगाई है।

एडवोकेट रावत आगे कहते हैं, निकिता के खिलाफ अपराध भारत में किया गया है। इसलिए उसे यहीं मिलने के लिए गुहार लगाई है। और अनुच्छेद 226 ऐसे लोगों को उच्च न्यायालय से दिलाने में मदद करता है। और चूंकि पति विक्रम नागदेव इंदौर में ही रह रहा है, निकिता को भी वह यहीं लाया था, इसलिए हमने इंदौर हाई कोर्ट की शरण ली है। याचिका में भी हमने इसी अनुच्छेद के तहत न्याय की गुहार की है।

# बीआरटीएस मामला-रात में वकीलों की कमेटी ने किया निरीक्षण

## एक्यूआई चेक कर मलबा, पिलर्स और कचरा हटाने के दिए निर्देश, हाईकोर्ट में पेश होगी रिपोर्ट

ब्रह्मास्त्र » इंदौर

इंदौर में बीआरटीएस तोड़ने को लेकर हो रही देरी के मामले में 16 दिसंबर को हाई कोर्ट में सुनवाई होगी। इसमें इसकी निगरानी के लिए गठित कमेटी कोर्ट में रिपोर्ट पेश करेगी।

इसके पूर्व 6 सदस्यीय कमेटी के सदस्यों ने सोमवार रात बीआरटीएस का निरीक्षण किया। कमेटी अभी भी मौजूदा स्थिति से संतुष्ट नहीं है।

कमेटी ने सोमवार रात को राजीव गांधी से पलासिया तक निरीक्षण किया। इस दौरान पाया कि अभी इंदौर का एक्यूआई 200 है। इस पर कमेटी ने वहां पड़ा मलबा, पिलर्स और वेस्ट सीमेंट को हटाने के लिए कहा है।



साथ ही यह भी कहा... रैलिंग के यहां साइन बोर्ड नहीं है इसलिए रेड प्लैग लगाए जाए ताकि हादसे न हो। जीपीओ से शिवाजी वाटिका तक बेरिकेडिंग पास-पास है, इसे दूर-दूर लगवाएं। तोड़ने के बाद सड़क पर पेचवर्क जीरो क्वालिटी का और ऊपर-नीचे है। ऐसे में गाड़ियां गिर सकती हैं। कमेटी ने नगर निगम के अधिकारियों को इससे अवगत कराया है। कमेटी को एग्रीमेंट नहीं दिया कि क्या एग्रीमेंट किया है, जो तोड़ रहे हैं, कहां, कितना तोड़ना है। वाहन चालक बेरिकेडिंग को लेकर परेशान हो रहे हैं।

1 दिसंबर को सुनवाई के दौरान बीआरटीएस तोड़ने का पूरा काम तीन माह में पूरा होने की जानकारी दी गई थी, लेकिन एक लेन की रैलिंग का काम 15 दिन में पूरा करने का आश्वासन दिया गया। इस पर कोर्ट ने एक मॉनिटरिंग कमेटी बना दी।

इस कमेटी में एडवोकेट गिरीश पटवर्धन, एनएस भाटी, कौस्तुभ पाठक, अजयराज गुप्ता, प्रद्युम्न किबे और जय शर्मा को लिया गया है। यह कमेटी बीआरटीएस रिमूवल कार्रवाई की रिपोर्ट 16 दिसंबर को होने वाली अगली सुनवाई पर कोर्ट के समक्ष पेश करेगी।

पिछली सुनवाई में जस्टिस विजयकुमार शुक्ला एवं जस्टिस बिनोद कुमार द्विवेदी की डिवीजन बेंच ने यह भी निर्देश दिए थे कि अगली सुनवाई पर कलेक्टर और निगम कमिश्नर के साथ डीसीपी ट्रैफिक भी व्यक्तिगत रूप से हाजिर रहें। इसके चलते इन सभी को आज कोर्ट में उपस्थित होना है।

## खबर एक नजर...

### नव मानश नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती युवकों को उल्टा लटकाकर मारा

**उज्जैन।** नव मानश नशा मुक्ति केंद्र के संचालक उमेश वैष्णव ओर उनके स्टाप के द्वारा नशा मुक्ति के लिए भर्ती युवकों को उल्टा लटकाकर बहुत ही बेरहमी से मारा जाता है।

जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष भरत पोरवाल ने बताया कि मंगलनाथ रोड़ स्थित मोनी बाबा आश्रम के सामने स्थित नव मानश नशा मुक्ति केंद्र में इलाज के लिए भर्ती युवकों ने मय सबूत के यह जानकारी दी कि इसी बेरहमी की मार से शंकर पुर निवासी श्री ग्यारसी लाल निर्मल जी के पुत्र हरिश निर्मल की विगत दिवस मौके पर ही मौत हो गई। इस डर से अन्य भर्ती युवकों को परिजन अपने साथ घर ले गए। भरत पोरवाल ने जिला प्रशासन से नशा मुक्ति केंद्र के संचालक तथा दोषी स्टाफ के विरूध्द कठोर कार्रवाई की मांग की है।

### श्रद्धा पर्व पर किया श्री मौनीबाबा की समाधि मंदिर में अभिषेक

**उज्जैन।** श्री मौनतीर्थ पीठ के अधिष्ठाता पूज्य सद्गुरुदेव कलीपावनवतार ब्रह्मर्षि श्री श्री मौनीबाबा जी महाराज का 116वां जन्मोत्सव (श्रद्धापर्व) भक्तों एवं शिष्यों की गरिमामयी उपस्थिति में अत्यंत श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर देशभर से पधारे श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर आध्यात्मिक वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

जन्मोत्सव के अवसर पर श्री मौनतीर्थ पीठ के पीठाधीश्वर अनंतश्री विभूषित श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. सुमनानंद गिरि जी महाराज के पावन सान्निध्य में भगवान गंगाधर सदाशिव का विधिवत अभिषेक-पूजन संपन्न किया गया। इसके पश्चात प्रातः 11 बजे श्री श्री मौनीबाबा जी महाराज की समाधि मंदिर में अभिषेक किया गया। इस अवसर पर पूज्य गुरुदेव द्वारा बाबा को रक्षासूत्र बांधा गया। कार्यक्रम के दौरान भक्तों एवं शिष्यों ने सामूहिक प्रार्थना कर लोककल्याण की कामना की। वहीं, बाबा की शिष्या एवं प्रसिद्ध गायिका पद्मश्री डॉ. सोमा घोष द्वारा प्रस्तुत भावपूर्ण भजनों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

### द्रौपदी चंदनानी सिंधी साहित्य रत्न अवार्ड से सम्मानित

# अखंड भारत को समर्पित रहा अमां चवंदी हुई






ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

प्रतिकल्पा सांस्कृतिक संस्था द्वारा राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित ह्लअमां चवंदी हुईह्ल (मां कहती थी) शीर्षक का मुख्य कार्यक्रम 14 दिसंबर की शाम झूलेलाल गार्डन, सिंधी कॉलोनी में भाजपा के वरिष्ठ नेता रूप पमनानी एवं वरिष्ठ शिक्षाविद चिमनदास लखानी के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलित कर आरंभ हुआ। संस्था निदेशक डॉ पल्लवी किशन ने बताया कि सिंधी समाज की प्रतिभाओं को मंच पर लाने के उद्देश्य से कार्यक्रम के प्रथम चरण में ऑडिशन के माध्यम से चयनित लोगों को राधिका दांदवानी, डॉ पल्लवी किशन एवं कुमार किशन द्वारा प्रशिक्षण देकर मंच पर प्रस्तुति हेतु तैयार किया।

मंच पर लगभग 40 कलाकारों ने गीत, कविता, नृत्य, कहानी, तीज-त्योहारों के महत्व, कॉमेडी संस्मरण, भाषण, मुहावरों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। तथा इन सभी कलाकारों ने प्रस्तुति उपरांत दर्शकों से तालियों के रूप में बहुत प्रशंसा प्राप्त हुई। इस अवसर पर विशेष रूप से आमंत्रित कवयित्री द्रोपदी चंदनानी ने अपनी कविताओं के माध्यम से दर्शकों को सिंधी संस्कृति की याद दिलाते हुए भावुक किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित मनीष देवनानी बोर्ड मेंबर एनसीपीएसएल ने सिंधी भाषा व संस्कृति के संरक्षण हेतु राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद की भाषा व संस्कृति के संवर्धन की हितकारी योजनाओं को मंच पर साझा किया। जिन लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया उनमें भाषण - गोपालदास वाधवानी, चंदीराम जेठवानी, मुहावरे -राजकुमार परसवानी, अमर तोलानी, संस्मरण- रोहित सामदानी, कविता- ईश्वरचंद्र चंचलानी, कुमारी दिव्यांशी चांदवानी, कुमारी पहल परसवानी, कहानी- डॉली खेमचंदानी कॉमेडी-विजय तीज- त्यौहारों का महत्व-हेमा खत्री, भजन, गीत- राधिका दांदवानी, नक्षत्रा निगम, रोशिता सोनी, रिद्धि सोनी, शार्वी नीमा, जाह्नवी चांडक, माही यादव, कृष्टी सलूजा, स्तुति जोशी, रावि पण्डया, द्दति रावल शामिल रहे।

# श्री उत्तरा मुखी हनुमान मंदिर पर महाप्रसादी के साथ संपन्न हुई महाआरती

### हनुमान जी को लगा 56 पकवानों का भोग

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

महाकाल की नगरी भगवान कृष्ण की शिक्षा स्थली अंकपात स्थित श्री उत्तरा मुखी हनुमान मंदिर पर उत्तरा मुखी हनुमान मंदिर भक्त समिति द्वारा दो दिवसीय हनुमान महोत्सव का आयोजन किया गया।

मीडिया प्रभारी यश गहलोत ने बताया कि सुबह से ही मंदिर पर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। बाबा का पंचामृत अभिषेक के साथ ही रामायण की चौपाई द्वारा हवन अनुष्ठान किया गया। देर शाम को श्री उत्तरा मुखी हनुमान जी की विशालकाय मूर्ति का आकर्षक श्रृंगार कर 56 पकवानों का भोग लगाया गया। साथ ही रंगारंग आतिशबाजी कर



महाआरती संपन्न की गई। मंदिर प्रांगण में भव्य विद्युत सज्जा के साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें हजारो लोगों ने प्रसादी का लाभ लिया। इस अवसर पर पंडित अमिश पाठक, अध्यक्ष अश्विन मेहता, कार्यक्रम संयोजक संजय जैन कालूहैड़ा सहित गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष को भेजा भगवान श्री चित्रगुप्त, महाकालेश्वर के दर्शन हेतु आमंत्रण

### अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय नेता श्री सिन्हा के भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने से कायस्थ समाज में हर्ष- मंगेश श्रीवास्तव

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय नेता, बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री कायस्थ रत्न नितीन नवीन को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष बनाए जाने पर उज्जैन कायस्थ समाज के उज्जैन उत्तर विधानसभा के अध्यक्ष मंगेश श्रीवास्तव एवं अखिल भारतीय कायस्थ महासभा भारत द्वारा भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

उज्जैन कायस्थ समाज के उज्जैन उत्तर विधानसभा के अध्यक्ष मंगेश श्रीवास्तव ने कायस्थ समाज से आने वाले भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन सिन्हा को खाकचोक स्थित भगवान श्री चित्रगुप्त जी मंदिर एवं विश्व प्रसिद्ध श्री बाबा महाकालेश्वर के दर्शन करने आने का आमंत्रण भेजा। मंगेश श्रीवास्तव ने बताया कि श्री सिन्हा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से उज्जैन के कायस्थ समाज में खुशी की लहर हैं। समस्त समाजजनों ने कहा कि श्री सिन्हा पर भगवान श्री चित्रगुप्तजी एवं बाबा महाकाल का सदा आशीर्वाद बना रहे।

मंगेश श्रीवास्तव ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन का जन्म 23 मई, 1980 को रांची (झारखंड) में हुआ। इनके पिता स्वर्गीय नबीन किशोर प्रसाद सिन्हा पटना पश्चिम से 4 बार विधायक रहे। नितिन नबीन स्वयं 5 बार से लगातार बिहार विधानसभा के सदस्य हैं। पहली बार 2006 में पटना पश्चिम सीट से विधायक चुने गए। उसके बाद 2010, 2015, 2020 और 2025 में बांकीपुर विधानसभा सीट से लगातार विधायक चुने गए। 2010 से 2013 तक भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री के पद पर रहे। 2016 से 2019 तक बिहार भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का पद संभाला। 2019 में सिक्किम राज्य भाजपा संगठन प्रभारी का पद संभाला। 2021 में बिहार सरकार में सड़क निर्माण विभाग मंत्री का पदभार संभाला। 2021 से 2024 तक छत्तीसगढ़, भाजपा के सह-प्रभारी रहे। 2024 में बिहार सरकार में विधि विभाग और शहरी विकास एवं आवास मंत्री का पद संभाला। जुलाई 2024 से वर्तमान तक छत्तीसगढ़, भाजपा के प्रभारी का पदभार संभाल रहे हैं। वर्तमान में बिहार सरकार में सड़क निर्माण और शहरी विकास एवं आवास मंत्री के पद पर हैं। 14 दिसंबर, 2025 को उन्हें भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

# जो व्यक्ति वर्तमान में जीता है, वह सबको जीत लेता है: उधवानी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

जो व्यक्ति वर्तमान में जीता है, वह सबको जीत लेता है। जितने भी महापुरूष, संत-महात्मा हुए उन्होने अपनी साधना वर्तमान में रहते हुए की। यही कारण रहा कि उन्होने अपनी समस्त इंद्रियों पर विजय प्राप्त की और संसार में अपना एक अलग स्थान बनाया। जिससे प्रेरणा लेकर लोगों को अपना जीवन बनाने में मदद मिली।



यह बात अमरावती निवासी डॉ.प्रताप उधवानी ने कही। वे रविवार को शहर के निजी मांगलिक परिसर में सहजयोग ध्यान पद्धति द्वारा स्वयं को स्वस्थ रखना और अपने शरीर में स्थित व्याधियों को स्वयं होकर ठीक करना,विषय पर उद्बोधन दे रहे थे। डॉ.उधवानी ने मेटा साइंस पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जब मनुष्य भूतकाल की बातों को याद करते हुए जीता है तो उसके शरीर की बायीं नाड़ी,जिसे इडा नाड़ी कहते हैं, से संबंधित व्याधियां हो जाती है। एक समय ऐसा आता है जब व्यक्ति डिप्रेशन में चला जाता है,जिसे हम अवसारग्रस्त होना भी कहते हैं।

डॉ.उधवानी ने बताया कि जब मनुष्य भविष्य की योजनाएं बनाने में तथा अपना सम्पूर्ण कार्य केवल भविष्य को देखते हुए करता है तो उसका समस्त ध्यान वर्तमान से हट जाता है। इसका नतीजा यह होता है कि व्यक्ति अपनी दाहिनी ओर याने पिंगला नाड़ी की व्याधियों से ग्रस्त हो जाता है। गंभीर रोग उसे जकड़ लेते हैं। ऐसे लोग अतिवादी बन जाते हैं क्योंकि उनका सोच पवन की गति से भी अधिक तेजी से बदलता रहता है। ऐसे लोगों को चाहिए कि वे अपने स्वास्थ्य को करीब से देखें,जांचे,उन्हे पता लग जाएगा कि अपने स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कहां हो रहा है। भविष्य की योजनाएं बनाना ओर पूरी तरह से भविष्य में ही डूब जाना में बहुत अंतर है।

डॉ.उधवानी ने मध्य नाड़ी अर्थात सुषुम्ना नाड़ी में रहने के लाभ बताए। उन्होने कहाकि जो व्यक्ति केवल वर्तमान में जीता है,वह बहुत सौभाग्यशाली रहता है। हमारे संत-महात्मा-महापुरूषों ने वर्तमान में रहते हुए अपनी योग साधना के माध्यम से संसार की रचना में जो सहयोग दिया,वह अद्भुत है। वे जानते थे कि योग की शक्ति कितनी ओर क्या है? यही कारण है कि वे दिघार्यु भी होते थे। उन्होने बताया कि यदि मेडिकल साइंस की मूलभुत चीजों को पढ़ेंगे या किसी चिकित्सक से समझेंगे तो वे भी बताएंगे कि मेडिकल साइंस में भी तीनों नाडि?ों के बारे में पढ़ाया जाता है।

डॉ.उधवानी ने बताया कि माता निर्मला देवी प्रणीत सहजयोग के माध्यय से व्यक्ति ध्यान-योग करके अपना जीवन संतुलित एवं कष्ट रहित बना सकता है। ध्यान ही सभी व्याधियों का उपचार है। इसके लिए आवश्यक है कि हम ध्यान करें ओर अपना जीवन वर्तमान में रहकर बिताएं। कार्यक्रम में उज्जैन एवं शाजापुर के सहजयोगी साधक उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रांरभ में माता निर्मला देवी के चित्र के समक्ष डॉ.प्रताप उधवानी ने पूष्प अर्पित किए। अतिथि स्वागत नगर समन्वयक सुधीर धारीवाल ने किया। आभार रमेशकुमार जैन ने माना।

# प्रथम राज्य स्तरीय ग्रामीण मल्लखंब प्रतियोगिता में 200 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

### प्रतियोगिता में दो खेल हस्तियों को दिया लाईफ टाईम अचिवमेंट पुरस्कार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

माधवपुरा (रूनिजा) में श्री महावीर व्यायामशाला एवं मध्यप्रदेश मल्लखंब एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में प्रथम राज्य स्तरीय ग्रामीण मल्लखंब प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें संपूर्ण मध्यप्रदेश के लगभग 200 बालक-बालिका खिलाड़ियों द्वारा सहभागिता की गई।

प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रदेश मल्लखंब संघ के सचिव ओमप्रकाश त्रिवेदी एवं सिध्दु पहलवान, प्रहलाद शर्मा, विश्वामित्र अवार्डी कन्हैयालाल मामोडिया, पूनमचंद्र पाटीदार, जितेंद्र राठौड़, गणपत मालीवाड़, कैलाश पोपणिया, केलाश खटोलिया, पूनमचंद्र पाटीदार के आतिथ्य में हुआ। वहीं समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक जितेंद्र उदयसिंह पंड्या, अंतरसिंह देवड़ा जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि, विजयराजसिंह मंडल अध्यक्ष खरसोदकला, मनोहरसिंह गुर्जर सरपंच संघ अध्यक्ष, सुनील यादव जनपद प्रतिनिधि, राजेश मिश्रा मंडल मंत्री, सत्यनारायण नागर सरपंच माधवपुरा, काश्यप सिंह राठौड़ सरपंच गजनीखेड़ी, कोटल सिंह राठौर, भेरूलाल नागर उपसरपंच, ऋषि मोरवाल सांसद प्रतिनिधि, जुझार केवट पिछड़ा प्रकोष्ट अध्यक्ष रहे। प्रतियोगिता मल्लखंब संघ अध्यक्ष सोनू गेहलोत की अध्यक्षता में संपन्न की गई। प्रतियोगिता में दो खेल हस्तियों सिध्दु पहलवान एवं प्रहलाद शर्मा को प्रदेश मल्लखंब संघ एवं संपूर्ण मल्लखंब जगत की ओर से लाईफ टाईम अचिवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बालक वर्ग में जय महावीर व्यायामशाला माधवपुरा, प्रथम श्री बजरंग व्यायामशाला कंचनखेड़ी, एवम् दुर्गा शक्ति सागर,द्वितीय क्रीड़ा केंद्र विरियाखेड़ी रतलाम तृतीय रहे। बालिका वर्ग में जय महावीर व्यायामशाला माधवपुरा प्रथम, श्री बजरंग व्यायामशाला गौतमपुरा द्वितीय, श्री बजरंग व्यायामशाला घीनोदा एवम्, दुर्गाशक्ति व्यायामशल सागर तृतीय स्थान पर रहे।



## खबर एक नजर...

### तीन दिवसीय अस्मिता महिला बास्केटबॉल सिटी लीग 19 दिसंबर से

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में उज्जैन कॉरपोरेशन एरिया बास्केटबॉल एसोसिएशन के द्वारा अस्मिता महिला बास्केटबॉल सिटी लीग 2025-26 का आयोजन 19 से 21 दिसंबर तक बास्केटबॉल एरिना महानंदा नगर पर किया जाएगा।

संगठन की सचिव ऋतु शर्मा ने बताया कि महिला लीग में उज्जैन शहर के विद्यालय की टीमें भाग ले सकती हैं। प्रतियोगिता में निःशुल्क सम्मिलित हो सकते हैं। विद्यालय अपनी टीमों की एंट्री 18 दिसंबर तक भेज सकते हैं। विजेता, उपविजेता टीमों को आकर्षक ट्रॉफी, प्रमाण पत्र व मेडल प्रदान किए जाएंगे। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का भी पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। प्रतियोगिता में आयोजन समिति सदस्य मनीषा पँवार, प्रगति जैन, समीक्षा भदौरिया, विनोद पांचाल, विराट धाकड़, अर्चना टाइट्स ममता गौड़, मनीष धनौरिया आदि हैं।

### भारत भारती का परिचयात्मक कार्यक्रम आज

उज्जैन। राष्ट्रीय एकता को समर्पित, विविध संस्कृतियों में सौहार्द, समन्वय एवं समर्पण के सेतु निर्मित करने के उद्देश्य से भारत भारती, उज्जैन द्वारा एक परिचयात्मक कार्यक्रम का आयोजन आज 16 दिसम्बर, मंगलवार प्रातः 11 बजे गुजराती समाज धर्मशाला, वेद नगर में आयोजित किया जा रहा है। भारत भारती, उज्जैन की संयोजक डॉ. प्रवीणा दवेसर ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रसिद्ध शिक्षाविद, सिंहस्थ प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष दिवाकर नातू करेंगे। आशीर्वचन चार धाम के महामंडलेश्वर स्वामी शांतिस्वरूपानंदजी, मुख्य अतिथि भारत भारती राष्ट्रीय समिति की सहसचिव साधना राव, सारस्वत अतिथि सम्राट विविवि हिन्दी अध्ययनशाला के पूर्व अध्यक्ष आचार्य हरिमोहन बुधौलिया होंगे। भारत भारती के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष विनय पत्राले के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि सम्राट विविवि के कुलगुरु डॉ. अर्पण भारद्वाज, पाणिनी संस्कृत विवि के कुलगुरु डॉ. शिवशंकर मिश्र और पाणिनी संस्कृत विवि के आचार्य डॉ. तुलसी दास परोहा होंगे। संयोजक डॉ. प्रवीणा दवेसर ने नगर के सुधिजन, साहित्यकारों से कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की है।

### विश्वकर्मा प्राकट्य उत्सव समिति अध्यक्ष का मनोनयन

उज्जैन। विश्वकर्मा जयंती महोत्सव को लेकर सर्व समिति से अध्यक्ष का निर्णय लिया गया। युवा समाजसेवी सोहन पांचाल (बलेडी वाले) को नियुक्त किया गया।

आगामी सिंहस्थ महोत्सव को देखते हुए प्रांतीय सम्मेलन करने का विचार भी समाज द्वारा किया गया। इस अवसर पर पांचाल समाज अध्यक्ष नंदकिशोर पांचाल, महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती विद्याजी, युवा मंच अध्यक्ष विशाल पांचाल, पूर्व अध्यक्ष अशोक पांचाल, कोषाध्यक्ष विष्णु प्रसाद पांचाल एवं वरिष्ठ समाजसेवी, युवा मंच कार्यकर्ता, मातृ शक्ति उपस्थित रहे।

### खेत पर जाने के लिये किसान ने मुख्यमंत्री से मांगा हेलिकॉप्टर

# रोड़ निर्माण में प्रशासनिक अधिकारियों ने खेत पर जाने का रास्ता ही बंद कर दिया

### बोवनी नहीं कर पाया किसान, परेशान परिवार बोला बोएंगे नहीं तो खाएंगे क्या

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन से गरोठ रोड़ निर्माण में प्रशासनिक अधिकारियों की अनदेखी के कारण उज्जैन के घटिया तहसील में आने वाले उटेसरा ग्राम पंचायत क्षेत्र में निवास करने वाले गरीब किसान परिवार के खेत पर जाने का रास्ता ही बंद हो गया, जिसके कारण आज जहां हर खेत में फसलें लहलहा रही हैं, वहीं उक्त किसान का खेत सूखा पड़ा हुआ है। गरीब अन्नदाता पर ही खाने का संकट आ खड़ा हुआ है, सीएम हेल्पलाईन, जनसुनवाई में चक्कर काटने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ अब किसान ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से हेलिकॉप्टर उपलब्ध कराने की मांग की है ताकि खेत पर आ जा सके।

दरअसल उज्जैन के घटिया तहसील में आने वाले उटेसरा ग्राम पंचायत क्षेत्र में निवास करने वाली गीता बाई पति रामलाल राजोरिया उम्र 70 वर्ष ने बताया कि गरोठ रोड़ निर्माण के कारण खेत में जाने का रास्ता बंद हो गया है। रोड़ निर्माण के पहले से ही अधिकारियों को बताया गया कि खेत पर जाने के लिए रास्ता दें लेकिन अधिकारियों ने अंडर पास नहीं बनाया। केवल आश्वासन देते रहे कि रास्ता देंगे, लेकिन काम चलता रहा, आश्वासन देते रहे। गीता बाई का पूरा परिवार करीब साढ़े तीन बीघा जमीन पर खेती किसानी और कृषि कार्य कर अपना और अपने परिवार का गुजर बसर करता है। बेहद कम जमीन होने के बाद भी उक्त परिवार बेहद परेशानी के बीच खेती के माध्यम से फसल के माध्यम से घर परिवार चलता है। लेकिन इस बार फसल ही नहीं बो पाये जिससे जहां लोगों के खेतों में फसलें लहलहा रही हैं इनके खेत सूखे पड़े हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गृह जिले में प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही की शिकायत करने किसान परिवार सीएम हेल्पलाइन के साथ ही जनसुनवाई में भी कई बार पहुंचा। समस्या परेशानी बताई, खेत पर जाने का रास्ता बंद होने की जानकारी दी। लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों ने संज्ञान नहीं लिया।

### 10वीं एनएसकेएफआई राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता में म.प्र. ने पाया तीसरा स्थान

**उज्जैन।** नागपुर में 10वीं एनएसकेएफआई राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें म.प्र. की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। टीम का प्रतिनिधित्व उज्जैन की पूर्वा झाला एवं कुलदीप सिसौदिया द्वारा किया गया। कोच पूर्वा झाला के अनुसार नागपुर के इंडोर स्टेडियम में हुई राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश की टीम सहित 8 राज्य के 800 खिलाड़ी शामिल हुए। बालिका वर्ग में भूमि भोईटे ने 10 वर्ष में सिल्वर, ख्याती वाघ 10 वर्ष में गोल्ड, एंजक सिसौदिया 9 वर्ष में ब्रांस मेडल, श्रुती वानया ब्रांज मेडल, लावन्या शर्मा ब्रांस मेडल, स्वस्ती जौसी सिल्वर, समृध्दि परमार ब्रांज मेडल, आर्ना कनोडिया गोल्ड, मुस्कान परमार गोल्ड, प्रांजल जोशी गोल्ड पदक जीता।

## भारत रत्न अटल एवं महामना के व्यक्तित्व पर होगी राष्ट्रीय संगोष्ठी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना द्वारा प्रतिवर्षानुसार भारत रत्न राष्ट्र के पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी समारोह के समापन दिवस एवं महान शिक्षाविद् महामना मदन मोहन मालवीय के जन्म दिवस 25 दिसंबर को होने जा रहे अभिनंदन समारोह में साहित्यकारों को सम्मानित किया जावेगा। कबीर के भजनो की प्रस्तुति से समारोह का शुभारंभ किया जावेगा।

समारोह अध्यक्ष डॉ. प्रभु चौधरी ने बताया कि उज्जैन में होने वाले 43वाँ राष्ट्रीय संचेतना महोत्सव में देश के विद्वान अतिथि एवं वक्ताओं का उद्बोधन होगा। समारोह 25 दिसम्बर को होटल शुभश्री उज्जैन में होगा। समारोह शुभारंभ में मुख्य अतिथि डॉ. अमिता दुबे निदेशक उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान लखनऊ, विशिष्ट अतिथि डॉ. जवाहर कर्नावट निदेशक अंतरराष्ट्रीय हिंदी केन्द्र भोपाल, पंडित रमण त्रिवेदी पुजारी महाकाल मंदिर एवं वरूण गुप्ता, सामाजिक कार्यकर्ता उज्जैन तथा डॉ. अशोक आचार्य राष्ट्रीय महामंत्री भारत रक्षा मंच दिल्ली तथा मुख्य वक्ता डॉ. अशोक कुमार भार्गव आईएएस एवं पूर्व संभागायुक्त एवं शिक्षाविद् भोपाल एवं अध्यक्षता ब्रजकिशोर शर्मा राष्ट्रीय संरक्षक एवं शिक्षाविद् उज्जैन करेंगे। राष्ट्रीय संगोष्ठी की प्रस्तावना डॉ. शैलेन्द्रकुमार शर्मा कुलानुशासक सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन, विशिष्ट वक्ता निर्मलकुमार मेहता संरक्षक प्रदेश महाराष्ट्र मुम्बई, राजेन्द्रकुमार पाल, एवं डॉ. मनीष दवे इन्दौर रहेंगे। संगोष्ठी संयोजक डॉ. हरीशकुमार सिंह उपाध्यक्ष एवं स्वागताध्यक्ष डॉ. प्रभु चौधरी अध्यक्ष आयोजन समिति उज्जैन होंगे। इस अवसर पर संस्था का द्विमासिक संचेतना समाचार पत्र विशेषांक एवं पुस्तक सुप्रज्ञ कृति का विमोचन भी होगा। अतिथियों का सम्मान एवं स्मृति चिन्ह प्रदेश महासचिव गरिमा प्रपन्न महिला प्रदेशाध्यक्ष मनीषा एवं महासचिव रंजना पांचाल, कोषाध्यक्ष अंजना जैन करेंगे। ज्ञापन राष्ट्रीय सचिव डॉ. अरूणा सराफ इन्दौर करेंगी।

## क्षत्रिय मराठा समाज की समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न समाज के विकास पर हुआ मंथन

### सेवा देने वाली कार्यकारिणी का हुआ समान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




24 खंबा महाकाल घाटी स्थित क्षत्रिय मराठा समाज की धर्मशाला में समाज अध्यक्ष अनिल धर्मे की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समाज के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी टीम के सदस्य उपस्थित रहे। समाज के सचिव अनिल गावड़े ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में समाज के सर्वांगीण विकास, समाज के बीच जाकर कार्य करने की रूपरेखा तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान समाज को एकजुट रखते हुए भविष्य की योजनाओं पर भी विचार-विमर्श हुआ। बैठक में आगामी चम्पाषष्ठी महोत्सव के आयोजन को लेकर पदाधिकारियों द्वारा अपने-अपने सुझाव रखे गए। समाज में बेहतर व्यवस्थाएं बनाकर सामूहिक सहभागिता एवं सामाजिक एकता के साथ छत्रपति शिवाजी जयंती, हल्दी कंकु के कार्यक्रम संपन्न कराने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के अंत में चम्पाषष्ठी महोत्सव 2025 के दौरान उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले सभी कार्यकारिणी सदस्यों एवं समाजसेवियों का समाज की ओर से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष अनिल धर्मे ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के सभी कार्यक्रमों की सफलता आप सभी की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। समाज की यह सक्रियता आने वाली पीढ़ी को सनातन धर्म एवं समाज सेवा की दिशा में प्रेरित करेगी। आज जो कार्य हम कर रहे हैं, वही हमारे बच्चों के लिए मार्गदर्शन बनेगा, जो भविष्य में समाज को और आगे बढ़ाएगा यह हम सभी के लिए गर्व की बात है। बैठक में इस मौके पर कोषाध्यक्ष राजेश खोयरे, उपाध्यक्ष अनीता शिन्दे, मुकेश शिंदे, सह सचिव प्रशांत शिन्दे, प्रवीण जाधव कार्यकारणी सदस्य रेखा कदम, ममता खोयरे, तेजस्विनी शिन्दे, सविता भोईटे, रणजीत राव सपकाले, अनिल खोकले, मधुकर राव यादव, राजेश करे, नरेंद्र जाधव, दीपक काटे युवा जितेंद्र शिन्दे, प्रतीक भूसेकर, मयंक भोसले, अपूर्व धर्मे, पवन पवार, गौरव रोकड़े आदि लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## खबर एक नजर...

### वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन इंडिया ने लव जिहाद के मामलों पर सख्त कार्रवाई की मांग की

**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में उज्जैन से लव जिहाद से जुड़े मामलों का सामने आना चिंता का विषय बनता जा रहा है। विशेष रूप से ये मामले शहर के होटलों से उजागर हो रहे हैं, जिससे धार्मिक नगरी की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन इंडिया के प्रदेश महामंत्री रोहित मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी हिंदू संगठन सनातन धर्म की रक्षा और सामाजिक जागरूकता के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा ऐसे मामलों को चिन्हित कर पुलिस प्रशासन को सौंपा जा रहा है। रोहित मित्तल ने प्रशासन से मांग की कि लव जिहाद के मामलों में सख्त और प्रभावी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। उन्होंने कहा कि जब देश-प्रदेश से श्रद्धालु उज्जैन आते हैं और इस तरह की घटनाएं होटलों से सामने आती हैं, तो इससे धार्मिक नगरी उज्जैन को लेकर गलत संदेश जाता है। संगठन ने यह भी मांग की कि शहर के सभी होटलों की कड़ी जांच की जाए और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि उज्जैन की धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक गरिमा बनी रहे।

### कार्रवाई वापस लेने की मांग, 20 दिसंबर को बड़े आंदोलन की चेतावनी

**उज्जैन।** कोठी पैलेस स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति अधिकारी-कर्मचारी संघ एवं एससी-एसटी-ओबीसी के विभिन्न संगठनों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में अजाक्स संगठन के प्रांताध्यक्ष आईएएस संतोष वर्मा को पद से हटाए जाने के मुद्दे पर विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें सभी संगठनों ने अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आईएएस संतोष वर्मा के समर्थन में 17 दिसंबर (बुधवार) को सुबह 11 बजे से टॉवर चौराहे पर अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ किया जाएगा। यह धरना तीन दिनों तक चलेगा और 19 दिसंबर को समाप्त होगा। संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि तीन दिन के भीतर आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ की गई कार्रवाई वापस नहीं ली जाती है, तो 20 दिसंबर को उज्जैन में एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा, जिसमें 15 से 20 हजार समाजजन एकत्रित होकर प्रदर्शन करेंगे। बैठक में प्रमुख रूप से अजाक्स संगठन, डॉ. आंबेडकर विद्यार्थी संगठन (उअशर), भीम आर्मी, भारतीय बौद्ध महासभा, राष्ट्रीय बौद्ध महासभा, डोमा परिसंघ, आजाद समाज पार्टी, गुजराती बलाई युवा संगठन, मालवीय बलाई समाज संगठन, रविदास सेवक संघ, गुजराती सूर्यवंशी समाज सहित अनेक संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर धर्मेंद्र सोलंकी, प्रकाश चौहान, राजेश वर्षी, धूल सिंह सूर्यवंशी, रमेश सूर्यवंशी सहित अन्य संगठन प्रतिनिधि मौजूद थे। यह जानकारी राम सोलंकी द्वारा दी गई।

### सूचना मिलने पर कॉलेज पहुंच पुलिस को जानकारी दी

# फर्जी आईडी और लव जिहाद के आरोप में कामरान को पुलिस ने पकड़ा, सैलाना कॉलेज में हुआ बवाल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम



जिले के सैलाना में लव जिहाद की आशंका में सोमवार दोपहर शासकीय कॉलेज में हंगामा हो गया। बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी कॉलेज में पहुंच गए। एक छात्र पर नाम बदल कर प्यार में लड़कियों को फंसाने व लव जिहाद करने का आरोप लगाया। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। पुलिस छात्र को पकड़कर थाने लाई।

बजरंग दल पदाधिकारियों का कहना था कि युवक ने इंस्टाग्राम पर अलग-अलग नाम से अपनी आईडी बना रखी है। कई आपत्तिजनक चीजे उसके मोबाइल में है। हाथ में कलेवा बांध कर बरगलता है। पदाधिकारी कॉलेज प्रिंसिपल से छात्र को बुलाने की मांग पर अड़ गए। बाद में सैलाना थाना पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे। कॉलेज में से छात्र को भीड़ में से अपने साथ लेकर थाने लेकर गए।

इस दौरान पदाधिकारी जय श्री राम, देश का बल बजरंग दल के नारे लगाने लगे। बजरंग दल पदाधिकारी छात्र पर कार्रवाई की मांग को लेकर सैलाना थाने पर मौजूद है। कार्रवाई को लेकर शिकायती आवेदन भी दिया है। दोपहर 4.30 बजे तक पुलिस की तरफ से किसी प्रकार की कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई थी। जिला प्रवर्तन प्रमुख महेश राव, प्रखंड अध्यक्ष मनोज कसेरा, प्रखंड संयोजक ललित चंदेल, मंत्री रोहित कसेरा, विद्यार्थी प्रमुख मंगलेश पाटीदार, नागेश्वर पाटीदार, सुरक्षा प्रमुख डूंगरसिंह, गोरक्षा प्रमुख भरत पाटीदार आदि मौजूद रहे।

**थाने पर दिया शिकायती आवेदन**

बजरंगदल के पदाधिकारियों की तरफ से सैलाना थाने में आवेदन दिया है। जिसमें बताया कि कामरान पिता जफरखान निवासी सरवन सैलाना महाविद्यालय में पढ़ता है। हाथ में कलावा बांध था जो कि हिंदू धर्म का प्रतीक है। बिना परमीशन के कॉलेज में लड़कियों के वीडियो बनाता है। कॉलेज में नागेश्वर पाटिदार और रोहित कुमावत वीडियो बनाते पकड़ा।

हमने पकडकर उसको मोबाइल खोल कर बताने के कहा तो उसमें हिंदू नाम से इंस्टाग्राम आईडी बना रखी थी। जिसकी संख्या पांच से अधिक है। आवेदन में यह भी बताया कि गलत नाम से आईडी बनाकर यह हिंदू लड़कियों और महिलाओं से चैट कर उन्हें अपने झूठे प्यार और लव जिहाद में फंसा रहा है।

### वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन इंडिया ने गौ माता की सेवा कर मुख्यमंत्री के सफल कार्यकाल की कामना की

**उज्जैन।** धार्मिक नगरी उज्जैन में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन इंडिया द्वारा रिंग रोड स्थित तिलकेश्वर गौशाला में गौ सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री के बड़े भाई एवं समाजसेवी नारायण यादव तथा निशान यादव उपस्थित रहे। संगठन के प्रदेश महामंत्री रोहित मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने की खुशी में संगठन द्वारा गौ माता को चारा खिलाकर उनकी सेवा की गई तथा मुख्यमंत्री की लंबी उम्र और सफल व जनहितकारी कार्यकाल की कामना की गई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा गौ संरक्षण एवं गौ संवर्धन के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की गई हैं, जिनका लाभ गौशालाओं और गौ पालकों को मिल रहा है।

इसी संदेश को आगे बढ़ाते हुए संगठन ने यह सेवा कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर समाजसेवी निशान यादव ने कहा कि जीवन में गौ माता की सेवा और उनकी रक्षा करना अत्यंत पुण्य का कार्य है।

### तीनों पुत्री को मिलेगा,माता-पिता का स्नेह मिलेगा

**उज्जैन।** जयसिंहपुरा निवासी प्रिया का विवाह भगवतसिंह निवासी को कुकल्याखेड़ा,नरसिंहगढ़,राजगढ़ के साथ 13 जुलाई 2016 को हुआ था,विवाह के बाद पुत्री-भाव्या,पुत्री-खुशी,पुत्री-पृथ्वी ने जन्म लिया । प्रिया अपनी तीनों पुत्री के साथ 6 नवंबर 2024 से मायके में निवासरत थी तथा उपप्रधानपीठासीन न्यायाधीश राकेश कुमार गोयल के न्यायालय में भरण पोषण का केस लगा रखा था, लोक अदालत में दी गई समझाईए के कारण दोनों ने समझौता किया, तथा साथ रहना स्वीकार किया,इस समझौते से तीनों पुत्री के चेहरे पर खुशियां लौटी तथा तीनों को माता-पिता का स्नेह मिलेगा,कलह का कारण प्रिया को पुत्र उत्पन्न नहीं होना बताया गया,आवेदिका का पक्ष प्रशिक्षित मध्यस्थ ठाकुर हरदयालसिंह एडवोकेट ने रखा ? प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री पी.पी.गुप्ता के नेतृत्व में चौपन खंडपीठों का गठन किया गया,जिसमें प्रशिक्षित मध्यस्थ ठाकुर हरदयालसिंह एडवोकेट के बीच प्रकरणों का निराकरण आपसी सहमति के साथ हुआ।

# भजिये में नशीली दवा मिलाकर नगदी जेवरात लेकर फरार होने वाली लुटेरी दुल्हन गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर



10 दिसम्बर को ग्राम नांदवेल से एक ही परिवार के 9 लोगों के बेहोश होने की सूचना प्राप्त होने पर थाना प्रभारी उनकी टीम के साथ गांव पहुंचकर फरियादी सत्यनारायण पिता मोहनलाल पाल जाति गायरी नि. नांदवेल व उसके परिवारजनों को जिला चिकित्सालय, मंदसौर भर्ती कराया।

पीडित सत्यनारायण पिता मोहनलाल पाल जाति गायरी निवासी नान्दवेल से घटनाक्रम के संबंध में पूछताछ करने पर बताया कि मेरी शादी दिनांक 20 नवम्बर को ज्योति पिता कैलाश राय निवासी जोगापुर जिला वाराणसी उ.प्र. से हुई थी, जो ज्योति हमारे साथ मेरे घर ग्राम नांदवेल में रह रही थी। दिनांक 9 दिसम्बर 25 को रात 8 बजे करीबन ज्योति द्वारा पकोडे बनाये तथा पकोडे में नशीला पदार्थ मिलाकर हमें खिला दिया जिससे हम सभी बेहोश हो गये। हमारी बेहोशी के बाद ज्योति घर से चाँदी के पायजेब, बिछिया व 50 हजार रुपए नगदी लेकर फरार हो गई। फरियादी की सूचना/रिपोर्ट पर देहाती नालसी पर थाना भावगढ़ पर असल अपराध क्र. 204/25 धारा 318(4), 123 बी.एन.एस. का कायम कर अनुसंधान में लिया गया।

विनोद कुमार मीना, पुलिस अधीक्षक मंदसौर के मार्गदर्शन एवं श्री तेरसिंह बघेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व श्रीमती कीर्ति बघेल अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मंदसौर ग्रामीण के निर्देशन में थाना प्रभारी निरी. वरसिह कटारा के नेतृत्व में गठित टीम ने फरियादी सत्यनारायण से विस्तृत पूछताछ की जिनके द्वारा बताया कि उसकी शादी उसी के ग्राम नांदवेल में रहने वाले रमेशसिंह पिता नन्दु उर्फ नरेन्द्रसिह राजपुत द्वारा वाराणसी की ज्योति से वाराणसी, उ.प्र. के रहने वाले बबलू के माध्यम से करवाया था।

फरियादी सत्यनारायण से पूछताछ के दौरान ज्योति पिता कैलाश राय नि. जोगापुरा की जानकारी प्राप्त कर तत्काल टीम खाना की गई, जहां ज्योति उक्त पते पर न होकर अन्य जगह होना ज्ञात हुआ, जिसे स्थानीय पुलिस की मदद से दबिश देकर पकडा गया, ज्योति के कब्जे से अपने साथ ले गये जेवरात व नगदी रुपए जप्त किये गये। पूछताछ के दौरान ज्योति द्वारा अन्तिमा पति प्रदीप राय, निवासी पंचकोसी जिला वाराणसी (उ.प्र) द्वारा बबलू से मिलाना एवं शादी करवाना बताया। तब अन्तिमा पति प्रदीप राय, निवासी पंचकोसी जिला वाराणसी (उ.प्र) को भी दबिश देकर पकडा गया, जिसके द्वारा भी बबलू के माध्यम से ज्योति की शादी करवाना बताया।

कार्यवाही के दौरान एक अन्य आरोपी रमेशसिंह पिता नंदू उर्फ नरेन्द्रसिंह नि. नांदवेल को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में मुख्य आरोपी बबलू निवासी गोरखपुर उ. प्र. का फरार है। लुटेरी दुल्हन का खुलासा कर आरोपीगणों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। मामले मेंज्योति पति रितिक राय उम्र २५ वर्ष निवासी नेवडिया जोगापुर, जिला वाराणसी (उ.प्र), अन्तिमा पति प्रदीप राय उम्र 25 वर्ष निवासी पंचकोसी जिला वाराणसी (उ.प्र), रमेशसिंह पिता नन्दु उर्फ नरेन्द्रसिह राजपुत उम्र 50 वर्ष निवासी नान्दवेल को गिरफ्तार किया है

# रेलवे महाप्रबंधक से मिलेगा बरखेड़ा पंथ का प्रतिनिधि मंडल

### 139 नंबर फाटक की समस्याओं को लेकर होगी चर्चा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पिपलिया मंडी



ग्राम बरखेड़ा पंथ के 139 नंबर रेलवे फाटक से जुड़ी गंभीर समस्याओं को लेकर शीघ्र ही ग्रामीणों का एक प्रतिनिधि मंडल पश्चिम रेलवे मंडल, मुंबई के महाप्रबंधक से मुलाकात करेगा। यह मुलाकात महाप्रबंधक के 139 नंबर फाटक पर प्रस्तावित ठहराव के दौरान होगी। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व ग्राम बरखेड़ा पंथ के पूर्व सरपंच दिनेश कारपेंटर करेंगे, जो ग्रामवासियों की प्रमुख मांगों को रेलवे प्रशासन के समक्ष रखेंगे।

ग्रामीणों की मुख्य मांग 139 नंबर फाटक पर अंडरब्रिज निर्माण अथवा इनलॉक फाटक की सुविधा शुरू करने की है। इसके साथ ही फाटक के पश्चिम दिशा में वर्षों पुराने पानी निकासी मार्ग एवं आम रास्ते को रेलवे विभाग द्वारा पिछले तीन वर्षों से बंद किए जाने का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया जाएगा। इस कारण क्षेत्र के कृषकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उचित जल निकासी न होने से सैकड़ों हेक्टेयर में खड़ी फसलें खराब हो चुकी हैं, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। महाप्रबंधक के दौरे को लेकर रेलवे प्रशासन द्वारा 139 नंबर फाटक पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। दिनभर रेलवे अधिकारियों का आवागमन बना हुआ है। फाटक क्षेत्र में रंग-रोगन, दोनों ओर डामरीकरण, लाइटिंग सहित अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त की जा रही हैं। ग्रामीणों को उम्मीद है कि इस मुलाकात के बाद उनकी वर्षों पुरानी समस्याओं का शीघ्र समाधान निकलेगा।

### श्री भूतेश्वर महादेव समिति ने निकाला चल समारोह

**उज्जैन।** श्री हनुमान अष्टमी के पावन अवसर पर दानी गेट अनंत पेठ स्थित धाकड़ समाज धर्मशाला में श्री भूतेश्वर महादेव हनुमान मंदिर समिति द्वारा दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समिति के रोहित राव अवार्ड ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के प्रथम दिन सुंदरकांड पाठ के साथ आयोजन की शुरूआत हुई, जिसके पश्चात मां क्षिप्रा की महाआरती कर चुनरी अर्पण की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में साधु-संत एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। सनातन धर्म की उन्नति एवं रक्षा के लिए प्रार्थना की गई तथा उपस्थित साधु-संतों का मंदिर समिति द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर श्री हनुमान अष्टमी के उपलक्ष्य में विशाल चल समारोह निकाला गया।

# ई केवाईसी प्रगति में कमी को लेकर जनपद सीईओ पर जताई नाराजगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आलीराजपुर

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में समय-सीमा पत्रकों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने सीएम हेल्पलाइन की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लेकर संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डी-ग्रेड रैंकिंग वाले विभागों को कहा कि समय रहते सुधार करें अन्यथा कार्रवाई की जाएगी, विशेष रूप से 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों पर फोकस करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का भी समय सीमा में निराकरण कर की गई कार्रवाई से कलेक्टर कार्यालय को अवगत कराना सुनिश्चित करे। साथ ही कहा कि जनप्रतिनिधियों के पत्रों पर की गई कार्यवाही तथा हाईकोर्ट में लंबित अवमानना प्रकरणों में प्रस्तुत जवाब की प्रतिलिपि भी अनिवार्य रूप से कार्यालय को उपलब्ध कराए।

आगे उन्होंने गीता भवन निर्माण हेतु प्रस्तावित स्थल की भी समीक्षा की।उन्होंने एसी ट्राइबल को निर्देशित किया कि सभी स्कूल छात्रावासों में फायर एक्सटिंग्विशर कार्यशील स्थिति में हों तथा उनके उपयोग का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जाए। साथ ही सीएमएचओ को सभी स्कूल, कॉलेज एवं शासकीय संस्थाओं में सी.पी.आर का व्यवहारिक प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में डीपीओ महिला एवं बाल विकास द्वारा बताया गया कि जिन विभागों में 10 या उससे अधिक अधिकारी-कर्मचारी हैं, वहां लैंगिक शोषण के विरुद्ध समिति का गठन किया जा रहा है। जिन विभागों में 10 से कम अधिकारी-कर्मचारी हैं, वे कलेक्ट्रेट कार्यालय में गठित समिति के अंतर्गत आएंगे। ई-केवाईसी की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायत सीईओ द्वारा प्रगति में कमी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सख्त निर्देश दिए कि ई-केवाईसी में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।साथ ही कहा सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि हितग्राही मूलक शिकायतों को गंभीरता से लेकर त्वरित समाधान करना सुनिश्चित करे।इसके साथ ही हॉस्टल निरीक्षण समिति को परख ऐप के माध्यम से सभी हॉस्टलों का निरीक्षण कर प्रतिवेदन अनिवार्य रूप से कलेक्टर कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।




## वन समिति के सदस्यों व अधिकारियों ने ली टीबी मुक्त भारत की शपथ

**मंदसौर।** मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गोविंद चौहान ने बताया कि कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग के मार्गदर्शन में भानपुरा ब्लॉक के गांधी सागर में स्थित अभ्यारण अंतर्गत वन समिति में कार्यरत कर्मचारी, अभ्यारण के कर्मचारियों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान एक्सरे व खून की जांच एवं अन्य सभी स्वास्थ्य परीक्षण किये गए। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जन जागरूकता हेतु वन समिति के सदस्यों व अधिकारीयों को शपथ दिलाकर समाज में टीबी की बीमारी से बचने जांच उपचार के बारे में बताया गया। अभ्यारण के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नावली तथा चेनपुरिया ब्लॉक के रावली कुड़ी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में कुल 225 वन समिति के सदस्यों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया।

## कलेक्टर ने किया 18 सेवा निवृत्त शासकीय सेवकों का सम्मान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच

जिला प्रशासन द्वारा जिले के विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों के प्रकरणों और स्वत्वों का त्वरित निराकरण करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। शासकीय सेवकों को सेवानिवृत्ति के माह में ही उनके सभी स्वत्वों का भुगतान मिले, यह सुनिश्चित किया जा रहा है। यह बात कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में माह अक्टूबर, नवम्बर में सेवानिवृत्त हुए 18 सेवकों के सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए कही।

इस मौके पर एडीएम श्री बी.एस.कलेश, जिला कोषालय अधिकारी श्री बी.एम.सुरावत, सहायक जिला पेंशन अधिकारी श्री राजू मेहर, पेंशनर्स संघ के श्री जगदीश गुजेटिया, श्री राधेश्याम पुरोहित, प्रो.श्री एल.एन.शर्मा, श्री बालचंद वर्मा व पेंशनर्स पदाधिकारी, सदस्यगण तथा जिला अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने सभी सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को सेवानिवृत्ति पर शुभकामनाएं एवं बधाई दी और उन्हें पुष्पमाला पहनाकर, शाल ओढाकर, पी.पी.ओ., जी.पी.ओ. भुगतान आदेश की प्रति प्रदान कर सम्मानित किया।कलेक्टर ने सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों, पेंशनर्स की समस्याओं के समाधान के लिए माह में एक दिन निर्धारित कर शिविर में आयोजित करने के निर्देश भी जिला कोषालय एवं जिला पेंशन अधिकारी को दिए। पेंशनर्स संघ के पदाधिकारियों ने भी अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

## सड़क दुर्घटना में घायल 2 व्यक्तियों को, डायल-112ने पहुँचाया अस्पताल

**नीमच।** जिला नीमच के थाना जावद चौकी सरवानिया अंतर्गत सरवानिया और मुकनपुरा के बीच सडक दुर्घटना सूचना राज्य स्तारीय पुलिस कन्ट्रोल रूम डायल 112 भोपाल में दिनांक 14 दिसम्बर को दोपहर 3 बजे प्राप्त हुई। सूचना पर तत्काल जिले की एफआरवी 6 सरवानिया महाराज को रवाना किया गया। एफआरवी स्टाफ प्र.आर. गोविन्द सिंह तथा पायलट राजेश कुमार ने घटना स्थल पर पहुंचकर बताया की एक आटो अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था जिसमें मनोहर लौहार निवासी जावद एवं 1 अन्य व्यक्ति घायल हो गये थे। जिन्हे एफआरवी वाहन द्वारा सरवनिया अस्पताल पहुंचाकर उपचार उपलब्ध करवाया गया।

## सिविल अस्पताल में एमएस व एनेस्थेटिक डॉक्टर की नियुक्ति से अब रेफर पर लगेगी रोक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जावरा

सिविल अस्पताल में एसएम व एनेस्थेटिक सर्जन की नियुक्ति हुई है ।उक्त नियुक्ति के पश्चात गंभीर मरीजों को छोटी सर्जरी के लिए अन्यत्र बाहर रेफर नहीं किया जाएगा ।इससे स्वास्थ्य सेवाओं में बदलाव आएगा । सिविल अस्पताल के मीडिया प्रभारी शैलेंद्र कुमार दवे ने बताया कि स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने की दिशा में निरंतर प्रयास सफल होते जा रहे हैं। विधायक डॉ राजेंद्र पांडे के अथक प्रयासों से दो विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति सीधे भोपाल से हुई है। एम एस के पद पर डॉ पीयूष मागरिया एवं एनेस्थेटिक सर्जन डॉक्टर भारती यादव की पद स्थापना के आदेश हुए हैं । सिविल अस्पताल में लंबे समय से ऑपरेशन थिएटर में सर्जरी का कार्य पर विराम सा लग गया था। अब लगातार सर्जरी होती रहेगी। रेफर भी नहीं किए जाएंगे। वैसे वर्तमान में सिजेरियन, एलटीटी, स्टेक टामिं, ऑर्थोपेडिक सर्जरी हो रही थी। जो डॉक्टर दीपक पालडिया, डॉक्टर अजय सिंह राठौर, अतुल मंडवारिया, एवं डॉ दिनेश पाटीदार द्वारा की जा रही थी। इसका लाभ ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को मिलेगा सर्जरी नहीं होने से मरीजों को उपचार की सुविधा के साथ अनावश्यक खर्चे से भी बचा जा सकेगा। विधायक डॉ पांडे के प्रति स्थानीय स्वास्थ्य विभाग ने उक्त नियुक्ति पर आभार व्यक्त किया।

## राष्ट्रीय हस्त शिल्प सप्ताह मनाया




**इन्दौर।** 8 से 14 दिसम्बर तक राष्ट्रीय हस्त शिल्प सप्ताह मनाया गया। अंतिम दिवस सांसद अनिल फिरोजिया ने उज्जैन में चल रहे गांधी शिल्प बाजार का अवलोकन किया। संस्था सोसायटी क्राफ्ट एंड सोशल वेलफेयर सोसायटी के संस्थापक संदीप राय एवं मेला समन्वयक रीना वर्मा ने मेले के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। सांसद ने मेले में आये हस्त शिल्पियों की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि उज्जैन में प्रति वर्ष लगभग 8 करोड श्रद्धालु व टूरिस्टों का आगमन होता है। उन्होने बताया कि प्रधानमंत्री ने मध्यप्रदेश में तीन यूनिटी माल की परियोजना की मंजूरी दी। तीन में से एक यूनिटी माल उज्जैन में बन रहा है जिसके लिये तीन सौ करोड़ रुपये की योजना मंजूर की गई है। कार्यक्रम में उज्जैन भाजपा की महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका सेंगर, समाजसेवी भानु भदौरिया, हस्त शिल्प व गणमान्य नागरिक एवं आगंतुक उपस्थित थे।

## कृषि उपज मंडी में जैविक हाट का शुभारंभ



ब्रह्मास्त्र ▸▸ अलीराजपुर

आज कृषि उपज मंडी आलीराजपुर में जैविक हाट का शुभारंभ जिला कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न विकास खंडों से आए जैविक उत्पादक किसानों द्वारा अपने जैविक उत्पादों का विक्रय किया गया।

जैविक हाट में ज्वार, बाजरा, मक्का, मूंगफली, छेना बाजार सहित जैविक सब्जियों में हरी मिर्च, बैंगन, टमाटर, खीरा, पपीता आदि उत्पाद उपलब्ध रहे। कृषि सचिव द्वारा जानकारी दी गई कि यह जैविक हाट प्रति सोमवार को मंडी परिसर में लगाया जाएगा साथ ही उन्होंने बताया कि जैविक हाट में विक्रय किए जा रहे सभी उत्पाद पूरी तरह जैविक तरीके से उगाए गए हैं, जिनमें किसी भी प्रकार के रासायनिक उर्वरक का प्रयोग नहीं किया गया है।

खेती में गोबर खाद एवं फल-सब्जियों के अपशिष्ट से बनी खाद का उपयोग कर प्राकृतिक विधि से फसलों का उत्पादन किया गया है। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने कृषि अधिकारियों को निर्देश दिए कि जैविक उत्पादों के विक्रय हेतु स्थायी बाजार उपलब्ध कराया जाए।इस दौरान कलेक्टर एवं वहां उपस्थित अधिकारियों ने जैविक उत्पादों का क्रय किया गया। कार्यक्रम में उप संचालक कृषि श्री एस.एस. चौहान, परियोजना संचालक आत्मा श्री दादू सिंह मौर्य, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री एस. एस. बघेल, अनुविभागीय अधिकारी कृषि, उपसंचालक उद्यान श्री कैलाश चौहान, मंडी सचिव एवं व्यापारी,जैविक खेती करने वाले किसान एवं कृषक उत्पादक संगठन के सदस्य उपस्थित रहे।

## इंडस्ट्रियल पार्क की जमीन से हटाने पर रहवासियों का विरोध



ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

मेगा इंडस्ट्रियल पार्क (निवेश क्षेत्र) की जमीन से अतिक्रमण हटाने पहुंची प्रशासनिक टीम को भारी विरोध का सामना करना पड़ा है। जिन लोगों के मकान तोड़े जाने हैं, उन्होंने रतलाम-शिवगढ़ रोड पर चक्काजाम कर दिया है। लोग सड़क पर धरने पर बैठ गए हैं, जिससे आवागमन बाधित हो गया है। मौके पर भारी पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद हैं। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि वे यहां पिछले 30-40 साल से रह रहे हैं। उनका दर्द है कि पहले वे रतलाम शहर में अमृत सागर तालाब के किनारे रहते थे। प्रशासन ने वहां से हटाकर उन्हें यहां (बिबड़ौद) भेजा था। अब यहां से भी उजाड़ा जा रहा है। रहवासियों ने नई जगह (लखनगढ़) को लेकर नाराजगी जताई है। उनका आरोप है कि प्रशासन ने जहां जगह दी है, वह जंगल की जमीन है। वहां रहने के लिए पक्के इंतजाम नहीं हैं, सिर्फ त्रिपाल लगा दिए गए हैं। ऐसे में वे अपने परिवारों को लेकर कहां जाएं और जंगल में कैसे गुजारा करें।

## सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि कांग्रेसजन ने मनाई

मंदसौर । जिला मुख्यालय पर कांग्रेसजन ने लौह पुरुष व देश के प्रथम गृह मंत्री स्व.सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि मनाई गई । स्व.पटेल की पुण्यतिथि के इस अवसर पर सरदार वल्लभ भाई पटेल चौराहा पहुंच कर कांग्रेसजन ने सरदार पटेल की मूर्ति पर माल्यार्पण किया । यहां पर सभी कांग्रेसजन ने सरदार पटेल के किए गए कार्यों व उनके देश की तरक्की में योगदान को याद किया गया । इस अवसर पर पूर्व एनएसयूआई जिला अध्यक्ष राजेश सोलंकी,जिला कांग्रेस पदाधिकारियों में राजनारायण लाड़,लक्ष्मण मेघनानी,वहीद जैदी,शहर ब्लॉक कार्यवाहक अध्यक्ष सलीम खान,युवक कांग्रेस जिला महासचिव नेहा कनकमल जेन,कन्हैयालाल कुमावत,शैलेन्द्र मारोठिया आदि इस अवसर पर उपस्थित थे ।

## 3 जुआ के प्रकरणों में 11 आरोपियों से 12,150 रु. नगदी व जुआ उपकरण जप्त

मंदसौर। नगर के रावण रोड खानपुरा पर पुलिस ने जुआ के तीन प्रकरणों में 11 आरोपियों को पकड़ा। पुलिस ने घटना स्थल से आरोपियों की कब्जे से 12,150 नगदी व जुआ उपकरण जप्त किए। सभी आरोपी के खिलाफ मंदसौर कोतवाली पर 13 जुआ एक्ट में मामला दर्ज किया। पुलिस ने रविवार की रात करीब 7.30 बजे यह कार्रवाई की। एक कार्रवाई रावण रोड मंदसौर पर की गई इस प्रकरण में चार आरोपियों को ताश पत्ती से जुआ खेलते हुए पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से नगदी 4700 और जुआ उपकरण जप्त किए। जबकि एक अन्य जुआ प्रकरण में धोबी मोहल्ला भेरुबावजी के ओटले के पास खानपुरा में जुआ खेलते हुए चार आरोपियों को ताश पत्ती पर हार जीत करते हुए पकड़ा। मौके से 4250 नगदी और जुआ उपकरण जप्त किए। जुआ के अन्य एक और प्रकरण में तीन छतरी बालाजी मंदिर के पास रावण रोड मंदसौर पर जुआ खेलते हुए तीन को धर दबोचा.




धुरंधर बॉक्स ऑफिस कलेक्शन


# 552 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार

## दूसरे वीकेंड कलेक्शन के मामले में फिल्म ने बनाया रिकॉर्ड

रणवीर सिंह स्टारर फिल्म 'धुरंधर' घरेलू और बाहरी दोनों ही बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के मामले में वर्ल्डवाइड 550 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है। फिल्म ने महज 10 दिन में ही दुनिया भर में 552.70 करोड़ का बिजनेस किया है। आदित्य धर की डायरेक्टरेट ये फिल्म 5 दिसंबर को रिलीज हुई थी। फिल्म ने दूसरे संडे को 58.20 करोड़ रुपए का बिजनेस किया है, जो संडे को किसी भी हिंदी फिल्म के लिए अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। इस तरह इंडियन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का बिजनेस 364.60 करोड़ रुपए हो गया है। दस दिनों में फिल्म का भारत में ग्रॉस कलेक्शन का आंकड़ा 430.20 करोड़ हो गया है, जबकि विदेशों में ये 120.50 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। फिल्म ने अपने पहले वीक में 218 करोड़ रुपए के बिजनेस के साथ शुरूआत की। इसके बाद दूसरे शुक्रवार को 34.70 करोड़ और दूसरे शनिवार को 53.70 करोड़ का कलेक्शन हुआ।

# जय भानुशाली के अफेयर की अफवाहों पर भड़कीं आरती सिंह

**तलाक की खबरों के बीच एक्ट्रेस के साथ कॉन्सर्ट में पहुंचे थे, आरती बोलीं- उसकी राखी बहन है**





पॉपुलर एक्टर जय भानुशाली इन दिनों तलाक की खबरों से सुर्खियों में हैं। हाल ही में जय को बिस्मिल कॉन्सर्ट में स्पॉट किया गया। उनके साथ एक महिला भी स्पॉट की गईं, जिसके बाद वीडियो को ये कहते हुए पोस्ट किया गया कि जय भानुशाली, मिस्ट्री गर्ल के साथ कॉन्सर्ट में पहुंचे थे। हालांकि मिस्ट्री गर्ल कही जा रहीं महिला कोई और नहीं बल्कि एक्ट्रेस माइशा अय्यर हैं। जय भानुशाली और माइशा अय्यर पर इस तरह के दावे किए जाने पर अब एक्ट्रेस आरती सिंह भड़क गईं।

इंस्टाग्राम पर एक न्यूज आउटलेट के अकाउंट से जय भानुशाली और माइशा का कॉन्सर्ट एंजॉय करते हुए एक वीडियो पोस्ट किया गया जिसके साथ लिखा था, 'तलाक की खबरों के बीच जय भानुशाली को मिस्ट्री गर्ल के साथ देखा गया।' इस वीडियो पर आरती सिंह ने भड़कते हुए कमेंट कर लिखा, 'तुम लोग कुछ भी लिखते हो, ये उसकी राखी बहन है। अपने फैक्ट्स चैक कर लो।'

आरती सिंह के अलावा भी कई सोशल मीडिया यूजर्स इस वीडियो और इसके कैप्शन की जमकर आलोचना कर रहे हैं। बता दें कि माइशा अय्यर, बिग बॉस 16 का हिस्सा रह चुकी हैं। इस कॉन्सर्ट में माइशा और जय भानुशाली के अलावा आवेज दरबार, नगमा मिराजकर, आकांक्षा पुरी समेत कई सेलेब्स मौजूद थे।

**तलाक की खबरों से चर्चा में हैं जय भानुशाली**

लंबे समय से माही विज और जय भानुशाली की तलाक की खबरें सुर्खियों में हैं। बीते महीने रिपोर्ट्स रहीं कि दोनों के तलाक की प्रोसेस जारी है और अब दोनों बेटी तारा की कस्टडी पर फैसला कर रहे हैं। इसी बीच माही विज ने अपने यूट्यूब व्लॉग में तलाक की खबरों पर रिएक्ट किया, हालांकि उन्होंने ये साफ नहीं किया कि वो तलाक ले रही हैं या नहीं।



# हार का गम नहीं गौरव भाई की जीत की खुशी

## बिग बॉस 19 से बाहर आए प्रणित मोरे बोले मालती संग लड़ाई पर भी रिएक्शन दिया

बिग बॉस 19 के फिनाले के बाद, सेकेंड रनर-अप प्रणित मोरे ने अपने अनुभव और भावनाओं का खुलासा किया हैं। भाई गौरव खन्ना की जीत की खुशी से लेकर घर के अंदर बिताए गए हंसते-खेलते और चुनौतीपूर्ण पलों तक, बातचीत में प्रणीत ने बताया कि कैसे उन्होंने शो में अपनी कॉमेडी से सबको प्रभावित किया और व्यक्तिगत रिश्तों में संतुलन बनाए रखा साथ ही उन्होंने बिग बॉस के सबसे यादगार और मुश्किल मोमेंट्स और आने वाले यूट्यूब कंटेंट की तैयारियों पर भी बात की हैं। प्रणित, आप सेकेंड रनर-अप हैं, लेकिन आपके चेहरे की खुशी किसी विनर से कम नहीं है।


मैं खुश इस बात से हूं कि मेरा भाई जीता है बिग बॉस। मुझे ये भी उम्मीद थी कि मैं भी जीत सकता हूं, लेकिन उन्हें जनता ने ज्यादा वोट देकर जिताया है। फिलहाल मैं बाहर निकलकर अपने स्टैंड-अप पर फोकस करूंगा। फिनाले थोड़ा इमोशनल हो गया था, इसलिए मैंने जो कंटेंट बिग बॉस पर लिखा था वो परफॉर्म नहीं कर पाया। लेकिन अब जाकर शूट करूंगा और अपने यूट्यूब पर जरूर डालूंगा। मालती और आपके बीच दोस्ती हो चुकी है या वो अब भी आपके बर्ताव से नाराज चल रही है? जैसे ही मैं बाहर निकला, हमारी थोड़ी-सी बातें हुईं उतनी नहीं। लेकिन वो अब भी नाराज है, और शायद कल फिर से मनाने की कोशिश करूं तो मान जाएं। बेस्ट तो तब था जब गौरव खन्ना और मैं एक टास्क में कमेंट्री करने गए थे उस दिन हमने बड़ा मजा किया था। और खराब मोमेंट तब था जब बसीर ने मुझे फालतू चीजें कही थीं, जो सुनकर अच्छा नहीं लगा। मुझे एहसास हुआ है कि कई लोग यहां सिर्फ शो के लिए पंगे करते हैं और बाद में उन्हें याद तक नहीं रहता।

# एक्ट्रेस श्रेया कालरा के वीडियो पर आए भद्दे कमेंट्स

## भड़कते हुए कहा- किरदार पर सवाल उठाने, गाली देने का हक कैसे मिला, बॉयफ्रेंड ने भी चुप्पी तोड़ी

पॉपुलर सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर और एक्स रोडीज कंटेस्टेंट श्रेया कालरा हाल ही में कॉन्सर्ट के एक वीडियो से विवादों से घिर गईं। श्रेया ने कॉन्सर्ट से एक वीडियो पोस्ट की थी, जिसमें वो दोस्त और मॉडल विवेक केसारी के कंधों पर बैठीं कॉन्सर्ट एंजॉय करती नजर आई थीं। वीडियो सामने आने के बाद लोगों ने उनके किरदार पर भद्दे कमेंट्स करते हुए आरोप लगाए कि वो बॉयफ्रेंड ऋषभ जायसवाल को धोखा दे रही हैं। लगातार हो रही ट्रोलिंग के बीच अब श्रेया ने भड़कते हुए मामले पर चुप्पी तोड़ी है।

श्रेया कालरा ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से लिखा है, यह सच में हैरान करने वाली बात है कि आप में से कुछ लोग बिना एक भी सच्चाई जाने, किसी महिला को कितनी जल्दी जज करने लगते हैं। आप सिर्फ 5 सेकेंड का एक क्लिप देखते हैं और सोच लेते हैं कि आपको मेरे चरित्र पर सवाल उठाने, मुझे गालियां देने और मेरी जिंदगी के बारे में मनगढ़ंत कहानियां बनाने का हक है? आगे उन्होंने लिखा है, 'मैं यह साफ कर देना चाहती हूं, विवेक (वीडियो में दिख रहे शख्स) मेरे




लिए बिल्कुल भाई जैसा है। मेरी जिंदगी में जो लोग सच में मायने रखते हैं, वे यह बात जानते हैं। अगर आप नहीं जानते, तो वह आपकी समस्या है। कब से महिलाओं को अपने रिश्तों के अलावा दोस्ती या दूसरे रिश्ते रखने की इजाजत नहीं है?



कब से किसी के कंधे पर हाथ रखना चरित्र का सर्टिफिकेट बन गया?' अपनी पोस्ट के आखिर में श्रेया ने लिखा, ऑनलाइन किसी महिला के बारे में बकवास करना बहुत आसान है। लेकिन यकीन मानिए, इससे मेरे बारे में नहीं, आपके बारे में ज्यादा पता चलता है। मैं अब चुप नहीं रहूंगी। अपनी सोच और बकवास मेरी जिंदगी पर थोपना बंद कीजिए।' श्रेया के अलावा उनके बॉयफ्रेंड ऋषभ जायसवाल ने भी इस विवाद पर चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा है, दोस्तों, यह एक निजी मामला है और सच कहें तो इसे बेवजह बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया जा रहा है। इंटरनेट पर बिना पूरी जानकारी के अपनी राय बना लेना बहुत आसान होता है। लेकिन मैं एक बात बिल्कुल साफ कर देना चाहता हूं, श्रेया मेरे लिए सिर्फ एक दोस्त से बढ़कर है और हमेशा रहेगी। उसने मुझे हमेशा सम्मान दिया है और अच्छा महसूस कराया है।

- आगे उन्होंने लिखा, 'विवेक हम दोनों के लिए परिवार जैसा है, वह हमारे लिए भाई है। इस स्थिति में कुछ भी गलत या सवाल उठाने लायक नहीं है, और कभी था भी नहीं। अगर यह हमारे लिए कोई बड़ा मुद्दा नहीं है, तो समझ नहीं आता कि दूसरों के लिए यह इतना बड़ा मामला क्यों बन गया है। कृपया उसे नफरत भरे मैसेज भेजना बंद करें। वह इसकी जरा भी हकदार नहीं है।'
- बता दें कि ऋषभ जयसवाल पॉपुलर टीवी शो ये रिश्ता क्या कहलाता है में नजर आ चुके हैं। इससे पहले उन्हें रोडीज से फेम मिला था। श्रेया कालरा भी रोडीज कंटेस्टेंट रह चुकी हैं और सोशल मीडिया पर काफी पॉपुलर हैं। दोनों लंबे समय से रिलेशनशिप में हैं। दोनों टी-सीरीज के म्यूजिक वीडियो ऐ गोरी में साथ नजर आ चुके हैं।



## क्या आईपीएल ऑक्शन में टूटेगा ऋषभ पंत का रिकॉर्ड

# 10 टीमों के पास 237.55 करोड़, 77 स्लॉट ही खाली

## कोलकाता-चेन्नई का पर्स सबसे बड़ा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ दुबई

इंडियन प्रीमियर लीग के 19वें सीजन के लिए मिनी ऑक्शन आज दोपहर 2.30 बजे से अबू धाबी में शुरू होगा। 10 टीमों के पास 237.55 करोड़ रुपए का पर्स है। नीलामी में 350 प्लेयर्स उतरेंगे, लेकिन 77 ही बिक पाएंगे। क्योंकि टीमों में इतनी ही जगह खाली है। 40 प्लेयर्स की बेस प्राइस सबसे ज्यादा 2 करोड़ रुपए है, वहीं 227 प्लेयर्स की बेस प्राइस सबसे कम 30 लाख रुपए है।

आईपीएल मिनी ऑक्शन में अक्सर टीमें कुछ खिलाड़ियों पर बहुत ज्यादा रकम खर्च कर देती हैं। इतिहास में 6 खिलाड़ी ऐसे रहे, जिन्हें टीमों ने 16 करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत देकर खरीदा। वहीं ऑक्शन इतिहास के सबसे महंगे प्लेयर ऋषभ पंत पिछले साल मेगा ऑक्शन में बिके। उन्हें 27 करोड़ रुपए में लखनऊ सुपरजायंट्स ने खरीदा था।

- **ऑक्शन का आयोजक कौन है-** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड देश की 2 फ्रेंचाइजी लीग इंडियन प्रीमियर लीग और विमेंस प्रीमियर लीग का आयोजन करवाता है। बीसीसीआई ही 16 दिसंबर को आईपीएल मेगा ऑक्शन भी कंडक्ट कराएगा। इस बार भी मल्लिका सागर ही ऑक्शनर रहेंगी।



- **नीलामी कहां और कब होगी-** आईपीएल मिनी ऑक्शन वअए के अबू धाबी शहर में दोपहर 2.30 बजे से शुरू होगा। नीलामी 16 दिसंबर को एक ही दिन चलेगी।
- **मिनी ऑक्शन क्यों हो रहा-** आईपीएल में हर 3 साल में एक बार मेगा ऑक्शन होता है। जिसमें टीमें 6 खिलाड़ियों को ही रिटेन कर सकती हैं, ऐसे में ज्यादा प्लेयर्स खरीदे जाते हैं। मेगा ऑक्शन के बीच 2 साल मिनी ऑक्शन होता है, इसमें टीमें ज्यादा प्लेयर्स को रिटेन कर सकती हैं। इसमें कम खिलाड़ी खरीदे जाते हैं, इसलिए इसे मिनी यानी छोटा ऑक्शन कहते हैं। 2025 आईपीएल के लिए मेगा ऑक्शन हुआ था, इसलिए 2026 और 2027 आईपीएल के लिए मिनी ऑक्शन होंगे।
- **कितने प्लेयर्स ऑक्शन में उतरेंगे-** ऑक्शन के लिए दुनियाभर के 1390 प्लेयर्स ने रजिस्ट्रेशन कराया था। हालांकि, टीमों ने इनमें से कुछ ही प्लेयर्स चुने और उन्हें खरीदने में इंटरेस्ट दिखाया। इसलिए ऑक्शन से पहले बीसीसीआई ने टॉप 350 प्लेयर्स को शॉर्टलिस्ट कर लिया। इनका नाम ही कल की नीलामी में आएगा।
- **किस टीम में सबसे ज्यादा जगह खाली-** कोलकाता नाइट राइडर्स में सबसे ज्यादा 13 प्लेयर्स की जगह खाली है। टीम ने 12 ही प्लेयर्स रिटेन किए, टीम ऑक्शन में 6 विदेशी प्लेयर्स को भी खरीदेगी। पंजाब किंग्स में सबसे कम 4 ही प्लेयर्स की जगह है, पिछली रनर-अप टीम ने 21 प्लेयर्स को रिटेन किया। एक टीम में 22 से 25 प्लेयर्स शामिल हो सकते हैं। पंजाब के बाद मुंबई इंडियंस और गुजरात टाइटंस में 5-5 प्लेयर्स की जगह खाली है।
- **किस टीम का पर्स सबसे बड़ा है-** सबसे कम प्लेयर्स को रिटेन करने वाली केकेआर का पर्स ही सबसे बड़ा है, टीम 64.30 करोड़ रुपए लेकर नीलामी में आएगी। उनके बाद चेन्नई सुपर किंग्स के पर्स में 43.40 करोड़ रुपए है। टकके पर्स में सबसे कम 2.75 करोड़ रुपए है। आरसीबी, आरआर, पंजाब और जीटी के पर्स में 11 से 17 करोड़ रुपए है। वहीं डीसी, एलएसजी, और एलएसजी के पर्स में 21 से 26 करोड़ रुपए है।
- **कितने प्लेयर्स रिटेन हुए-** 10 टीमों ने 173 प्लेयर्स को रिटेन किया, इनमें से 45 विदेशी हैं। 10 टीमों में 250 प्लेयर्स शामिल हो सकते हैं, इनमें से 80 विदेशी रहना चाहिए। यानी नीलामी में खाली जगह तो 77 हैं, लेकिन इनमें से 25 स्लॉट विदेशी प्लेयर्स के लिए हैं। यानी 52 भारतीय प्लेयर ही बिक पाएंगे।
- **ऑक्शन से पहले कितने प्लेयर्स ट्रेड हुए-** आईपीएल का सीजन खत्म होने के बाद प्लेयर्स की ट्रेडिंग विंडो शुरू हो जाती है, जो ऑक्शन के एक महीने पहले तक चालू रहती है। इस बार की ट्रेडिंग विंडो में टीमों ने 8 प्लेयर्स की अदला-बदली की। इनमें 3 सबसे बड़े नाम संजू सैमसन, रवींद्र जडेजा और मोहम्मद शमी के रहे। सैमसन राजस्थान से चेन्नई, जडेजा चेन्नई से राजस्थान और शमी हैदराबाद से लखनऊ का हिस्सा बन गए।
- **क्या रिटेंशन के लिए कोई लिमिट थी-** मिनी ऑक्शन में प्लेयर्स रिटेंशन की कोई लिमिट नहीं रहती है। टीमें चाहे तो अपने पूरे स्क्वॉड को रिटेन कर सकती हैं। हालांकि, इसके बावजूद टीमों ने कुछ खिलाड़ियों को रिलीज कर दिया। ताकि वे अगले सीजन से पहले और भी ज्यादा मजबूत टीम बना सके।
- **प्लेयर्स की बेस प्राइस कितनी है-** ऑक्शन में प्लेयर्स की बेस प्राइस 30 लाख रुपए से शुरू हो कर 2 करोड़ रुपए तक रहती है। बेस प्राइस यानी जिस कीमत से खिलाड़ी की बोली शुरू होती है। इस बार 40 प्लेयर्स की बेस प्राइस सबसे ज्यादा 2 करोड़ रुपए है। 30 प्लेयर्स की बेस प्राइस 1 से 1.50 करोड़ रुपए के बीच है। वहीं, 228 खिलाड़ियों की शुरूआती कीमत 30 से 75 लाख रुपए के बीच है।
- **किन प्लेयर्स पर सबसे पहले बोली लगेगी-** ऑक्शन की शुरूआत इंटरनेशनल प्लेयर्स के सेट से होती है। हर सेट में अलग-अलग कैटेगरी के खिलाड़ी होते हैं। बल्लेबाज, ऑलराउंडर, विकेटकीपर, तेज गेंदबाज और स्पिनर्स के सीक्वेंस में खिलाड़ियों का नाम लिया जाता है। इंटरनेशनल प्लेयर्स के बाद उसी सीक्वेंस में अनकैप्ड यानी घरेलू खिलाड़ियों का नंबर आता है। यही प्रोसेस आखिरी खिलाड़ी का नाम आने तक चलती है।

## मुश्ताक अली ट्रॉफी में आंध्र से नीतीश रेड्डी की हैट्रिक



### मध्यप्रदेश फिर भी जीता, सलिल के शतक के बाद भी पंजाब हारा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नवी मुंबई

भारतीय ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मध्यप्रदेश के खिलाफ हैट्रिक ली। इसके बावजूद मध्यप्रदेश ने मुकाबले को 4 विकेट से जीत लिया।

डीवाय पाटील अकादमी में खेले गए मैच में मध्यप्रदेश ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। आंध्र प्रदेश की टीम 19.1 ओवर में 112 रन पर ऑलआउट हो गई। मध्यप्रदेश ने 113 रन का टारगेट 17.3 ओवर में 6 विकेट पर हासिल कर लिया। मध्यप्रदेश की ओर से ऋषभ चौहान ने 47 और राहुल बाथम ने नाबाद 35 रनों की पारी खेली। 23 रन देकर चार विकेट लेने वाले शिवम शुक्ला प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

**एमपी सुपर लीग पॉइंट्स टेबल के टॉप पर-** इस जीत के बाद मध्यप्रदेश की टीम ग्रुप ए के सुपर लीग पॉइंट्स टेबल के टॉप पर आ गई है। टीम ने पहले ही मुकाबले को जीतकर 4 अंक हासिल कर लिए हैं। जबकि आंध्र प्रदेश की टीम दूसरे स्थान पर है। ग्रुप बी में हरियाणा ने राजस्थान को 7 विकेट से हराकर पहला स्थान हासिल किया है। आंध्र की खराब शुरूआत, 7 बैटर्स दहाई तक नहीं पहुंचे टॉस हारकर बल्लेबाजी कर रहे आंध्र प्रदेश की शुरूआत खराब रही। टीम ने 7 रन के स्कोर पर दो विकेट गंवा दिए थे। अश्विन हेबर और शेख रशीद खाता नहीं खोल सके।

# वैभव सूर्यवंशी ने एक मैच में 14 सिक्स लगाए

### ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ा भारत ने यूथ वनडे में सबसे बड़ा स्कोर बनाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ दुबई

वैभव सूर्यवंशी ने वअए के खिलाफ 14 सिक्स लगाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया। उन्होंने दुबई में खेले गए व-19 एशिया कप मैच में 95 गेंदों पर 171 रन बना दिए। इस पारी में वैभव ने 14 छक्के और 9 चौके के सहारे 180 के स्ट्राइक रेट से बैटिंग की।

इसी के साथ वे यूथ वनडे में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के माइकल हिल का 2008 में बना 12 सिक्स वाला रिकॉर्ड तोड़ दिया।

14 साल के वैभव ने महज 56 गेंदों में सेंचुरी पूरी की। उनकी बैटिंग के दम पर भारत ने यूथ वनडे में अपना सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया। टीम ने 433 रन बनाए, जो पिछले साल ढाका द्वारा स्कॉटलैंड के खिलाफ बनाए 425 रन के रिकॉर्ड से ज्यादा है। वैभव के साथ एरोन जॉर्ज और विहान मल्होत्रा ने भी 69-69 रन की अहम पारियां खेलीं।

भारत 234 रन से जीता भारत ने मुकाबला 234 रन से जीत लिया। 434 रन के लक्ष्य का पीछा करती वअए की टीम 50 ओवर खेलकर 7 विकेट पर सिर्फ 199 रन ही बना सकी। वअए की ओर से दो बल्लेबाजों ने फिफ्टी जमाई। उड्डीश सूरी 78* रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि पृथ्वी मधु ने 50 रन जोड़े। भारत की तरफ से 9 गेंदबाजों को आजमाया गया और इनमें दीपेश देवेन्द्रन सबसे



सफल रहे, जिन्होंने 2 विकेट अपने नाम किए। वैभव मुश्ताक अली में शतक लगाने वाले यंगेस्ट बैटर वैभव ने 10 दिन पहले सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी शतक लगाया था। 14 साल के वैभव टूर्नामेंट में सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने थे। उन्होंने 2 दिसंबर को ईडन गार्डन्स में महाराष्ट्र के खिलाफ 61 गेंदों में नाबाद 108 रन बनाए, जिसमें 7 चौके और 7 छक्के शामिल थे। साथ ही वैभव 14 की उम्र में 3 टी-20 सेंचुरी लगाने वाले इकलौते प्लेयर हैं। वैभव आईपीएल में फिफ्टी लगाने वाले यंगेस्ट प्लेयर वैभव सूर्यवंशी आईपीएल में फिफ्टी लगाने वाले सबसे कम उम्र के प्लेयर बने। उन्होंने मात्र 14 साल और 32 दिन में अर्धशतक लगाया।

# यशस्वी जायसवाल ने 50 बॉल पर 101 रन बनाए



ब्रह्मास्त्र ▸▸ पुणे

युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल ने सैय्यद मुश्ताक अली ट्रॉफी में हरियाणा के खिलाफ मैच विनिंग सेंचुरी जमाई है। मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज सरफराज खान ने फिफ्टी लगाई। इन दोनों की बेहतरीन बैटिंग के दम पर मुंबई ने टी-20 मुकाबले में हरियाणा के खिलाफ 235 रन का टारगेट सिर्फ 17.3 ओवर में 6 विकेट खोकर चेज कर लिया। मुंबई ने 6 विकेट खोकर 238 रन बनाए।

पुणे में खेले गए इस मैच में हरियाणा ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी की और 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 234 रन बनाए। कप्तान अंकित कुमार ने 89 रन बनाए और निशांत सिंधु ने 63 रन की पारी खेली। जवाब में मुंबई ने 15 गेंद बाकी रहते 4 विकेट से मैच जीत लिया। जायसवाल ने 50 बॉल की पारी में 16 चौके और एक छक्का जमाया। वहीं, सरफराज ने 25 गेंदों पर 9 चौके और 3 छक्के की मदद से 64 रन बनाए। हरियाणा ने बनाए 234 रन हरियाणा के लिए अर्श रांगा और कप्तान अंकित कुमार ने पहले विकेट के लिए 61 रन जोड़े। अर्श रांगा ने 23 गेंद पर 26 रन बनाए। कप्तान अंकित कुमार ने 42 गेंद पर 89 रन बनाए, जबकि निशांत सिंधु ने 38 गेंदों में 63 रन जड़े।

**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर।
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है। B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्क: राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
मे. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547


अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
श्री गोपाल हाड़ वैद्य
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चोंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

**भूमि बेचना है**
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पता: 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

### खुदरा महंगाई लगातार

# दूसरे माह एक फीसदी से कम



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

खुदरा महंगाई लगातार दूसरे माह एक फीसदी से कम रही है लेकिन रिकॉर्ड निचले स्तर से ऊपर बढ़ी है। नवंबर महीने में सीपीआई मुद्रास्फीति 0.71% पहुंच गई। जो सब्जियों समेत खाने-पीने की वस्तुओं और ईंधन-बिजली की कीमतों में उछाल का असर है।

सब्जियों समेत खाने-पीने की अन्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि से खुदरा महंगाई अक्टूबर के रिकॉर्ड निचले स्तर से बढ़कर नवंबर, 2025 में 0.71 फीसदी के स्तर पर पहुंच गई। अक्तूबर में यह 0.25 फीसदी रही थी। इस वृद्धि के बावजूद उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई लगातार 10वें महीने आरबीआई के चार फीसदी के लक्ष्य के नीचे रही। साथ ही, यह लगातार दूसरा महीना है, जब यह एक फीसदी से भी कम रही। इससे पहले खुदरा महंगाई सितंबर में एक फीसदी से अधिक यानी 1.44 फीसदी रही थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, कीमतों में गिरावट के बावजूद पिछले महीने खाने-पीने की वस्तुओं की महंगाई दर में मासिक आधार पर बढ़ोतरी दर्ज की गई। इस दौरान खाद्य महंगाई बढ़कर (-)3.91 फीसदी पहुंच गई, जो अक्तूबर में (-)5.02 फीसदी रही थी। एनएसओ ने कहा, सब्जियों, मांस-मछली, अंडे, मसाले, दाल और ईंधन-बिजली की कीमतों में वृद्धि के कारण मुख्य एवं खाद्य महंगाई में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। रेटिंग एजेंसी इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, कुछ सब्जियों की कीमतों में बढ़ोतरी और तुलनात्मक आधार सामान्य होते रहने से अगली खुदरा महंगाई 1.5 फीसदी के पार पहुंच सकती है।

### एफपीआई के इक्विटी और ऋण बाजार में बिकवाली से रुपये पर दबाव

# सोने-चांदी में और तेजी का अनुमान

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

फेडरल रिजर्व की दर कटौती के बाद सोना साढ़े सात हफ्तों के उच्च स्तर के पास मजबूती बनाए हुए है, जबकि चांदी रिकॉर्ड स्तरों के नजदीक मुनाफावसूली के दबाव में हल्की गिरावट के साथ कारोबार कर रही है। इस बीच, घरेलू मुद्रा बाजार में रुपया 24 पैसे टूटकर 90.56 के नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया।

हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को रुपये में डॉलर के मुकाबले बड़ी गिरावट देखने को मिली और रुपया 24 पैसे टूटकर 90.56 के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी ने 65 डॉलर प्रति औंस के करीब पहुंचकर नया रिकॉर्ड बनाया, जबकि सोने की कीमतें सात सप्ताह के ऊंचाई पर देखने को मिली।

**एफपीआई के इक्विटी मार्केट में पैसे निकालने से रुपये में दबाव-** कोटक सिक्योरिटीज के मुद्रा और कमोडिटी प्रमुख अनिंद्य बनर्जी बताते हैं, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) के इक्विटी और डेट मार्केट दोनों में पैसे निकालने की वजह से रुपये में दबाव बना हुआ है। बढ़ती ग्लोबल यील्ड ने यूएसडी और जेपीवाई फंडेड कैरी पोजिशन को बड़े पैमाने पर कम कर दिया है, जिससे भारतीय बॉन्ड और आगे चलकर करेंसी पर और दबाव बढ़ गया है। अच्छी बात यह है कि भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता समझौता प्रगति पर है। इसकी वजह से कई क्षेत्रों में मदद मिल रही है और निकट भविष्य में इससे जल्द ही डेप्रिसिएशन की रफ्तार धीमी हो सकती है। सभी कारकों को देखते हुए हम उम्मीद करते हैं कि यूएस डॉलर के मुकाबले रुपया काफी हद तक रेंज बाउंड रहेगा, जिसमें 89.50 से 91.00 के बीच देखा जा सकता है।

**सोने की कीमत बढ़ाने का ट्रेंड बने रहे की संभावना –** कामा ज्वेलरी के एमडी कॉलिन शाह बताते हैं, इस सप्ताह सोने का बाजार मजबूत रहा और अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी ऊंचे स्तर पर बना रहा। कीमतें 4,200 डॉलर प्रति औंस के आसपास स्थिर है, जो कि सप्ताह के सबसे अधिक स्तर पर है। भारत में भी ऐसा ही ट्रेंड दिखाई दे रहा है। 24 कैरेट सोना लगभग 1,30,700 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। फेडरल रिजर्व के हालिया ब्याज दरों की कटौती के बाद पश्चिमी देशों के निवेशक सोने को सुरक्षित निवेश और आकर्षक हेज के तौर पर देख रहे हैं। भारत में, चल रहे शादियों के मौसम से आभूषण की मांग को बढ़ावा मिल रहा है, और यह सपोर्ट 2026 की शुरुआत तक जारी रहने की संभावना है, जिससे बिक्री अच्छी बनी रहेगी। जब तक ब्याज दरों या करेंसी की चाल से जुड़े अचानक झटके नहीं आते, सोने के ऊपर जाने का ट्रेंड बने रहने की संभावना है।

**चांदी पहुंची 2 लाख रुपये के करीब –** भारतीय सर्राफा बाजार में बीते दिन चांदी ने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ते हुए जोरदार तेजी दिखाई। यह एक दिन में ही चांदी 10,600 रुपये उछल कर 2 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के करीब पहुंच गई। एमसीएक्स पर चांदी ने 1,99,220 रुपये का नया ऑल टाइम हाई बनाया, जिसने निवेशकों को चौंका दिया।



### इन कारकों का पड़ रहा असर

जियोजित इंवेस्टमेंट लिमिटेड रिसर्च एनालिस्ट एंटू इपेन थॉमस कहते हैं, रुपये के कमजोर होने की वजह भारती-अमेरिका व्यापार समझौते में देरी को लेकर अनिश्चितता, विदेशी पोर्टफोलियो का भारी आउटफ्लो, डॉलर के लिए निर्यातकों की बढ़ती मांग- खासकर तेल के लिए और यूएस के भारी टैरिफ हैं, जो आयातकों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे करंट अकाउंट घाटे में है। वे कहते हैं, कमजोर होते रुपये से अमेरिकी डॉलर में कीमत वाली कमोडिटी की लैंडेड कॉस्ट बढ़ जाती है। इस बीच, चांदी को मजबूत निवेश मांग, बढ़ते औद्योगिक इस्तेमाल और हाल ही में फेड रेट ब्याज दरों में कटौती से सपोर्ट मिल रहा है। चांदी की मांग अक्सर सोने के साथ बढ़ती है क्योंकि दोनों मेटल को सेफ-हेवन एसेट माना जाता है। कमजोर डॉलर के माहौल और ग्लोबल रिस्क सेंटिमेंट जैसे बड़े मैक्रो डायनामिक्स ने मांग बढ़ाने में मदद की है।

### सोने की कीमतें बढ़ने की वजह

विशेषज्ञों के अनुसार अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने चौथाई बिंदू दर में कटौती के बाद सुरक्षित निवेश की मांग में तेजी आने से पिछले कारोबारी सत्रों में सीमित दायरे में रहने के बाद गुरुवार यानी 11 दिसंबर को सोने की कीमतों में तेजी देखने को मिली। वहीं मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीडीक्स) पर सोने का फरवरी 2026 वायदा अनुबंध पिछले बंद भाव से 1,29,796 रुपये की तुलना में 1,30,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के उच्च स्तर पर खुला। हाजिर सोने की कीमतों में मामूली वृद्धि हुई और यह 0.20 प्रतिशत बढ़कर 4,234 डॉलर प्रति औंस हो गई। जानकारों का कहना है कि कुल मिलाकर फेडलर रिजर्व की अंतित मौद्रिक नीति बैठक के बाद ब्याज दरों में कटौती की वजह से सोने के बाजार में एक बार फिर तेजी देखी जा रही है।

### चांदी की कीमतें बढ़ने की वजह, आगे भी तेजी की संभावना



- अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी चांदी 4 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 64.50 डॉलर (लगभग 5,800 रुपये) प्रति औंस के पार चली गई है। जानकारों का कहना हैकि वैश्विक सप्लाई की कमी और डॉलर में उतार-चढ़ाव ने कीमतों को बढ़ाया है। इस तेजी ने मंदी करने वाले निवेशकों को भी संभलने का मौका नहीं दिया। विशेषज्ञों के अनुसार चांदी में यह तेजी केवल सट्टेबाजी नहीं बल्कि कई मजबूत कारणों की वजह से दिखाई दे रही है। सोलर पैनल, इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल और 5जी तकनीक में चांदी के इस्तेमाल की वजह से औद्योगिक मांग 2025 में अत्यधिक बढ़ी है। जबकि सप्लाई सीमित है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी कई वर्षों से उच्च स्तर पर ट्रेड कर रही है, इसका सीध असर भारतीय बाजार में दिखाई दे रहा है। वहीं रुपये की कमजोर होती स्थिति ने भी कीमती धातुओं की कीमतों को बढ़ाने में बड़ा योगदान दिया है।
- विशेषज्ञों के कहना है, कम कीमत में, जिन्होंने इसमें निवेश किया उनकी संपत्ति तेजी से बढ़ी है, क्योंकि एक दिन इतना उछाल कम ही देखने को मिलता है। वहीं आभूषणों की खरीदारी करने वालों के लिए यह समय नहीं है, क्योंकि चांदी अब आम खरीदारों की पहुंच से दूर होती जा रही है। मौजूदा तेजी को देखते हुए और औद्योगिक क्षेत्र में बढ़ती मांग की वजह से चांदी 2 लाख रुपये के स्तर को पार कर सकती है, क्योंकि तकनीक चार्ट में आगे भी तेजी की संभावना बनी हुई है।

### मेक्सिको में टैरिफ बढ़ने से भारत के ऑटो निर्यात पर पड़ेगा असर

# कंपनियों के वॉल्यूम और मार्जिन पर खतरा

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

मेक्सिको ने भारत- चीन सहित एशियाई देशों पर वर्ष 2026 से 50 प्रतिशत तक आयात शुल्क वृद्धि की मंजूरी दी है। इससे भारतीय ऑटो उद्योग पर सीधा असर पड़ेगा, क्योंकि भारत मेक्सिको का पांचवां सबसे बड़ा ऑटो आपूर्तिकर्ता है। टैरिफ शुल्क दोगुने होने से भारतीय ऑटो उद्योग को नुकसान होने की संभावना है।

मेक्सिको की सीनेट ने राष्ट्रीय उद्योग और उत्पादकों की रक्षा के लिए टैरिफ पैकेज को मंजूरी दी है। यह टैरिफ पैकेज 1 जनवरी 2026 से लागू होगा। भारत और चीन सहित एशियाई देशों के चुनिंदा उत्पादों पर वर्ष 2026 से 50 प्रतिशत तक आयात शुल्क लगेगा। इसके तहत ऑटो, ऑटो पार्ट्स, टेक्सटाइल, कपड़े, प्लास्टिक, स्टील, मेटल और फुटवियर मुख्य टारगेट हैं, अधिकतर उत्पादों पर टैरिफ 35 प्रतिशत स्लैब के आसपास होंगे, लेकिन पैसेंजर व्हीकल शुल्क 20 प्रतिशत से बढ़कर 50 प्रतिशत हो जाएगा।

उद्योग का कहना है, भारत से मेक्सिको होने वाले ऑटोमोबाइल सेक्टर से वाहनों का निर्यात, जो कि 2024-25 में मेक्सिको को लगभग 5.7 अरब डॉलर का सामन निर्यात किया, जिसमें वाहनों का हिस्सा लगभग एक तिहाई था। लेकिन अब मैक्सिको द्वारा लगाए गए टैरिफ की वजह से ऑटोमोबाइल सेक्टर पर विशेष असर पड़ने की संभावना है। हुंडई की क्रेटा, किआ की मैग्नाइट और फॉक्सवैग जैसी भारतीय निर्मित कारें मेक्सिको में काफी लोकप्रिय है। भारत मेक्सिको का पांचवां सबसे बड़ा ऑटो आपूर्तिकर्ता है। टैरिफ शुल्क दोगुने होने से भारतीय ऑटो उद्योग को नुकसान होने की संभावना है। भारतीय ऑटो उद्योग ने मेक्सिको द्वारा मुक्त व्यापार समझौता से वंचित देशों पर आयात शुल्क को दोगुना से अधिक बढ़ाने के प्रस्ताव पर सरकार के सामने चिंता जताई है। इस विषय पर सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (एसआईएएम) और ऑटो कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (एसीएमए) के प्रतिनिधियों ने वाणिज्य और भारती उद्योग मंत्रालयों के अधिकारियों से मुलाकात कर विदेशी बाजार में वाहन और पुर्जों के निर्यात में होने वाले चुनौतियों को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की है।



### दिग्गज ऑटो कंपनियों के वॉल्यूम और मार्जिन पर खतरा

सैमको सिक्योरिटीज के रिसर्च विशेषज्ञ जाहोल प्रजापति ने बताया, मेक्सिको को भारतीय कार निर्यातकों मुख्य रूप से फॉक्सवैगन, हुंडई, मारुति सुजुकी को इसका सीधा असर पड़ रहा है, जिससे उस मार्केट में वॉल्यूम और मार्जिन पर खतरा है, जो कि भारत के वैश्विक ऑटोमोबाल निर्यात का लगभग 9 प्रतिशत है। जापति कहते हैं, ऑटो के अलावा, इंजीनियरिंग सामान, इलेक्ट्रॉनिक्स और मेटल पर बढ़े हुए टैरिफ से इनकी मांग में कमी आने की संभावना है। हालांकि कुछ विशेष भारतीय उत्पाद, जिनका मार्केट शेयर मजबूत है, उन्हें वॉल्यूम के बजाय कीमत का नुकसान हो सकता है। ऑटो सेक्टर के विशेषज्ञ चिंतन साठे कहते हैं, भारत के कार निर्यातकों के लिए मेक्सिकों एक प्रमुख गंतव्य है। पिछले वित्तीय वर्ष में 887 मिलियन डॉलर (7,900 करोड़ रुपये) का योगदान, जिससे यह दक्षिण अफ्रीका और सऊदी अरब के बाद तीसरा सबसे बड़ा बाजार बन गया है।

### म्यूचुअल फंड एसोसिएशन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार

# गोल्ड ईटीएफ में निवेश तो हो रहा लेकिन रफ्तार धीमी पड़ी

ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई

भारतीय म्यूचुअल फंड एसोसिएशन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार नवंबर में निवेश की रफ्तार थोड़ी कम हुई है। इसकी मुख्य वजह अमेरिकी डॉलर में मजबूत होने से वैश्विक बाजार में सोने की कीमतों में आई नरमी है, लेकिन इसके बावजूद भारतीय निवेशकों ने गोल्ड ईटीएफ में पैस लगाना जारी रखा है।

निवेश की यह रफ्तार सितंबर और अक्टूबर के मुकाबले नवंबर में थोड़ी कम हुई है। इसकी एक वजह यह रही कि अमेरिकी डॉलर मजबूत होने से वैश्विक बाजार में सोने की कीमतों में थोड़ी नरमी आई थी। इसके बावजूद, भारतीय निवेशकों ने गोल्ड ईटीएफ में पैसा लगाना जारी रखा। भारतीय म्यूचुअल फंड एसोसिएशन (एम्फी) ने गुरुवार को नवंबर महीने में आंकड़ों को जारी किया, जिसमें नवंबर महीने में सोने के एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स (ईटीएफ) में शुद्ध निवेश लगभग आधा हो गया है, जिसमें लगातार दूसरे महीने गिरावट जारी रही, यह गिरावट इस साल सोने की कीमतों में लगभग 60 प्रतिशत की तेजी के बाद देखने को मिली है।

आंकड़ों के अनुसार नवंबर में लगातार सातवें महीने निवेशक गोल्ड ईटीएफ में निवेश किया है, जिसकी वजह से इसमें 3,742 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश हुआ, जबकि पिछले महीने 7,743 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश हुआ था। वहीं चांदी की बढ़ती औद्योगिक मांग की वजह से इसमें निवेशकों की दिलस्पी बढ़ी हुई है। आंकड़ों के अनुसार कुल प्रबंधित परिसंपत्तियां बढ़कर 1.11लाख करोड़ रुपये हो गई है, लेकिन अक्तूबर में पहली बार 1 लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया, 30 नवंबर 2025 तक कुल प्रबंधित परिसंपत्तियां 1,10,517.76 करोड़ रुपये थी। यह ध्यान देने की बात है कि प्रबंधित परिसंपत्तियों में वृद्धि सोने की कीमतों में हुई बढ़ोतरी को भी दर्शाती है। एम्फी के चीफ एग्जीक्यूटिव वेंकट चलसानी ने बताया कि गोल्ड ईटीएफ में निवेश जारी है, लेकिन रफ्तार धीमी है। सितंबर और अक्तूबर के मुकाबले निवेश की रफ्तार थोड़ी कम हुई है।

## 1 करोड़ की पॉलिसी के लिए खुद का झूठा मर्डर, लातूर में अजनबी को लिफ्ट दी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

महाराष्ट्र के लातूर में एक शख्स ने ?1 करोड़ की पॉलिसी के लिए खुद की मौत का



नाटक किया। आरोपी की पहचान बैंक रिकवरी एजेंट गणेश चव्हाण के रूप में हुई है। दरअसल पुलिस को रविवार सुबह औसा तालुका में एक जली हुई कार मिली थी। उसमें एक शव था।

शुरूआत में लगा कि यह शव गणेश चव्हाण का है क्योंकि जली हुई कार वही चलाता था। परिवार वालों को भी लगा कि गणेश किसी हादसे का शिकार हो गया। हालांकि गणेश ने इस दौरान अपनी गर्लफ्रेंड को मैसेज किया। जिससे वह पकड़ा गया।

### पुलिस को जली कार मिली, अंदर शव था

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि रविवार रात करीब 12:30 बजे डायल 112 पर सूचना मिली कि वनवाड़ा रोड पर एक कार में आग लगी है। पुलिस मौके पर पहुंची और दमकल विभाग को बुलाया गया। आग बुझाने के बाद कार के अंदर जला हुआ शव मिला। शव पूरी तरह झुलस चुका था। पुलिस ने कार के मालिक का पता लगाया। उसने बताया कि कार अपने एक रिश्तेदार गणेश चव्हाण को दी थी। उन्हें बताया गया कि वह घर नहीं लौटा है और उसका फोन भी बंद है। जांच आगे बढ़ी तो गर्लफ्रेंड का राज खुला लातूर के पुलिस अधीक्षक (रढ) अमोल तांबे ने कहा, शुरूआती जांच में लगा कि मरने वाला व्यक्ति गणेश चव्हाण ही था। जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ी, सोमवार को पुलिस को एहसास होने लगा कि कई बातें मेल नहीं खा रही हैं। उन्होंने चव्हाण की जिंदगी के बारे में पता लगाना शुरू किया और पाया कि वह एक महिला के साथ रिलेशनशिप में था।

### यमुना एक्सप्रेस-वे पर कोहरे के चलते हादसा

# मथुरा में 7 बसें, 3 कारें टकराईं, 4 जिंदा जले: 150 को अस्पताल भेजा, मरने वालों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

मथुरा में मंगलवार सुबह 4 बजे यमुना एक्सप्रेस-वे पर कोहरे के चलते 7 बसें और 3 कारें भिड़ गईं। टक्कर होते ही गाड़ियों में आग लग गई। हादसे में 4 लोगों की जलकर मौत हो गई है। मरने वालों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है, क्योंकि भास्कर रिपोर्टर जब मौके पर पहुंचे तो उन्हें बसों में मानव अंग फंसे दिखाई दिए।

एक चश्मदीद ने बताया कि 20 एम्बुलेंस से 150 लोगों को अस्पताल भेजा गया है। कुछ लोगों की हालत बहुत गंभीर थी। उ्ट चंद्र प्रकाश सिंह के मुताबिक, हादसा थाना बलदेव क्षेत्र में माइलस्टोन 127 पर हुआ। उ्ट और ररढ सहित अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। रेस्क्यू जारी है। पुलिस, फायर ब्रिगेड, लोग आग बुझाने में लगे हैं।

बताया जा रहा है कि एक्सप्रेस-वे पर अचानक घना कोहरा दिखा। इस दौरान एक बस ने अपनी रफ्तार धीमी की। तभी पीछे से आ रही दूसरी बस उससे टकरा गई। देखते ही देखते सभी वाहन टकरा गए। प्रत्यक्षदर्शी भगवान दास ने बताया कि गाड़ियां आपस में टकराईं तो ऐसा लगा जैसे बम फटा हो। तेज धमाके हुए। पूरा गांव आनन-फानन में पहुंचे।

एम्बुलेंस के कर्मचारी अमित कुमार ने बताया कि कितने लोग हताहत हुए हैं, इसकी गिनती अभी नहीं की जा सकती। एक और प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि हादसे के बाद हमें आग का गुबार दिखाई दिया। लोग बसों की खिड़कियों के शीशे तोड़कर बाहर कूद रहे थे। हर तरफ चीख-पुकार मची हुई थी।

### सिलेंडर ब्लास्ट जैसे धमाके हो रहे थे, हर तरफ चीख-पुकार मची थी: प्रत्यक्षदर्शी

लखनऊ से दिल्ली जा रहे प्रशांत सिंह ने बताया कि सुबह करीब 4 बजे हम लोग आगरा से आगे निकले। अचानक बस रुकी, लोग चिल्लाने लगे। बस का दरवाजा फंस गया था तो उसे धक्का देकर खोला। महिलाओं और बच्चों की मदद की। नीचे आकर देखा तो आगे कई बसें थीं। कुछ में आग लगी थी। अचानक धमाके होने लगे, जैसे- सिलेंडर फट रहे हों। कई यात्रियों के मोबाइल, लैपटॉप भी बस में जल गए हैं। उस मंजर को याद करते ही डर सा लगता है।


एक्सप्रेस-वे हादसे के बाद घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है।

चश्मदीद सुनील कुमार यादव ने बताया-हम लोग जौनपुर से मंत्री के यहां से आ रहे थे। दिल्ली जा रहे थे। अंधेरा बहुत छाया था। रास्ते में अचानक गाड़ी आवाज की। हम लोग आनन-फानन उतरे, जैसे अपनी कार का गेट खोलकर नीचे उतरे तो पीछे से बसें एक-एक कर टकराने लगीं। मौके पर चीख-पुकार मच गई। कोई बस से उतरने की जद्दोजहद कर रहा तो कोई शीशा तोड़कर कूद रहा।

### एसएसपी बोले- घायलों को अस्पताल पहुंचाया

श्लोक कुमार, एसएसपी ने बताया कि घने कोहरे की वजह से हादसा हुआ। 7 बसें और 3 गाड़ियां टकरा गईं। बसों में आग लग गई। रेस्क्यू ऑपरेशन अपने आखिरी चरण में हैं।

### महिला बोली- झटका लगा, फिर गाड़ियों में आग लग गई



हादसे की चश्मदीद महिला ने बताया कि पहले अचानक तेज झटका लगा और देखते ही देखते गाड़ियों में आग लग गई। टक्कर के बाद अफरा-तफरी मच गई, लोग चीख-पुकार करने लगे और कुछ ही पलों में बसों व कारों से धुआं और आग की लपटें उठने लगीं। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत मदद शुरू की और घायलों को बाहर निकालने की कोशिश की। पास के गांव के रहने वाले भगवान दास ने बताया- जब गाड़ियां आपस में टकराईं तो ऐसा लगा, जैसे गोली चली हो। तेज धमाका हुए। पूरा गांव आनन-फानन यहां भागकर आया है। सभी लोगों ने तत्काल मदद की। करीब 20 एंबुलेंस से 100-150 लोगों को ले जाया गया। जब हादसा हुआ तो कोहरा कम था। दो-तीन कार और 6 बसें जली हैं।

### दिल्ली- AQI अधिकतम 500 के लेवल पर, 228 उड़ानें कैंसिल:

# खराब मौसम के चलते मेसी की फ्लाइट लेट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में सोमवार को जहरीले स्मॉग की परत छाई रही। एयर क्वॉलिटी इंडेक्स (अदक) ह्यगंभीरह्न श्रेणी में पहुंच गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार दिल्ली के 40 में से 27 निगरानी केंद्रों पर हवा ह्यसीवियरह्न कैटेगरी में दर्ज की गई। वजीरपुर में अदक 500 तक पहुंच गया, जो अधिकतम सीमा है। सीपीसीबी के मुताबिक 500 से ऊपर अदक दर्ज नहीं किया जाता।

घनी धुंध के कारण दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर फ्लाइट ऑपरेशन प्रभावित रहा। सोमवार को दिल्ली एयरपोर्ट से कई एयरलाइंस ने 228 फ्लाइट्स कैंसिल कर दीं और 5 को दूसरे एयरपोर्ट पर डायवर्ट कर दिया। 250 देरी से चलीं।

भारत आए अर्जेंटीना के फुटबॉलर लियोनल मेसी खराब मौसम के चलते पीएम नरेंद्र मोदी से नहीं मिल सके। मेसी की मुंबई से दिल्ली आने वाली चार्टर्ड फ्लाइट ने कोहरे की वजह से देरी से उड़ान भरी। वहीं, पीएम एक घंटे की देरी से तीन देशों की यात्रा पर रवाना हुए। मेसी की पीएम मोदी से सुबह के वक्त मुलाकात तय थी।



**प्रदूषण का असर जानवरों पर भी**

सांस, आंख, पेट की बीमारियां बढ़ीं वायु प्रदूषण का असर इंसानों ही नहीं पालतू जानवरों व पक्षियों पर भी दिख रहा है। पशु चिकित्सकों के अनुसार, सांस की तकलीफ, आंखों में जलन, संक्रमण और पेट से जुड़ी बीमारियां लगातार बढ़ रही हैं। डॉक्टरों ने बताया, पीएम 2.5 जैसे सूक्ष्म कण जानवरों के फेफड़ों से खून में चले जाते हैं। उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो रही है। हाउस ऑफ स्ट्रे एनिमल्स एनजीओ के संस्थापक और पशु चिकित्सक डॉ. संजय मोहपात्रा के मुताबिक, पिछले डेढ़ महीने में 55 से 60 कुत्तों-बिल्लियों में फेफड़ों की गंभीर समस्या सामने आई है। इनमें खांसी, बुखार, आंख-नाक से स्राव और कुछ में निमोनिया तक की स्थिति देखी गई। दिल्ली-एनसीआर में लोगों के करीबी प्रदूषण से गंभीर बीमार दिल्ली-एनसीआर की जहरीली हवा अब लोगों की सेहत पर सीधा असर डाल रही है।

इस बीच, प्रदूषण को देखते हुए दिल्ली सरकार ने स्कूलों में कक्षा पांचवीं तक क्लासेस केवल ऑनलाइन लगाने के आदेश जारी कर दिए हैं। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने वकीलों और पक्षकारों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हाइब्रिड मोड के जरिए पेश होने की सलाह दी है। सुप्रीम कोर्ट दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण से जुड़ी याचिका पर 17 दिसंबर को सुनवाई करेगा।

लोकलसर्कल्स के ताजा सर्वे में सामने आया है कि 82% लोगों के करीबी सर्कल में कोई न कोई व्यक्ति गंभीर बीमारी से जूझ रहा है, जो वायु प्रदूषण की वजह से हुई है। 28% लोगों ने बताया कि उनके चार या उससे ज्यादा जानने वालों को गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हैं।

सीएक्यूएम ने शनिवार को पहले ग्रैप-3 और फिर ग्रैप-4 लागू किया, लेकिन हालात नहीं सुधरे। ग्रैप-4 में 50% कर्मचारियों का वर्क फ्रॉम होम, बीएस-4 बड़े व्यावसायिक वाहनों की एंट्री पर रोक, निर्माण कार्य बंद, स्कूल हाइब्रिड मोड में, कचरा/ईंधन जलाने पर प्रतिबंध, डीजल जेनरेटर, आरएमसी प्लांट, स्टोन क्रशर, ईंट भट्ठे और खनन पर रोक शामिल है। कच्ची सड़कों पर निर्माण सामग्री के परिवहन पर भी प्रतिबंध है।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भवन स्वामी । अमित चन्दा पिता श्री अभिलाष चन्द्रा 2 श्रीमती अलका चन्द्रा पति श्री अमित चन्द्रा निवासीगण 77, कृष्ण पार्क कॉलोनी, उज्जैन से उनके संयुक्त स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य का एक भवन क्रमांक 77 जो कि ₹मालविका धाम₹ कॉलोनी, नानाखेडा, उज्जैन में स्थित होकर फ्रीहोल्ड राईट्स का है, जिसका कुल क्षेत्रफल 90-00 वर्गमीटर है जिसकी पैमाईश में लम्बाई - पूर्व से पश्चिम 12.00 मीटर चौडाई उत्तर से दक्षिण 7.50 मीटर है तथा जिसकी चर्तु सीमा में पूर्व में सस्था की भूमि पश्चिम में सड़क कॉलोनी की उत्तर मे भवन क्रमाक-76 दक्षिण में अन्य की भूमि है, जिसे मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा किया है और आशिक विक्रय मूल्य बतौर बयाना स्वरूप अदा कर अनुबंध पत्र का निष्पादन कर लिया है तथा अब शेष राशि अदा करके रजिस्ट्री करवाना शेष रह गया है।

उक्त भवन पर किसी व्यक्ति, सस्था, बैंक का कोई हित, हक, कर्जा, दावा, बख्शीश या लेना-देना या आपत्ति हो तो आज सूचना प्रकाशन की दिनांक से 7 दिवस के अन्दर लिखित प्रमाण मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि आपत्ति का निराकरण किया जा सके। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति या दावा मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारक नहीं होगा। इति
दिनांक-15.12.2025

**राजेन्द्र जैन पोरवाड एडवोकेट**
**कार्या-बी-9. भरतपुरी काम्पलेक्स,**
**देवास रोड, उज्जैन**
**9993079516-94250 94349**

### मोदी के जॉर्डन दौरे का आज दूसरा दिनः

# बिजनेस फोरम की बैठक को संबोधित करेंगे; कल किंग अब्दुल्ला से द्विपक्षीय बैठक की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जॉर्डन

पीएम मोदी के जॉर्डन दौरे का आज दूसरा दिन है। वे आज भारत-जॉर्डन बिजनेस फोरम की बैठक को संबोधित करेंगे। इस पहले सोमवार को जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला ने हुसैनिया पैलेस में पीएम मोदी का स्वागत किया। दोनों के बीच द्विपक्षीय बैठक भी हुई।



बैठक के दौरान मोदी ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारत और जॉर्डन की सोच एक जैसी है। उन्होंने गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए किंग अब्दुल्ला का आभार जताया। साथ ही उन्होंने उर्वरक और डिजिटल तकनीक में सहयोग बढ़ाने की बात कही।

किंग अब्दुल्ला ने पीएम के दौरे के दौरान हुए समझौतों और MoU's पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि इन समझौतों से दोनों देशों के बीच सहयोग और मजबूत होगा और साझेदारी के नए रास्ते खुलेंगे। किंग अब्दुल्ला ने कहा कि मोदी की यात्रा भारत और जॉर्डन के बीच दशकों पुरानी दोस्ती, आपसी सम्मान और सार्थक सहयोग को दिखाती है।

## भारत-जॉर्डन में 5 समझौतों पर सहमति

भारत और जॉर्डन के बीच पांच अहम समझौते हुए हैं। इनमें संस्कृति, रिन्युएबल एनर्जी, जल प्रबंधन, डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर और ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण से जुड़े समझौते शामिल हैं।

दोनों देशों ने संस्कृति के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने, रिन्युएबल और क्लीन एनर्जी परियोजनाओं पर साथ काम करने तथा जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन के लिए समझौते किए।

डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के तहत डिजिटल गवर्नेंस और तकनीक आधारित सार्वजनिक सेवाओं में साझेदारी को आगे बढ़ाने पर सहमति बनी।

इसके अलावा जॉर्डन की विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक धरोहर पेट्रा और भारत की एलोरा गुफाओं के बीच ट्विनिंग समझौता हुआ। इससे विरासत संरक्षण, पर्यटन और आपसी सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।

## भारत-जॉर्डन रिश्ते के 75 साल पूरे

भारत और जॉर्डन ने 1950 में राजनयिक संबंध स्थापित किए थे, जिसके 2025 में 75 साल पूरे हो गए हैं। मोदी इसी मौके पर जॉर्डन गए हैं।

भारत, जॉर्डन का चौथा सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर है। दोनों देशों के बीच 2023-24 में 26,033 करोड़ रुपए का व्यापार हुआ। इसमें भारत का निर्यात करीब 13,266 करोड़ रुपए था। दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाकर 5 अरब डॉलर यानी 45,275 करोड़ करने का लक्ष्य रखा है।

भारत, जॉर्डन से बड़ी मात्रा में रॉक फॉस्फेट और फर्टिलाइजर का कच्चा माल खरीदता है। भारत के कुल रॉक फॉस्फेट आयात में जॉर्डन की हिस्सेदारी करीब 40% है।



### जॉर्डन किंग मोहम्मद साहब के सबसे करीबी वंशज

जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला द्वितीय को पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का सबसे करीबी वंशज माना जाता है। उनका संबंध सीधे हाशिमी वंश से है। मोहम्मद साहब कुरैश कबीले से थे। कुरैश कबीले की एक शाखा बनू हाशिम थी। इसी बनू हाशिम से हाशिमी वंश शुरू हुआ, जिसे इस्लाम में सबसे प्रतिष्ठित वंश माना जाता है। पैगंबर मोहम्मद साहब की बेटी हजरत फातिमा, उनके दामाद हजरत अली, उनके बेटे हसन और हुसैन आगे चलकर कई पीढ़ियों बाद मक्का के शरीफ बने। मक्का के शरीफ ही बाद में हाशिमी राजवंश के शासक बने। जॉर्डन के शासक हाशिमी राजवंश से आते हैं। इस राजवंश ने करीब 700 साल तक मक्का पर शासन किया। पहले जॉर्डन के राजा शरीफ हुसैन बिन अली थे। मौजूदा राजा अब्दुल्ला द्वितीय, उन्हीं के पड़पोते हैं।

### इजराइल का दावा- हमास के नंबर-2 चीफ राएद को माराःगाजा में कार पर एयरस्ट्राइक की



गाजा सिटी में इजराइली हमले में हमास के सेकेंड-इन-कमांड राएद सईद की मौत हो गई है। इजराइली सेना ने शनिवार को यह दावा किया कि उसने गाजा सिटी में एक कार को निशाना बनाकर यह हमला किया। हालांकि, हमास ने अब तक राएद सईद की मौत की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

राएद, हमास अल-कासिम ब्रिगेड का प्रमुख कमांडर था। अल जजीरा की रिपोर्ट्स के अनुसार इजराइली सेना ने कहा कि सईद हमास के हथियार बनाने वाले नेटवर्क का प्रमुख था और अक्टूबर 2023 में इजराइल पर हुए हमलों की साजिश बनाने वालों में भी शामिल था।

हमास के सूत्रों के मुताबिक राएद गाजा सिटी बटालियन का पूर्व प्रमुख भी रहा था। इजराइल का आरोप है कि सईद सीजफायर के बावजूद हमास की क्षमताओं को फिर से मजबूत करने और हथियार बनाने का काम कर रहा था, जो समझौते का उल्लंघन है।

यह हमला हमास के इजराइली सैनिकों पर हमले के बाद हुआ। इसमें 2 इजराइली सैनिक घायल हो गए थे। इसके बाद इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने सईद को निशाना बनाने का आदेश दिया था। अब नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने सैनिकों की मौत का बदला ले लिया।

इजराइली सेना ने शनिवार को यह दावा किया कि उसने गाजा सिटी में एक कार को निशाना बनाकर सईद पर हमला किया। इजराइल डिफेंस फोर्स ने कहा कि हमें रियल-टाइम में खुफिया जानकारी मिली कि सईद गाजा शहर के पश्चिमी हिस्से में यात्रा कर रहा था। हमने मौका हाथ से निकलने से पहले उसे मारने के लिए तुरंत कार्रवाई की। अरब के खुफिया अधिकारियों के मुताबिक राएद पिछले 2 साल के दौरान ज्यादातर समय गाजा सिटी के नीचे बनी हमास की सुरंग में छिपा रहा।

दूसरी ओर हमास ने सईद की मौत की पुष्टि नहीं की है। संगठन का कहना है कि इजराइली ड्रोन ने गाजा सिटी के पश्चिम में नबुलसी जंक्शन के पास एक सिविलियन गाड़ी को निशाना बनाया। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक गाजा प्रशासन का कहना है कि यह हमला अक्टूबर 2025 में हुए सीजफायर का उल्लंघन है। सीजफायर के बाद से इजराइल ने गाजा में करीब 800 से ज्यादा हमले किए, जिनमें कम से कम 386 लोगों की मौत हुई।

# मेक्सिको में प्लेन फैक्ट्री से टकराई, 7 की मौत, 3 लापता; इमरजेंसी लैंडिंग की कोशिश में हादसा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मेक्सिको

मेक्सिको में सोमवार को एक छोटा विमान इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान क्रैश हो गया। इसमें सात लोगों की मौत हो गई जबकि 3 लापता हैं।

यह प्राइवेट जेट एकापुल्को से टोलुका एयरपोर्ट के लिए उड़ान भर रहा था, लेकिन इमरजेंसी लैंडिंग की कोशिश में सैन मेटियो एटेंको इलाके में क्रैश हो गया।

विमान ने एक फुटबॉल फील्ड पर लैंडिंग की कोशिश की, लेकिन पास की एक फैक्ट्री की मेटल छत से टकरा गया, जिससे आग लग गई। आग की वजह से इलाके के करीब 130 लोगों को सुरक्षित जगह पर पहुंचाया गया। दुर्घटना की जांच चल रही है, और शुरूआती रिपोर्ट्स में इंजन फेलियर की बात कही जा रही है।

# ऑस्ट्रेलिया का हीरो अहमद- आतंकी साजिद से निहत्था भिड़ाःराइफल छीनी, भाई से कहा- कुछ हुआ तो परिवार को बताना कि लोगों को बचाते हुए मरा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सिडनी

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में रविवार को बॉन्डी बीच पर जश्न मना रहे लोगों पर दो आतंकियों ने हमला किया। इस दौरान 44 साल के अहमद अल-अहमद ने अपनी जान की परवाह किए बिना लोगों की जान बचाई।

अहमद अंधाधुंध फायरिंग कर रहे आतंकी साजिद अकरम से निहत्थे भिड़ गए। उन्होंने हिम्मत दिखाते हुए पीछे से आतंकी पर झपट्टा मारा और उससे बंदूक छीन ली, जिससे कई लोगों को सुरक्षित निकलने का मौका मिल गया। इस हमले में एक आतंकी समेत 16 लोगों की मौत हुई है। लोग अब अहमद को ऑस्ट्रेलिया का नया हीरोह कह रहे हैं। अहमद जब आतंकी साजिद से मुठभेड़ करने जा रहे थे, तब उनके भाई ने उन्हें रोका था। तब उन्होंने कहा था, 'अगर मुझे कुछ हुआ तो परिवार को बताना कि मैं लोगों की जान बचाते हुए मारा गया।'



अहमद अल अहमद बॉन्डी बीच पर अपने चचेरे भाई जोजाय अलकंज के साथ हनुक्का उत्सव में शामिल होने आए थे। दोनों कॉफी पीने बाहर निकले थे। कुछ ही मिनटों बाद ताबड़तोड़ गोलीबारी की आवाजें सुनाई दी।

अहमद ने देखा कि दो लोग भीड़ पर अंधाधुंध फायरिंग कर रहे हैं। लोग चीखते-चिल्लाते भाग रहे थे। अहमद और जोजाय कारों के पीछे छिप गए। जोजाय डर से कांप रहे थे, अहमद ने उन्हें शांत करते हुए हमलावरों से निपटने की बात कही। जोजाय ने अहमद को रोकने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने अपने भाई की बात नहीं सुनी। वे कारों के पीछे से हमलावरों की गतिविधियों पर नजर रखे हुए थे। अहमद निहत्थे थे, लेकिन अपनी जान की परवाह किए बिना मौका मिलते ही सीधे हमलावर की ओर दौड़ पड़े।

उन्होंने पीछे से झपट्टा मारकर 50 साल के आतंकी साजिद अकरम की राइफल छीन ली और उसे धक्का मारकर दूर गिरा दिया। अहमद ने राइफल आतंकी पर तान दी, जिससे डरकर वो पीछे की ओर भागने लगा। उन्होंने आतंकी से गन छीनकर कई लोगों की जान बचाई।

आतंकी अहमद से डरकर भाग गया। तब उन्होंने राइफल एक पेड़ के पास रख दी। लेकिन तभी दूसरी तरफ से आतंकी के बेटे नवीद अकरम ने उन पर हमला कर दिया। दो गोलियां अहमद के बाएं कंधे में लगीं। वे बेहोश होकर गिर पड़े।

### अहमद की हालत स्थिर, बोले- फिर करना पड़े तो दोबारा करूंगा

अहमद फिलहाल सेंट जॉर्ज अस्पताल में भर्ती हैं। उनकी सर्जरी हो चुकी है और वे ठीक हो रहे हैं। अस्पताल से अहमद की तस्वीर सामने आई है। उन्होंने कहा है कि अगर दोबारा जरूरत पड़ी तो वे फिर ऐसा ही साहसिक कदम उठाएंगे। उनके पिता ने बताया कि अहमद अच्छे मूड में हैं। मैं खुदा का शुक्रिया अदा कर रहा हूं कि मेरे बेटे ने निर्दोष लोगों को हत्यारों से बचाया। जब अहमद की मां को पता चला कि उनके बेटे ने अपनी जान पर खेलकर लोगों की जानें बचाई हैं, तो वे रोने लगीं। अहमद मूलतः सीरिया के हैं। वे गृहयुद्ध के कारण 2006 में सीरिया से भागकर ऑस्ट्रेलिया आए थे। उनकी एक तंबाकू की दुकान है। अहमद पांच और छह साल की दो बेटियों के पिता हैं। अहमद के वकील ने मीडिया को बताया कि 2019 में ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने उन्हें नागरिकता देने से इनकार कर दिया गया था,

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

गोलू- जल्दी से एक गिलास जूस दो, लड़ाई होने वाली है
एक गिलास जूस पीने के बाद
गोलू- एक गिलास और जूस दो, लड़ाई होने वाली है
जूसवाला- लड़ाई कब होगी?
गोलू- जब तुम पैसे मांगोगे....

0000000000

पिता (बेटे से)- मम्मी कहां गई है तेरी?
बेटा- प्राकृतिक रचना छेड़छाड़ केंद्र
पिता- ये कोई सत्संग का नया सेंटर है क्या?
बेटा- अरे पापा ब्यूटी पार्लर....

0000000000

लड़का- चैटिंग किसे कहते हैं?
लड़की- पता नहीं, तुम ही बताओ
लड़का- जो एक दूसरे का थोबड़ा देखे बिना ही एक दूसरे को पकाते हैं, आधुनिक समाज में उसे ही चैटिंग कहते हैं...

0000000000

लड़की अपने बॉयफ्रेंड को अपनी मम्मी से मिलवाने ले गई
गर्लफ्रेंड- मेरी मम्मी को तुम बहुत पसंद आए
बॉयफ्रेंड- चल पगली कुछ भी हो, मैं शादी तो तुमसे ही करूंगा मम्मी से बोलना मुझे भूल जाएं....

0000000000

टीचर- खुशी का कोई ठिकाना ना रहा, का वाक्य प्रयोग कीजिए
मयंक- एक लड़की थी, उसका नाम खुशी था खुशी रात दिन बॉयफ्रेंड से चैट करती थी इस बात से तंग आकर घरवालों ने उसे घर से निकाल दिया

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

## वर्ग पहेली




**बाएं से दाएं**

1. कंठ, गला-3
3. पक्षियों का शोर-4
5. शारीरिक ऊंचाई-2
6. पाचन शक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार, प्रेम (अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा, तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. कदली, एक फल-2
23. उपासना, शीश झुकाना-3
24. घ्राणेन्द्रिय, नासिका-2
25. तहखाना-4
26. दया-3

**ऊपर से नीचे**

1. मर्यादा, सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर, इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश, एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा, रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. नाट्य, कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 100 | | 4 | | 2 | | 30 | = | 20 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 30 | | 2 | | 2 | | 20 | = | 50 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 25 | | 5 | | 2 | = | 60 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 2 | | 20 | | 3 | | 4 | = | 23 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 10 | | 11 | | 15 | | 16 | = | 33 / 22 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मी | रा | कु | मा | र | अ | फ | न | प | रा |
| न | ला | क | प | ई | छे | र्जु | शि | या | इ | म |
| अ | दा | म | ला | र | ग | ब | द | द | प | वि |
| प्र | ग | ल | ब | व | दू | सिं | प | या | लि | ला |
| त | ण | अ | सौं | धी | जा | ह | कि | वि | ला | स |
| आ | इ | व | मो | य | आ | य | त | थि | लू | पा |
| ग | जी | ल | मु | व | प | जा | न | मा | प्र | स |
| र | रि | भा | र | ख | प | स | द | र | सा | वा |
| क | म | ल | ना | थ | र्जी | ज | जी | न | द | न |
| न | ट | व | र | सिं | ह | ग्रा | र | अ | प | श |
| व | शि | वा | जी | पा | टि | ल | ता | प | क | र |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | 30 | 2 | 37 | 6 | 31 | |
| | 1 | 6 | | | 2 | |
| 6 | 37 | 3 | 34 | 1 | 25 | 5 |
| | 7 | | 6 | | 2 | |
| | 33 | 4 | 32 | 4 | 30 | 2 |
| | 3 | | 4 | | 6 | |

# किंग अब्दुल्ला से हुसैनिया पैलेस में मिले पीएम मोदी: पैगंबर मोहम्मद के 41वें वंशज

## पत्नी सबसे खूबसूरत क्वीन में शुमार


**मिडिल ईस्ट में सऊदी अरब और इजराइल के बीच एक छोटा का मुल्क है- जॉर्डन। पीएम नरेंद्र मोदी 15 और 16 दिसंबर को यहीं के दौरे पर हैं। जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला क्कके आलीशान हुसैनिया पैलेस में सोमवार शाम पीएम मोदी का स्वागत हुआ। किंग अब्दुल्ला को पैगंबर मोहम्मद की 41वीं पीढ़ी का वंशज माना जाता है। उनका परिवार 1400 साल से जॉर्डन पर राज कर रहा है। अब्दुल्ला का नाम सबसे अमीर किंग और उनकी पत्नी का सबसे खूबसूरत क्वीन में शुमार होता है।**

तारीख 30 जनवरी 1962 और जगह जॉर्डन की राजधानी अम्मान। किंग हुसैन और उनकी दूसरी पत्नी प्रिंसेस मुना के घर एक बच्चे का जन्म हुआ। किंग हुसैन की ये पहली संतान थी। उन्होंने दादा अब्दुल्ला के नाम पर उस बच्चे का नाम रखा- अब्दुल्ला द्वितीय इब्न अल हुसैन।

कायदे से किंग का सबसे बड़ा बेटा क्राउन प्रिंस बनता है। इसलिए अब्दुल्ला द्वितीय जन्म से ही क्राउन प्रिंस बने। हालांकि जब वे 3 साल के हुए तो मिडिल ईस्ट में राजनीतिक उठापटक शुरू हो गई। ऐसे में किंग हुसैन ने छोटे भाई हसन बिन तलाल को क्राउन प्रिंस बना दिया। दरअसल, क्राउन-प्रिंस राजा की मौत या उनके गद्दी छोड़ने के बाद देश का राजा बनता है।

अब्दुल्ला की शुरुआती पढ़ाई अम्मान के इस्लामिक एजुकेशनल कॉलेज में हुई। इसके बाद उन्होंने इंग्लैंड के सेंट एडमंड्स स्कूल और अमेरिका के डियरफील्ड एकेडमी से स्कूली पढ़ाई पूरी की। अब्दुल्ला की बचपन से ही आर्मी और हथियारों में दिलचस्पी थी। 1980 में उन्होंने इंग्लैंड की ब्रिटिश रॉयल मिलिट्री एकेडमी में ट्रेनिंग ली और ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल की। इसके बाद उन्होंने कुछ समय ब्रिटिश आर्म्ड फोर्सेस में काम किया। फिर जॉर्डन आर्म्ड फोर्सेस जॉइन की। 1993 में स्पेशल फोर्सेस के डिप्टी कमांडर और अगले साल कमांडर बने।

## 32 की उम्र में जॉर्डन के किंग बने अब्दुल्ला द्वितीय




# 9 साल छोटी एक आम लड़की से पहली नजर में प्यार

साल 1992 के आखिरी महीने का किस्सा है। एक शाम अब्दुला एक डिनर पार्टी में गए। वे साथियों के साथ शाम का लुत्फ उठा रहे थे। तभी वहां एक फिलिस्तीनी लड़की ने कदम रखे। नाम था- रानिया अल-यासीन।

पहली ही नजर में 31 साल के अब्दुल्ला के दिल में 23 साल की रानिया बस गई। रानिया को भी उनसे प्यार हो गया। दोनों के बीच गुफ्तगू हुई। फिर दोस्ती और मोहब्बत तक बात पहुंच गई।

पहली मुलाकात के 6 महीने बाद अब्दुला और रानिया ने सगाई कर ली और फिर 10 जून 1993 को अम्मान के जहरान पैलेस में शादी। शादी के वक्त अब्दुला ने अपनी सैन्य वर्दी पहनी हुई थी और कमर पर एक तलवार लगाई हुई थी। वहीं रानिया ने सोने की किनारी वाला छोटी आस्तीन का गाउन पहना था। साथ में सुनहरा बेल्ट, सफेद जैकेट और दस्ताने पहने थे। रानिया किसी शाही परिवार से नहीं थीं। फिर भी अब्दुल्ला का परिवार इस शादी के लिए राजी हो गया।

दरअसल, रानिया का जन्म 31 अगस्त 1970 को वेस्ट बैंक के एक फिलिस्तीनी परिवार में हुआ था। पिता फैजल डॉक्टर थे। बाद में वे काम के सिलसिले में परिवार के साथ कुवैत चले गए, लेकिन 1990 में उन्हें कुवैत से जॉर्डन आना पड़ा।

इस दौरान रानिया काहिरा की अमेरिकन यूनिवर्सिटी से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की पढ़ाई कर रही थीं। पढ़ाई पूरी होने के बाद वे जॉर्डन आईं। पहले एक बैंक में और फिर एपल कंपनी में उन्होंने काम किया। आज रानिया जॉर्डन की महारानी हैं। उनके 4 बच्चे हैं- प्रिंस हुसैन, प्रिंसेस इमान, प्रिंसेस सलमा और प्रिंस हाशेम।

रानिया महिलाओं और बच्चों की पढ़ाई, अधिकार और पोषण के लिए काम करती हैं। इसके लिए प्रोग्राम्स चलाती हैं। सोशल मीडिया और ग्लोबल समिस्ट्स में एक्टिव रहती हैं। अक्सर वे अपने मॉडर्न लुक, डिजाइनर कपड़ों, ज्वेलरी और मेकअप के लिए सुर्खियों में छाई रहती हैं। रानिया दुनिया की सबसे सुंदर और मिलनसार महारानियों में शुमार हैं।



15 दिसंबर की शाम पीएम नरेंद्र मोदी ने जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला द्वितीय से मुलाकात की।

## सौतेले भाई को पहले प्रिंस बनाया, फिर 5 साल बाद हटाया; आज नजरबंद

अब्दुल्ला ने सत्ता संभालते ही सौतेले भाई प्रिंस हमजा को क्राउन प्रिंस बनाया। कहा गया कि ये भाई-भाई का प्यार है। लेकिन बात कुछ और थी। दरअसल, किंग हुसैन ने 4 शादियां की थीं। हमजा उनकी चौथी बेगम नूर अल-हुसैन का बेटा था। नूर चाहती थीं कि हुसैन के बाद हमजा राजा बने और वे खुद राजमाता। किंग हुसैन को भी अपनी 11 संतानों में से हमजा सबसे ज्यादा प्यारा था। वे उसे आंखों का सुकून कहते। इतना चहेता होने के कारण किंग हुसैन ने मरते वक्त अब्दुल्ला से कहा कि राजा बनते ही वे हमजा को क्राउन प्रिंस बनाएं। अब्दुल्ला ने ठीक ऐसा किया, लेकिन 5 साल बाद सबकुछ बदल गया। नवंबर 2008 में अब्दुल्ला ने हमजा को क्राउन प्रिंस के पद से हटा दिया। अब्दुल्ला ने हमजा को एक चिट्ठी भी लिखी, 'इस पद के कारण से तुम कुछ जरूरी जिम्मेदारियां नहीं उठा पा रहे हो। जॉर्डन को तुम्हारी जरूरत है। ऐसे में मैंने तुम्हें क्राउन प्रिंस के पद से हटाने का फैसला किया है। उम्मीद है तुम राजा के प्रति वफादार बने रहोगे।

## आतंकियों को मारने खुद उड़ाया फाइटर जेट!

साल 2015 और तारीख 2 फरवरी। आतंकी संगठन क्रक्र ने 22 मिनट का एक वीडियो जारी किया। इसमें जॉर्डन के पायलट लेफ्टिनेंट मुआथ अल-कसासबह से पहले पूछताछ की गई। फिर उसे पिंजरे में बंद करके जिंदा जला दिया गया।

दरअसल, पिछले साल दिसंबर में 27 साल के मुआथ का ऋ16 फाइटर जेट सीरिया में क्रक्र के खिलाफ एक मिशन में क्रैश हो गया था। इसके बाद क्रक्र ने उन्हें पकड़ लिया।

मुआथ की मौत का वीडियो देखकर जॉर्डन में गुस्सा फूट पड़ा। लोग सड़कों पर उतर आए। बदला लो! के नारे लगने लगे।



## दूसरी बार क्राउन प्रिंस बने, 2 हफ्ते बाद मिली जॉर्डन की गद्दी

किस्सा है जनवरी 1999 का। 63 साल के किंग हुसैन 46 साल से जॉर्डन की गद्दी संभाल रहे थे, लेकिन कैंसर से जूझ रहे थे। एक दिन अचानक से उनकी तबीयत बहुत बिगड़ गई। उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया, लेकिन उनके बचने की उम्मीद दिन-ब-दिन कम हो रही थी।

फिर एक दिन अस्पताल से एक चिट्ठी आई, जिसने पूरे देश में हंगामा मचा दिया। ये चिट्ठी क्राउन प्रिंस तलाल के लिए थी। इसमें लिखा था कि किंग हुसैन छोटे भाई क्राउन प्रिंस हसन बिन तलाल से काफी नाराज हैं। उन्होंने तलाल पर सत्ता के गलत इस्तेमाल का आरोप लगाया। इसके चलते तलाल को क्राउन प्रिंस के पद हटा दिया गया।

कहा गया कि किंग हुसैन को अपने आखिरी दिनों में लगा कि बेटे को ही उत्तराधिकारी बनाना सही रहेगा। ऐसे में उन्होंने सबसे बड़े बेटे अब्दुल्ला द्वितीय को दोबारा क्राउन प्रिंस बनाया। दोबारा इसलिए, क्योंकि अब्दुल्ला जन्म से ही क्राउन प्रिंस थे। लेकिन जब वे 3 साल के हुए तो मिडिल ईस्ट में उठापटक शुरू हो गई। ऐसे में किंग हुसैन ने 1965 में छोटे भाई हसन बिन तलाल को क्राउन प्रिंस बना दिया। अब्दुल्ला के क्राउन प्रिंस बनने के 2 हफ्ते बाद 7 फरवरी 1999 को किंग हुसैन चल बसे। इसी दिन अब्दुल्ला जॉर्डन के नए राजा बने। हालांकि 4 महीने बाद 9 जून 1999 को उनका राज्याभिषेक हुआ।

■ वर्ष-12 अंक-44 मूल्य- 2 रु. | मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल | मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, मंगलवासरः 16 दिसम्बर, 2025

## सुभाषितानि

नानृतात्पातकं किञ्चित् न सत्यात् सुकृतं परम्।
विवेकात् न परो बन्धुः इति वेदविदो विदुः॥

**भावार्थ** : वेदों के जानकार कहते हैं कि अनृत (असत्य) के अलावा और कोई पातक नहीं; सत्य के अलावा अन्य कोई सुकृत नहीं और विवेक के अलावा अन्य कोई भाई नहीं।

**सत्यं ब्रूयात् प्रियं ब्रूयात् न ब्रूयात् सत्यमप्रियम्।**
**नासत्यं च प्रियं ब्रूयात् एष धर्मः सनातनः॥**

**भावार्थ** : सत्य और प्रिय बोलना चाहिए; पर अप्रिय सत्य नहीं बोलना और प्रिय असत्य भी नहीं बोलना यह सनातन धर्म है।

## सम्पादकीयम्

### सकलराष्ट्रीयउत्पादस्य ऋणस्य अनुपातः

2.5 सहस्रं प्रतिमासं स्त्रियाः, अपि च बहु अधिकं। तेजशवी दावान् करोति यत् प्रतिज्ञानां पूर्तये गणनाः कृताः। किं तत्त्वतः एवम्? आँकडा दर्शयति यत् देशस्य जनसंख्यायां बिहारस्य भागः 9% अधिकः अस्ति, परन्तु सकलराष्ट्रीयउत्पादस्य तस्य योगदानं २०२१-२२ तमे वर्षे २.८% यावत् न्यूनीकृतम्। बिहारस्य प्रतिव्यक्ति-आयः देशस्य औसत-आयस्य केवलं ३०% भागः एव अस्ति, बेरोजगारी च अधिका अस्ति। राज्यस्य सकलराष्ट्रीयउत्पादस्य ऋणस्य अनुपातः २०२२-२३ मध्ये ३९.६% आसीत्। कम अर्जन : बिहार के सामना करने वाला बड़ा समस्या आय के स्रोत उत्पन्न करना है। अस्य स्वस्य कर-आयः कुल-आयस्य केवलं २३% भागः एव अस्ति तथा च केन्द्रतः अनुदानस्य भागः २१% भवति । जनसूरजः दावान् करोति यत् मुक्तयोजनानि पूर्णं कर्तुं ३३ सहस्रकोटिरूप्यकाणां कृते 33 सहस्रकोटिरूप्यकाणि अपेक्षितानि भविष्यन्ति। यदि वयं एतत् आकङ्कणं सत्यं स्वीकुर्मः तर्हि तर्हि राज्यस्य कुलबजटतः दैनिककार्यस्य योजनानां च व्ययस्य कटौतीं कृत्वा प्रायः ४० कोटिरूप्यकाणि अवशिष्टानि सन्ति। किं एतेन फ्रीबीजस्य प्रतिज्ञा पूर्णा भविष्यति? उत्तराणि आवश्यकानिः एनडीए तथा ग्राण्ड एलायन्स इत्येतौ द्वौ अपि परस्परस्य घोषणानाम् उपरि प्रश्नान् उत्थापयति। तथापि वस्तुतः उभयम् अपि वक्तव्यं यत ते एताः प्रतिज्ञाः कथं पूरयिष्यन्ति इति।

## मेस्सी इत्यस्य दर्शनार्थं जनसमूहः समागतः

# अराजकता उत्सवं विकृतवती



ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता

विश्वस्य महान् फुटबॉलक्रीडकानां मध्ये एकस्य लियोनेल् मेस्सी इत्यस्य विषये प्रशंसकानां या आशा आसीत्, सा कोलकाता-नगरस्य साल्ट-लेक-क्रीडाङ्गणे निराशायां परिणता। भारतस्य त्रिदिवसीययात्रायां स्थितस्य अर्जेन्टिनादेशस्य आख्यायिकायाः प्रथमदर्शनार्थं सहस्राणि जनाः समागताः आसन्। प्रशंसकाः टिकटं हस्ते, नेत्रेषु स्वप्नानि, हृदये च उत्साहं च गृहीत्वा घण्टाभिः प्रतीक्षन्ते स्म, परन्तु यदा आयोजनस्य समाप्तेः अनन्तरम् अपि मेस्सी इत्यस्य एकं दर्शनं अपि न गृहीतुं शक्तवन्तः तदा निराशा क्रोधरूपेण परिणता फुटबॉलप्रेमिणां कृते यत् स्मरणीयं आयोजनं भवितुम् अर्हति स्म तत् अराजकतायाः, अपूर्णापेक्षाणां च कारणेन विवादे मग्नम् अभवत्।

साल्टलेक-क्रीडाङ्गणस्य अन्तः बहिश्च दृश्यं प्रातःकालादेव विविधम् आसीत्। दूरतः दूरतः जनाः मेस्सी इत्यस्य नाम्ना क्रीतानि महत् टिकटानि वहन्तः आगताः आसन्। पश्चिमबङ्गस्य विभिन्नेभ्यः मण्डलेभ्यः, तथैव दार्जिलिंग, सिलिगुरी, समीपस्थेभ्यः राज्येभ्यः अपि प्रशंसकाः आगतवन्तः। अनेके जनाः एकदिनम् अस्य योजनां मासान् पूर्वं कृतवन्तः इति अवदन्। केचन अवकाशं गृहीतवन्तः, अन्ये दीर्घदूरं गच्छन्ति स्म, अन्ये च केवलं स्वस्य प्रियं क्रीडकं व्यक्तिगतरूपेण द्रष्टुं स्वस्य सञ्चितधनेन टिकटक्रयणार्थं उपयुज्यन्ते स्म।

आयोजनस्य आरम्भात् पूर्वमेव क्रीडाङ्गणे महती जनसमूहः समागतः आसीत्। आयोजकाः निरन्तरं भव्यप्रतिज्ञां कुर्वन्ति स्म। मेस्सी न केवलं क्षेत्रे दृश्यते अपितु केचन फुटबॉल-चरणं प्रदर्शयिष्यति इति प्रशंसकाः अपेक्षितुं प्रेरिताः आसन्। सामाजिकमाध्यमेषु प्रचार-अभियानेषु च शाहरुखखान-सदृशस्य प्रमुखस्य तारकस्य सहभागितायाः अफवाः अपि उद्भूताः। परन्तु यथा यथा कालः गच्छति स्म तथा तथा स्पष्टं जातं यत् स्थलसज्जता ताभिः प्रतिज्ञाभिः सह न सङ्गच्छते।

यदा मेस्सी क्रीडाङ्गणं प्राप्तवान् तदा सः अतीव सीमितकालं यावत् दृष्टः। प्रत्यक्षदर्शिनां मते सः मञ्चे अथवा राजनेतृभिः, मन्त्रिभिः, विशेषातिथिभिः च परिवेष्टितस्य क्षेत्रस्य खण्डे कतिपयानि निमेषाणि एव दृष्टः सामान्यदर्शकानां कृते सम्यक दृश्यं नासीत्, न च मेस्सी इत्यस्य स्थलं स्पष्टीकर्तुं पटलानां घोषणानां वा उपयोगः न कृतः। फलतः क्रीडाङ्गणे सहस्राणि जनाः आसनात् उत्थाय परितः पश्यन्तः, परन्तु तेषां कृते आगतं क्षणं न प्राप्तम् यथा यथा आयोजनं समाप्तं भवति स्म तथा तथा निराशा गभीरा जाता, मेस्सी च क्षेत्रे निश्चलः अभवत्। न किक्स्, न पेनाल्टी, न च व्यजनैः सह प्रत्यक्षः अन्तरक्रिया। अस्मिन् काले जनसमूहः चञ्चलः अभवत्। केचन नारां वक्तुं आरब्धवन्तः, केचन तु मुक्ततया स्वस्य अप्रसन्नतां प्रकटितवन्तः। वायुमण्डलं शीघ्रमेव तनावपूर्णं जातम्, केषुचित् स्थानेषु अराजकता अपि प्रवृत्ता। केचन क्रुद्धाः प्रशंसकाः क्रीडाङ्गणस्य पारं कुर्सीः, जलपुटं च क्षिप्तवन्तः।

## एतत् प्रकाशनं तत्क्षणमेव

# व्याख्यायते यत् केषुचित् क्षेत्रेषु जनाः स्मार्टमीर्ट-स्थापनस्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

मन्दं धावन्ति इति ते व्याख्यातवन्तः। मन्दमीर्ट-सञ्चालनस्य अर्थः आसीत् यत् मीट उपभोक्तृभिः प्रयुक्तस्य विद्युत्-मात्रायाः वास्तविकं परिमाणं न अभिलेखयति स्म, येन व्यापकरूपेण विद्युत्-चोरी अभवत्। एतत् प्रकाशनं तत्क्षणमेव व्याख्यायते यत् केषुचित् क्षेत्रेषु जनाः स्मार्टमीर्ट-स्थापनस्य विरोधं किमर्थं कुर्वन्ति स्म, यतः एतेन एतादृशं छेदनं, चोरी च कठिनं भविष्यति

एषा घटना एतदपि ज्ञायते यत् जबलपुरे केचन क्षेत्राणि सन्ति यत्र संगठितविद्युत्चोरी भवति। अत एव स्थानीयनेतारः अपि अस्य स्मार्टमीट-अभियानस्य विरोधस्य वातावरणं सृजन्ति। मध्यप्रदेशसभायां अपि एषः विषयः उष्णः अभवत्, यत्र स्मार्टमीट-सम्बद्धाः ३३,००० तः अधिकाः शिकायतां दाखिलाः इति सूचना प्राप्ता। परन्तु विद्युत्विभागस्य प्रशासनस्य च मतं यत् एताः शिकायतां प्रायः तेषां जनानां कृते भवन्ति ये वर्षाणां यावत् चोरीद्वारा वा छेदनेन वा न्यूनानि बिलानि दास्यन्ति, अधुना स्मार्टमीर्ट-स्थापनानन्तरं इदानीं तेषां वास्तविक-उपभोगस्य बिलानि भवन्ति।

जबलपुरे पुलिससंरक्षणे मीटरप्रतिस्थापनस्य एषा घटना विद्युत्चोरीं राजस्वहानिश्च निवारयितुं स्थानीयप्रशासनस्य दृढनिश्चयं प्रदर्शयति। परन्तु एषा घटना समाजस्य एकः खण्डः अपि उजागरयति यः निःशुल्कविद्युत् प्राप्तुं वा न्यूनं वा दातुं नियमानाम् परिहारं कर्तुं प्रयतते। अस्य छेड़छाड़स्य आविष्कारस्य अनन्तरं प्रशासनं अपराधिनां विरुद्धं का कार्यवाही करोति, तथा च स्मार्टमीर्ट-इत्यस्य व्यापकस्थापनेन जबलपुरे विद्युत्चोरीयां अपेक्षितं न्यूनीकरणं भविष्यति वा इति द्रष्टव्यम् अस्ति।

## पूर्ववनमन्त्रिणः भ्रातृद्वयं मध्यप्रदेशस्य शेओपुरे मार्गदुर्घटने सम्मिलितौ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शेओपुर

मध्यप्रदेशस्य शेओपुरमण्डले करहल-सिलपुरी-मार्गे ९ दिसम्ब-मासस्य मंगलवासरे एकः युवकः मृतः अपरः च घातितः अभवत्। करहलपुलिसस्थानक्षेत्रे करहल-सिलपुरी-मार्गे जखाडातः आगच्छन्तं द्रुतगतिना वाहनस्य नियन्त्रणं त्यक्त्वा मार्गपार्श्वे वृक्षेण सह टकरावः अभवत् दुर्घटने कारस्य अग्रभागः सर्वथा भग्नः अभवत्। द्वे युवकौ भ्रातरौ, पूर्ववनमन्त्री रामनिवास रावतस्य भ्रातृजौ आस्ताम्। टकरावस्य अनन्तरं स्थानीयजनाः तत्क्षणमेव शिओपुर-डायल-११२, करहल-पुलिस-स्थानकं च सूचितवन्तः। पुलिस घटनास्थले आगत्य घातितान् शिओपुरजिल्लाचिकित्सालये प्रेषितवती, तत्र वैद्याः एकस्य युवकस्य मृतः इति घोषितवन्तः। मृतः मदेबानगरस्य निवासी देवेन्द्र रावत इति ज्ञातः, घातितः रामरूप रावत इति च ज्ञाता अस्ति।

## राशिफल

**मेष** : किसी पुराने पेंडिंग काम में प्रगति मिलेगी, जिसे लेकर आप काफी समय से परेशान थे।

**वृषभ** : दोपहर तक चीजें ठीक हो जाएंगी। आप किसी ऐसे व्यक्ति से बात कर सकते हैं, जिससे आपको मानसिक राहत मिलेगी।

**मिथुन** : आपकी उपस्थिति से माहौल भी हल्का-फुल्का रहेगा। नए काम या नए प्रोजेक्ट का आइडिया दिमाग में आएगा।

**कर्क** : परिवार का साथ मिलेगा और किसी पुराने दोस्त से अचानक बातचीत हो सकती है, जिससे मन खुश हो जाएगा।

**सिंह** : किसी काम में लीड लेने का मौका मिलेगा। नई जिम्मेदारी या अवसर की झलक भी मिल सकती है।

**कन्या** : परिवार में सकारात्मक माहौल रहेगा। किसी बड़े प्लान पर सोचने या शुरूआत करने का भी अच्छा समय है।

**तुला** : छोटी-छोटी चीजें भी आज आपके फेवर में होंगी। थकान, सिरदर्द या हल्का दर्द महसूस हो सकता है।

**वृश्चिक** : आज दिमाग बहुत क्लियर चलेगा। रिश्तों में हल्की गलतफहमी हो सकती है, लेकिन बात करके सब ठीक हो जाएगा।

**धनु** : आप आसानी से संभाल लेंगे। पैसों को लेकर कोई फैसला आज हो सकता है, जिसे सोच-समझकर ही लें।

**मकर** : भावनाओं में बहकर कोई गलत निर्णय न लें। क्लियर और ईमानदार बात करने से रिश्तों में गलतफहमी दूर होगी।

**कुंभ** : उनसे फायदा भी मिलेगा। काम की रफ्तार बढ़ेगी और किसी खास काम से जुड़ी अच्छी खबर मिल सकती है।

**मीन** : सामने वाला आपकी भावनाएं समझेगा। कोई छोटी सफलता या अच्छी खबर मिल सकती है।

## ज्योतिष/वास्तु

# नववर्ष में मेष समेत इन 2 राशि वालों पर रहेगी शनि की साढ़ेसाती, 2027 तक रहें सावधान

साल 2026 में शनि मीन राशि में रहने वाले हैं। इस दौरान साढ़ेसाती वालों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। साथ ही करियर-सेहत में परेशानियां आएंगी।

कुछ दिनो में साल 2026 का प्रारंभ होने वाला है। इस वर्ष में लगभग सभी ग्रह अपनी चाल में परिवर्तन करेंगे, जिसका प्रभाव 12 राशियों पर व्यापक रूप से देखने को मिलेगा। हालांकि, शनि मीन में रहते हुए ही अपनी कृपा बरसाएंगे। परंतु शनि की साढ़ेसाती वालों के लिए 2026 कष्टकारी हो सकता है। इन जातकों को कार्यों में संघर्ष, मानसिक दबाव, आर्थिक उतार-चढ़ाव और संबंधों में धैर्य की परीक्षा का सामना करना पड़ सकता है। यही नहीं इन जातकों को 2027 तक धैर्य और संयम की आवश्यकता रहेगी। आइए इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।



**मेष राशि-** मेष राशि वालों के लिए समय कष्टकारी रहने वाला है। दरअसल, मेष राशि वालों पर शनि की साढ़ेसाती का पहला चरण है। इसलिए इन राशि वालों को कार्यों में सावधानी बरतने की आवश्यकता रहेगी। आप किसी भी विवाद में न उलझें अन्यथा तनाव का स्तर बढ़ सकता है। व्यवसाय से जुड़े लोगों को कोई बड़ी समस्या से जूझना पड़ सकता है। रोजगार, कामकाज, परिवार व सभी क्षेत्रों में उतार चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता है। आप 11 शनिवार शनि मंदिर में जाकर काली चीजों का दान करें। इस उपाय से साढ़ेसाती का अशुभ प्रभाव कम हो सकता है।

**कुंभ राशि-** ज्योतिषियों के मुताबिक, कुंभ राशि वालों पर शनि की साढ़ेसाती का तीसरा चरण है। इन जातकों को नौकरी में समस्याएं आ सकती हैं। प्रयास का फल मनचाहा न मिल पाने के कारण स्वभाव में चिड़चिड़ापन बना रहेगा। नौकरीपेशा लोगों की जिम्मेदारियों में अचानक से बड़ा बदलाव हो सकता है। अचानक से कुछ एक बड़े खर्च आ सकते हैं। आपकी आर्थिक स्थिति डगमगा सकती है। इस समय अपनी वाणी और व्यवहार पर नियंत्रण रखें। शनिवार का व्रत रखना आपके लिए फलदायक हो सकता है। साथ ही शनि महाराज प्रसन्न होकर अपनी कृपा बरसा सकते हैं।

**मीन राशि-** मीन राशि वालों पर शनि की साढ़ेसाती का दूसरा चरण है। इन लोगों को रिश्तों के प्रति धैर्यवान रहने का आवश्यकता अधिक रहेगी। स्वयं को परेशान महसूस आप इस समय कर सकते हैं। लोगों के साथ विनम्रता से पेश आएं। हालांकि, इस समय कुछ एक बड़े खर्च आ सकते हैं, जिसके कारण आपका बना बनाया बजट गड़बड़ा सकता है। मीन राशि वालों को शेयर मार्केट में धन लगाने से बचना होगा। कारोबार अपने काम को समय पर सही तरीके से पूरा करने का प्रयास करें अन्यथा कोई नुकसान होने का आशंका है। आप शनिवार को सरसों का तेल शनिदेव को चढ़ाएं। इससे साढ़ेसाती का प्रभाव कम हो सकता है।

## खबर एक नजर...

### गिरफ्त में अधेड़ के साथ मारपीट करने वाला बदमाश

**उज्जैन।** इंदौरगेट उदासी का अड्डा में रविवार रात मुकेश पिता जगदीश परमार 50 साल के साथ बदमाश अर्जुन पिता शंकरसिंह ने मारपीट करते हुए सिर फोड़ दिया था। घायल मुकेश को घायल हालत में भाई अनिल ने चरक अस्पताल में भर्ती किया था। देवासगेट पुलिस ने घायल के बयान दर्ज किये थे। जिसमें सामने आया कि बदमाश गाली-गलौच कर रहा था। जिसे मना किया तो उसने हमला किया है। पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर बदमाश की तलाश शुरू की। सोमवार सुबह बदमाश अर्जुन को गिरफ्तार किया। देवासगेट थाना प्रभारी अनिला पाराशर ने बताया कि बदमाश आदतन अपराधी है। जिसके खिलाफ पूर्व में मारपीट 11 गंभी मामले दर्ज है। दोपहर में बदमाश को कोर्ट पेश किया गया। जहां से जेल भेजा गया है ।आरोपी आदतन अपराधी होकर आए-दिन आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहता है, जिससे क्षेत्र की शांति एवं कानून-व्यवस्था प्रभावित होती रही है।

### भांग खाने के बाद शिवपुरी के 4 युवकों की बिगड़ी हालत



**उज्जैन।** शिवपुरी से 8 युवक रविवार को महाकाल दर्शन आये थे। सोमवार सुबह सभी ने मंदिर पहुंचकर दर्शन किये। इस दौरान 4 युवक नरेन्द्र, देवेन्द्र, अरविंद और सत्यम घूमने निकल गये। मंदिर क्षेत्र में भांग की दुकान दिखाई दी तो महाकाल का प्रसाद समझकर सेवन कर लिया। कुछ देर बाद चारों की हालत बिगड़ने लगी और बेसुध हो गये। उनके साथियों को जानकारी मिली तो उन्हे लोगों की मदद से चरक अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने भांग का नशा कम करने के लिये उपचार किया। शाम को चारों की हालत में सुधार होने पर अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

### पुराने विवाद में समझौता नहीं करने पर ग्रामीण से मारपीट

**उज्जैन।** महिदपुररोड़ थाना क्षेत्र के शिकार खेड़ी में रहने वाले करण पिता बिहारीलाल कछावा के साथ रविवार रात पड़ोस में रहने वाले दशरथ, विनोद, रंजीत बुरी तरह मारपीट की। करण के घायल होने पर उसे उपचार के लिये उज्जैन लाया गया। घायल ने बताया कि 6 माह पहले उसकी भांजी रीना डिलेवरी के लिये आई थी। उस दौरान पड़ोसियों से विवाद हुआ था। मामले की शिकायत दर्ज कराई गई थी। उसी पुराने विवाद में पड़ोसी समझौते का दबाव बना रहे थे। मना करने पर मारपीट की गई है। महिदपुररोड पुलिस के अनुसार घायल को परिजन उपचार के लिये उज्जैन लेकर गये है। अस्पताल पहुंचकर बयान लिये जायेगें और मारपीट करने वालों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया जायेगा।

### दिवार बनाने की बात पर 2 भाईयों के परिवार में विवाद

**उज्जैन।** नई सड़क पर रहने वाले अजय पिता मोतीलाल रशमी 52 साल और उसके भाई संजय रामी 59 साल के बीच दिवार बनाने की बात पर विवाद हो गया। कहासुनी काफी बढ़ गई, दोनों भाईयों का परिवार भी आमने-सामने हो गया और मारपीट कर धक्का-मुक्की गई। मामला कोतवाली थाने पहुंचने पर पुलिस ने दोनों भाईयों की शिकायत पर धारा 296, 115 (2) 3 (5) बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर जांच मे लिया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 349-6 | 248-4 |
| मेन बाजार | 368-7 | 458-7 |
| मिलन डे | 380-1 | 570-2 |
| मिलन नाइट | 255-2 | 244-0 |

1 6 7

## बुरी नियत से पकड़ने पर मासूम छात्रा ने शोर मचाया तो पड़ोसी ने सिर कुचल दिया

# मासूम छात्रा को अस्पताल ले जाने वाला निकला कातिल

## बोरी में बंदकर मोगरी से कुचला था सिर, छत से गिरने की रची थी साजिश



ब्रह्मास्त्र ▶▶ उज्जैन

बुरी नियत से पकड़ने पर मासूम छात्रा ने शोर मचाया तो पड़ोसी ने निर्ममता पूर्वक सिर कुचल दिया और छात्रा के परिजनों को छत से गिरने की घटना बताकर खुद ही अस्पताल तक लेकर पहुंचा। लेकिन पुलिस जांच में छात्रा का कातिल अस्पताल लेकर जाने वाला पड़ोसी ही सामने आया। गिरफ्त में आने के बाद उसने अपना गुनाह स्वीकार कर लिया है।

खाचरौद के जूना शहर काजी गली से कक्षा दूसरी में अध्ययन करने वाली 9 वर्षीय बालिका को 13 दिसंबर की शाम पड़ोस में रहने वाला रियाज पिता शब्बीर खां अस्पताल लेकर पहुंचा था। उसने छात्रा के परिजनों को छत से गिरने की घटना बताई थी। अस्पताल में मासूम छात्रा की हालत देख डॉक्टरों ने रतलाम रैफर कर दिया था। मामले की जानकारी लगते ही थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया ने अपनी टीम रतलाम रवाना की। जहां डॉक्टरी परीक्षण के दौरान पता चला कि छात्रा के सिर पर चोंट के निशान गिरने से नहीं आये है। उसे किसी भारी वस्तु से पीटा गया। छात्रा को घसीटा भी गया है,जिससे चेहरे पर रगड लगी है। डॉक्टरों ने हालत गंभीर बताई, मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर पुलिस अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। रियाज खां ने जिस स्थान पर गिरने से घायल होना बताया, वहां पहुंचकर पड़ताल शुरू की गई। उक्त स्थान पर खून दिखाई नहीं दिया। खोजी डॉग को लाया गया, कुछ दूरी पर खून दिखाई दिया। इस दौरान संदेह के आधार पर रियाज को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की गई, वह पुलिस को गुमराह करने का प्रयास करने लगा। इस बीच रविवार-सोमवार रात मासूम छात्रा की मौत हो गई। पुलिस ने मामले की जांच तेज करते हुए रियाज से सख्त पूछताछ शुरू की तो टूटा गया। उसने कबूल किया कि शनिवार को परिवार शादी में गया था, घर पर कोई नहीं था, शाम को घर लौटा तो उसने बालिका को देखा और बुरी नियत से उसने कमरे तक ले जाने का प्रयास किया, बालिका ने शोर मचाया तो पकड़े जाने के डर से उसके सिर पर प्लास्टिक की बोरी डाल दी और मोगरी से सिर कुचल दिया। वह कुछ देर के लिये घर से चला गया और वापस लौटा बालिका की सांस चल रही थी, खुद को बचाने के लिये उसने छत से गिरने की साजिश रचकर शोर मचाया और परिजनों को एकत्रित कर अस्पताल लेकर पहुंचा। मामले का खुलासा होते ही पुलिस ने रियाज को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज लिया। थाना प्रभारी नलवाया के अनुसार पूरे मामले की पड़ताल में अनुविभागीय अधिकारी आकांक्षा बेछोटे, एसआई ईश्वर जोशी, आरसी दलोदिया, अमित डागर, प्रधान आरक्षक मुकेश राठौर, सोमसिंह यशपालसिंह महेन्द्र राठौर, उम्मेदराम आरक्षक रवि बैरागी, महिला आरक्षक संगीता का सहयोग रहा। जिसके चलते 36 घंटे में मामले का पदार्फाश किया गया है।

### खून लगी बोरी जलाई पुलिस को मिला क्लिप

आरोपी को हिरासत में लेने के बाद पुलिस ने उससे खून लगी प्लास्टिक की बोरी बरामद करने के प्रयास किये, उसने बताया कि बोरी को जला दिया है। पुलिस उक्त स्थान पर पहुंची, जहां जली हुई बोरी मिली, लेकिन उसमें खून भरा होने पर बोरी का कुछ हिस्सा जल नहीं पाया था, बोरी बरामद करने पर उसमें बालिका के सिर में लगा क्लिप भी मिला है। पुलिस ने जिस मोगरी से सिर कुचला था उसे भी जप्त कर लिया है।

### 2 बच्चों का पिता है आरोपी

थाना प्रभारी के अनुसार मासूम की हत्या करने वाला आरोपी 2 बच्चों का पिता है। घटना के समय उसकी पत्नी दोनों बच्चों को लेकर मायके गई हुई थी। मासूम अपने ननिहाल आई हुई थी। जो नाम मृतक मासूम का था, वहीं नाम आरोपी के भाई की बेटी का भी है। मासूम और आरोपी के भाई की बेटी साथ खेलते थे।

### परिजनों ने सड़क पर रखा जनाजा

रात में हुई मासूम की मौत के बाद उसका शव सोमवार सुबह खाचरौद लाया गया था। परिवार के साथ पूरा क्षेत्र मासूम के जनाजे में शामिल हुआ। सुपुर्दे खाक से पहले लोगों ने मासूम का जनाजा सड़क पर रख दिया, उस दौरान तक पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी का खुलासा नहीं किया था। परिजनों का कहना था कि आरोपी खुले घूम रहे है। न्याय मिलना चाहिये, मकान भी तोड़ा जाना चाहिये। अनुविभागीय अधिकारी और थाना प्रभारी ने मौके पर पहुंच परिजनों को जल्द गिरफ्तारी का अश्वासन दिया और जनाजा उठवाया।

# मासूम से दुष्कर्म करने वाले कैदी की हुई मौत

### 14 साल 10 माह की शेष थी सजा, 2021 में हुई हुआ था फैसला

ब्रह्मास्त्र ▶▶ उज्जैन

मासूम के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 20 साल की सजा सुनाई गई थी। केंद्रीय जेल में बंद आरोपी की तबीयत बिगड़ने के बाद चरक अस्पताल लाया गया जहां उसकी मौत हो गई। सोमवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है।

केंद्रीय जेल भेरूगढ़ अधीक्षक मनोज साहू ने बताया कि 31 जुलाई 2021 को महिदपुर उपजेल से दुष्कर्म के आरोपी मुन्नालाल पिता नगुलाल निवासी ग्राम घोसला को केंद्रीय जेल में शिफ्ट किया गया था। न्यायालय ने उसे 20 साल की सजा सुनाई थी। आरोपी ने 12 साल की बच्ची के साथ दरिंदगी की थी। सजा के बाद आरोपी को लकवा हो गया था जिसका जेल में ही उपचार चल रहा था। रविवार को आरोपी कैदी की तबीयत अधिक बिगड़ने पर उसे जिला चरक अस्पताल भेजा गया था। जहां



जेल वार्ड में भर्ती कर उपचार शुरू किया गया लेकिन कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। जेल कैदी की मौत होने पर मामले की सूचना भेरूगढ़ थाना पुलिस को दी गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर सोमवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया है। जेल कैदी की मौत होने की सूचना परिजनों को दी गई थी। जेल अधीक्षक के अनुसार आरोपी कैदी 5 साल 1 माह 27 दिन की सजा काट चुका था। सजा पूरी होने में 14 साल 10 माह का समय शेष था। कैदी पर न्यायालय ने 12 हजार 500 रुपये का अर्थदंड भी किया था, जिसे नहीं भरने पर कैदी को ३ साल २ माह की सजा अतिरिक्त काटना थी, लेकिन सजा पूरी होने से पहले ही कैदी की मौत हो गई है। भेरूगढ़ थाना एएसआई रामचंद्र व्यास ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत की सही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

## वित्तिय धोखाधड़ी में करता था फर्जी सिम का उपयोग

# 3 माह बाद गिरफ्त में आया इनामी आरोपी

ब्रह्मास्त्र ▶▶ उज्जैन

ऑनलाइन धोखाधड़ी और डिजिटल अरेस्ट मामलों में फर्जी सिम कार्ड का उपयोग कर वाला फरार इनामी आरोपी सोमवार को पुलिस की गिरफ्त में आ गया। जिसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा है।

कुछ माह पहले पुलिस मुख्यालय से मिले आदेश के बाद पुलिस ने ऑपरेशन फॉस्ट की शुरूआत की गई थी। जिसमें फर्जी सिम बेचने वालों की धरपकड़ शुरू की गई थी। फर्जी सिम का उपयोग वित्तिय धोखाधड़ी और डिजिटल अरेस्ट में होना सामने आ रहा था। महाकाल और माधवनगर थाना पुलिस ने सितंबर में चार युवको को पकड़ा था, जो सिम कार्ड बेचने का काम करते थे। उनके द्वारा सिम एक्टिवेट के लिये आने वाले लोगों से बायोमेट्रिक मशीन पर 2 बार अंगूठा लगाकर उनके नाम से फर्जी सिम एक्टिवेट कर ली जाती थी। चारों से कई सिम कार्ड बरामद किये गये थे। महाकाल थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर इमरान नागौरी से सख्त पूछताछ की थी। उसने फर्जी तरीके से एक्टिवेट की गई सिम उबेद पिता अफशीन कुरैशी निवासी राणाप्रताप मार्ग काजीपुरा बदनावर जिला धार को देना बताया था। पुलिस ने उबेद



को आरोपी बनाकर तलाश शुरू की थी। उबेद के लगातार फरार चलने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा गिरफ्तारी पर 10 हजार का इनाम घोषित किया था। 3 माह बाद सोमवार को सूचना मिली कि फरार आरोपी क्षीरसागर ग्राउंड के पास आया है। थाना प्रभारी गगन बादल ने एसआई जितेन्द्र झाला, एएसआई चंद्रभानसिंह चौहान और प्रधान आरक्षक मनीष यादव को गिरफ्तारी के लिये रवाना किया। कुछ देर की तलाश के बाद फरार इनामी आरोपी उबेद कुरैशी गिरफ्त में आ गया। जिसे थाने लाकर पूर्व से दर्ज प्रकरण में दोपहर बाद कोर्ट पेश किया गया। जहां से जेल भेजा गया है।

### ट्रेडिंग ऑफिस संचालित करता था उबेद

एसआई जितेन्द्र झाला ने बताया कि आरोपी उबेद शेयर मार्केट में ट्रेडिंग का काम करता था। उसने पूर्व में मक्सीरोड पर पार्टनरी में ऑफिस खोल रखा था। फर्जी सिम कार्ड मामले में धरपकड़ शुरू होने पर मक्सीरोड का ऑफिस बंद कर दिया था। कुछ समय से वह क्षीरसागर क्षेत्र में ट्रेडिंग ऑफिस संचालित करने लगा था। उक्त फर्जी सिम का उपयोग ट्रेडिंग में किया जाता था। फिलहाल आरोपी को जेल भेज मामले की विवेचना की जा रही है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com